2 फरीदाबाद
नगर निगम की लापरवाही से मजबूरी बने टैंकर दे रहे दुर्घटनाओं को न्योता

6 अभिमत
भ्रष्टाचार की जकड़ में अर्थव्यवस्था

9 देश/विदेश
जम्मू में 1.92 करोड़ में घर बेचने के नाम पर ठगी, मामला दर्ज

11 स्पोर्ट्स
टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण के 50 साल पूरे होने पर गावस्कर का सम्मान

RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 4 अंक 32
फरीदाबाद, रविवार, 07 मार्च, 2021
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए   YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



शहर का पहला हवाई जहाज अंगदान के लिए देगा निःशुल्क सेवाएं

पेज- 12

TARUN JEWELLERS
TODAY BIS HALLMARK
92% Gold Rate ₹ 42,700/-
76% Gold Rate ₹ 35,290/-
BIRTHSTONES AVAILABLE
Making Charges 8% 100% BUY BACK + EXCHANGE
Shop No. 25, Sec-7, Huda Mkt, FBD
9990032798, 9990032657

**मौसम** फरीदाबाद
अधिकतम 32.08°C
न्यूनतम 16.07°C

ANIL GENERATOR
SILENT GENERATOR
on Hire 62 KVA to 1250 KVA
Sale-Purchase of Old Generator
Surendra Kapoor, Prop.
Add.: 20/6, Mathura Road, Nuchem compound Faridabad
Ph. 0129-4873365,
Mob.: 9811056365, 9311056365
Email : anil.kapoor74@yahoo.com
surendra.kapoor@gmail.com

## कोर्ट में स्थानीय भाषा का प्रयोग हो

## फैसले की प्रति उसी में उपलब्ध कराएं : राष्ट्रपति

एजेंसी। जबलपुर

**राष्ट्रपति** रामनाथ कोविंद ने उच्च न्यायालयों और जिला न्यायालयों को अपने फैसले को स्थानीय भाषा में उपलब्ध कराने की सलाह दी है। राष्ट्रपति कोविंद शनिवार सुबह जबलपुर में दो दिवसीय राज्य न्यायिक अकादमी के डॉयरेक्टर्स रिट्रीट के उद्घाटन अवसर पर बोल रहे थे। कार्यक्रम में राष्ट्रपति ने कहा कि भाषाई सीमाओं के चलते वादी-प्रतिवादियों को न्यायिक निर्णय समझने में कठिनाई होती है। नौ भारतीय भाषा में निर्णय का अनुवाद होने लगा है।

मैं चाहता हूं कि सभी उच्च न्यायालय अपने-अपने प्रदेश की लोकल भाषा में प्रमाणिक अनुवाद कराएं। उच्च न्यायालय और जिला अदालतों के कार्यों में भी स्थानीय भाषा का प्रयोग हो। कार्यक्रम में प्रधान न्यायाधीश शरद अरविंद बोबड़े, राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, कर्नाटक, मेघायल, जम्मू-कश्मीर, पंजाब आदि हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस शामिल हुए। राष्ट्रपति ने कहा कि देश के आम लोगों का भरोसा न्यायपालिका में है। न्याय के आसन पर बैठने वाले व्यक्ति को समय के साथ परिवर्तन और समावेशी भावना होनी चाहिए। न्याय करने वाले व्यक्ति का निजी आचरण भी उच्च होना चाहिए। न्याय व्यवस्था का उद्देश्य न्याय की रक्षा का होता है। न्याय में विलंब नहीं होना चाहिए। रणनीति के रूप में स्थगन का सहारा लेकर मुकदमों को लंबा खींचा जाता है। ऐसी खामियों को दूर करने की पहल होनी चाहिए। न्याय प्रशासन के इस सभी पहलू पर विचार विमर्श होगा। निष्कर्षों की एक प्रति राष्ट्रपति भवन को उपलब्ध कराई जाए तो मुझे अति प्रसन्नता होगी।



### मैंने भी कराया कोरोना टेस्ट: बोबड़े

सीजेआई शरद अरविंद बोबड़े ने कहा, मैंने भी शुक्रवार को कोरोना टेस्ट कराया है। मास्क उतार रहा हूं। आज का कार्यक्रम कई मायनों में महत्वपूर्ण है। नई प्रक्रिया का प्रारंभ है। संवाद नए आयाम को स्थापित करता है। न्याय एक अनोखी प्रक्रिया है। आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक व्यवस्था जरूरी है। पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम को भी जज के कार्य को लेकर जिज्ञासा थी। पूर्व राष्ट्रपति कलाम एक बार हैदराबाद हाईकोर्ट पहुंचे, वहां रोचक अनुरोध किया। वे बोले कि मैं न्यायाधीश की कुर्सी पर बैठना चाहता हूं। बार में खड़े होकर वकील की तरह बहस करना चाहता हूं। सीजीआई ने आगे कहा कि एक न्यायधीश बनने के लिए क्या आवश्यक है। क्या केवल विधि का ज्ञाता ही अच्छा जस्टिस बन सकता है। मुझे बताया गया है कि कुछ प्रदेशों में चयनित न्यायाधीशों को पहले अकादमी बुलाया जाता है। कई न्यायालयों में कोर्ट में जाने के बाद प्रशिक्षण दिया जाता है।

## विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचा भारत



**अहमदाबाद।** रविचंद्रन अश्विन और अक्षर पटेल के बुने फिरकी के जाल में एक बार फिर इंग्लैंड के बल्लेबाजों को फांसकर भारत ने चौथा और आखिरी टेस्ट तीसरे ही दिन एक पारी और 25 रन से अपने नाम करके श्रृंखला 3-1 से जीत ली और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में जगह बना ली। जून में लॉडर्स पर होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में भारत का सामना न्यूजीलैंड से होगा।

● विस्तृत खबर पेज-11

## देश में कोरोना वायरस संक्रमण पर काबू पाने के लिए

# पंजाब-महाराष्ट्र में स्पेशल टीम भेजी, जालंधर में नाइट कर्फ्यू

एजेंसी। नई दिल्ली

**कोरोना** के बढ़ते मामलों को देखते हुए केंद्र सरकार ने महाराष्ट्र और पंजाब में स्पेशल टीम भेजने का फैसला लिया है। इस टीम में डॉक्टर्स, स्वास्थ्य मंत्रालय के अफसर और आईसीएमआर के वैज्ञानिक शामिल होंगे। टीम के सदस्य राज्य सरकारों के साथ मिलकर कोरोना को रोकने के लिए काम करेगी। उधर, शनिवार रात से जालंधर में फिर से नाइट कर्फ्यू लगा दिया जाएगा। जिला मजिस्ट्रेट घनश्याम थोरी ने शनिवार दोपहर को यह आदेश जारी किया। नाइट कर्फ्यू का समय रात 11 बजे से सुबह 5 बजे तक रखा गया है। इस दौरान लोगों को बेवजह घर से बाहर निकलने पर पाबंदी रहेगी। सिर्फ जरूरी सेवा में कोई नाइट कर्फ्यू से छूट रहेगी। नाइट कर्फ्यू कब तक रहेगा इसके बारे में अभी कोई तारीख तय नहीं की गई है।

महाराष्ट्र में फिर से कोरोना बेकाबू होने लगा है। एक दिन में ही संक्रमण की रफ्तार में 250 फीसद का इजाफा देखने को मिला है। शनिवार को राज्य में 10216 लोग संक्रमित पाए गए। पांच महीने बाद पहली बार है, जब एक दिन के अंदर 10,000 से ज्यादा कोरोना मरीज मिले हैं। इसके पहले 17 अक्टूबर को 10259 लोग पॉजिटिव पाए गए थे। राज्य के स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से जारी रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले 24 घंटे के अंदर 6467 लोग रिकवर हुए और 53 की मौत हो गई। अब तक राज्य में 21,98,399 लोग संक्रमण की चपेट में आ चुके हैं। इनमें 20,55,951 लोग ठीक हो चुके हैं, जबकि 52,393 मरीजों की मौत हो गई। 88,838 मरीजों का अभी इलाज चल रहा है।

देश में अब तक 1.90 करोड़ लोगों को वैक्सीन का डोज दिया जा चुका है। यह आंकड़ा 2 करोड़ के पार हो जाएगा। भारत दुनिया का 5वां देश है जहां, सबसे ज्यादा लोगों को वैक्सीन लगाई जा चुकी है। यहां 16 जनवरी से वैक्सीनेशन ड्राइव शुरू हुआ था। अमेरिका के बाद भारत इकलौता देश है जहां, हर दिन 10 लाख से ज्यादा लोगों को वैक्सीन का डोज दिया जा रहा है। अमेरिका में हर दिन 20 लाख से ज्यादा लोगों को वैक्सीन लगाई जा रही है। तिब्बती बौद्ध धर्म दलाई लामा ने कोरोना का पहला टीका हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में लगवाया। यहां जोनल हॉस्पिटल में वैक्सीन लगवाने के बाद दलाई लामा ने डॉक्टर्स और हेल्थ स्टाफ को शुक्रिया कहा। उन्होंने टीका लगवाने के लिए आम लोगों से भी अपील की।





### 240 लोगों में मिला कोरोना का नया स्ट्रेन

देशभर में कोरोना वायरस से हालात बिगड़ते जा रहे हैं। अब तक 240 मरीजों की पहचान हुई है, जिनमें कोरोना का नया स्ट्रेन मिला है। ये नया स्ट्रेन बेहद खतरनाक और तेजी से फैलने वाला है। यूके, ब्राजील और अमेरिका इसकी मुसीबत झेल रहे हैं। इन नए स्ट्रेन से अब ऐसे लोग भी संक्रमित मिल रहे हैं, जिनके विदेश जाने की कोई हिस्ट्री नहीं है। मध्यप्रदेश के इंदौर में वायरस के नए स्ट्रेन ने दस्तक दे दी है। नोडल कोविड अधिकारी अमित मालाकार ने बताया कि 20 फरवरी को जांच के लिए दिल्ली भेजे गए 106 सैंपल्स में से 6 में यूके स्ट्रेन की पुष्टि हुई है। इन मरीजों में 10 से 15 फरवरी के बीच संक्रमण की पुष्टि हुई थी। इसमें से किसी भी मरीज की विदेश आने-जाने की हिस्ट्री नहीं है। मध्यप्रदेश के इंदौर में मास्क न पहनने पर अब 100 रुपये जुर्माना देना होगा। नगर निगम के एडिशनल कमिश्नर देवेंद्र सिंह ने यह जानकारी दी। वैक्सीन मैत्री के तहत भारत में तैयार कोरोना की वैक्सीन युगांडा पहुंच गई है। युगांडा के सरकार ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को शुक्रिया कहा।

## किसान आंदोलन : पलवल में केएमपी केजीपी 11 से 4 बजे तक रहा जाम

### जरूरी सेवाओं को छोड़कर किसी वाहन को नहीं निकलने दिया

एजेंसी। पलवल/बहादुरगढ़/सोनीपत

**किसान** आंदोलन का शनिवार को 101वां दिन था। कृषि कानूनों के विरोध में धरने पर बैठे किसान शनिवार को हरियाणा में केएमपी-केजीपी एक्सप्रेस-वे 11 से 4 बजे तक जाम रखा। इस दौरान जरूरी सेवाओं के वाहनों को नहीं रोका गया। संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर यह जाम लगाया गया था। एक्सप्रेसवे पर बैठे किसान ढोल-मंजीरा लिए गाते-बजाते रहे।

डीएसपी स्तर के अधिकारियों की सहायता के लिए संबंधित थाना और चौकी प्रभारी के अलावा पुलिस के जवान एवं आरएएफ अर्धसैनिक बलों की तैनाती दंगारोधी साजो-सामान के साथ की गई थी। जिले में रोड जाम करने की संभावना के मद्देनजर ट्रैफिक डायवर्जन की भी अलग से व्यवस्था की गई थी। इसके अलावा 8 स्थानों नेशनल हाईवे पर गदपुरी बॉर्डर, दूधौला मोड़, करमन बॉर्डर, बाबरी मोड होडल, असावटा मोड, आगरा चौक एवं केजीपी पर जलहाका व केएमपी पर नूंह बार्डर पर नाके लगाए गए थे। किसान नेताओं ने कहा है कि जब तक कृषि कानूनों को वापस नहीं लिया जाता और एमएसपी पर कानून नहीं बन जाता, तब तक किसान आंदोलन जारी रखेंगे। 26 नवंबर को पंजाब और हरियाणा के किसानों ने रोहतक-दिल्ली हाईवे पर बहादुरगढ़ के पास स्थित टीकरी बॉर्डर पर और नेशनल हाईवे नंबर-1 पर सोनीपत के कुंडली स्थित बॉर्डर पर किसान धरने पर बैठ गए थे। पूरे हरियाणा में किसानों और पुलिस के बीच झड़प की खबरें आई थी। लाठीचार्ज और वाटर कैनन का इस्तेमाल किया गया था। इसके बाद धरने के पहले दिन ही पंजाब के एक ट्रैक्टर मैकेनिक जनकराज की टीकरी के नजदीक कार में जिंदा जल जाने से मौत हो गई। फिर अब तक 200 से ज्यादा आंदोलनकारियों की मौत ठंड, दिल के दौरे और मानसिक तनाव में आत्महत्या के चलते हो चुकी है।



### दिल्ली के चारों ओर धरने पर बैठे हैं किसान

बता दें, पिछले 100 दिन से टीकरी, कुंडली और गाजीपुर समेत दिल्ली के चारों तरफ किसानों के धरने जारी हैं। सबसे बड़ा विवाद 26 जनवरी को उस वक्त हुआ, जब ट्रैक्टर परेड के नाम किसानों को दिल्ली में एंटर करने की अनुमति मिली थी और फिर वहां लाल किले की प्राचीर पर तिरंगे का अपमान करते हुए खालसायी ध्वज फहरा दिया गया था। उपद्रव के दौरान बड़ी संख्या में पुलिस कर्मचारी भी घायल हो गए। इस मामले में नामजद हुए आंदोलनकारी किसानों पर दर्ज केस लड़ने के लिए पंजाब की सरकार ने 70 वकीलों का पैनल नियुक्त कर रखा है।

### हरियाणा रोडवेज की बसों में भिड़ंत, 4 मौत




**फरीदाबाद।** बल्लभगढ़ से अलीगढ़ के लिए गई बस वापस लौटते वक्त एक बजे के आसपास टायर फटने के कारण अनियंत्रित हो गई, जिससे बस डिवाइडर पर चढ़ गई। इस दौरान वह दूसरी तरफ पलवल डिपो से अलीगढ़ आ रही बस से टकरा गई। हादसा इतना भीषण था कि दोनों बसों की भीषण टक्कर में चार लोगों की मौत हो गई। यह हादसा अलीगढ़ के करसुआ गांव में घटित हुआ। पुलिस व जिला प्रशासन मृतकों व घायलों की जानकारी जुटाने में लगी थी।

## वीटा प्लांटों पर प्रति फैट मिलेंगे बीस पैसे ज्यादा

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**हरियाणा** में सहकारी डेयरियों पर दूध की खरीद के दाम प्रति फैट बीस पैसे बढ़ा दिए गए है। प्रदेश के वीटा मिल्क प्लांटों पर अब इसी दर से दूध की खरीद की जाएगी। हरियाणा डेयरी विकास सहकारी प्रसंघ लिमिटेड (एचडीडीसीएफ) ने प्रति लीटर दूध में प्रति फैट पर 20 पैसे कीमत बढ़ाई है। इससे किसानों को एक क्विंटल दूध में प्रति फैट पर 20 रुपये का लाभ होगा। हरियाणा डेयरी विकास सहकारी प्रसंघ लिमिटेड की 3300 से अधिक सक्रिय दुग्ध सहकारी समितियां हैं।



राज्य के एक लाख डेयरी किसान इनसे जुड़े हुए हैं। दूध में फैट के आधार पर ही दूध की कीमत तय होती है। प्रदेश के वीटा मिल्क प्लांटों में अभी तक किसानों को प्रति लीटर फैट पर छह रुपये दिए जा रहे थे। अब उन्हें प्रति लीटर फैट पर छह रुपये 20 पैसे दिए जाएंगे। भैंस के दूध में प्रति लीटर पांच से दस और गाय के दूध में प्रति लीटर तीन से पांच के बीच फैट होता है।

## क्विक न्यूज

### आईपीएल नौ अप्रैल से होगा शुरू : बीसीसीआई

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सत्र का आगाज इंग्लैंड के खिलाफ सीमित ओवरों की श्रृंखला के खत्म होने के 12 दिनों बाद नौ अप्रैल से होगा। यह जानकारी भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक सूत्र ने शनिवार को दी। इंग्लैंड के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला का तीसरा और आखिरी मैच पुणे में 28 मार्च को खेला जाएगा। इस लोकप्रिय टी-20 लीग की अवधि भारत के अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम को ध्यान में रखते हुए तय की गई है।

### बैंक धोखाधड़ी में दो निदेशक गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को कहा कि उसने बैंक धोखाधड़ी के एक प्रकरण से संबंधित 325 करोड़ रुपये के कथित धनशोधन के मामले में तमिलनाडु की एक कंपनी के दो निदेशकों को गिरफ्तार किया है। उसने एक बयान में कहा कि शिनागो प्लांटेशन प्राइवेट लिमिटेड के निदेशकों हितेश पटेल और सुरेश एन पटेल को शनिवार को एक विशेष अदालत ने 10 दिनों के लिए ईडी की हिरासत में भेज दिया। दोनों को धनशोधन रोकथाम अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया था।

### जाने माने कन्नड़ कवि लक्ष्मीनारायण का निधन

**बेंगलुरु।** जाने माने कन्नड़ कवि, आलोचक एवं अनुवादक एनएस लक्ष्मीनारायण भट्ट का शनिवार तड़के निधन हो गया। वह 84 वर्ष के थे। कवि के परिवार से जुड़े सूत्रों ने बताया कि वह उम्र संबंधी बीमारियों से जूझ रहे थे। कन्नड़ साहित्य की दुनिया में एनएसएल के नाम से लोकप्रिय भट्ट का जन्म 1936 में शिवमोगा जिले में हुआ था।

### बंगाल: बम धमाके, भाजपा के छह कार्यकर्ता घायल

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले में कथित तौर पर तृणमूल कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए बम हमले में भाजपा के छह कार्यकर्ता घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक छह में से दो कार्यकर्ता गंभीर रूप से घायल हैं। आरोप है कि शुक्रवार रात को एक विवाह समारोह में शामिल होने के बाद जिले के गोसाबा क्षेत्र में जब भाजपा कार्यकर्ता घर लौट रहे थे तब स्थानीय तृणमूल कार्यकर्ताओं ने उन पर बम फेंके।

### भाजपा सांसद प्रज्ञा ठाकुर को सांस लेने में तकलीफ

**भोपाल।** मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल की सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर को शनिवार को सांस लेने में तकलीफ की शिकायत के बाद विमान से मुंबई ले जाया गया। वहां उन्हें कोकिला बेन अस्पताल में भर्ती कराया जाएगा। सांसद के भोपाल कार्यालय ने यह जानकारी दी।

### जानकी एक्सप्रेस से भिड़ी जेसीबी

**समस्तीपुर।** बिहार के समस्तीपुर में शनिवार सुबह बड़ा ट्रेन हादसा हो गया, हालांकि ट्रेन के यात्रियों को कोई नुकसान नहीं हुआ। दरअसल, समस्तीपुर से मनिहारी जा रही जानकी एक्सप्रेस ट्रेन से एक रेलवे समपार पर जेसीबी मशीन टकरा गई। टक्कर इतनी जबर्दस्त थी कि ट्रेन का इंजन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया वहीं जेसीबी के इंजन के परखच्चे उड़ गए। हादसे में जेसीबी चालक गंभीर रूप से घायल हुआ है।

## पाक पीएम ने नेशनल असेंबली में विश्वासमत जीता

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने शनिवार को विपक्षी दलों के बहिष्कार के आह्वान के बीच नेशनल असेंबली (संसद) में विश्वासमत जीत लिया। हाल में करीबी मुकाबले वाले सीनेट चुनाव में वित्तमंत्री की हार के बाद उनकी सरकार पर संकट आ गया था। प्रधानमंत्री इमरान खान को संसद के 342 सदस्यीय निचले सदन में 178 वोट मिले और सामान्य बहुमत के लिए 172 वोट की जरूरत थी। राष्ट्रपति आरिफ अल्वी के निर्देश पर संसद का विशेष सत्र बुलाया गया था। विपक्ष ने इसमें हिस्सा नहीं लिया क्योंकि 11 दलों के गठबंधन पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट (पीडीएम) ने मतविभाजन का बहिष्कार किया था।



● विस्तृत खबर पेज-09

### तृणमूल कांग्रेस के पूर्व सांसद दिनेश त्रिवेदी भाजपा में शामिल

**नई दिल्ली।** तृणमूल कांग्रेस के पूर्व सांसद दिनेश त्रिवेदी शनिवार को भाजपा में शामिल हो गए। उन्होंने पश्चिम बंगाल में हिंसा के मुद्दे का हवाला देते हुए कुछ दिन पहले राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्रियों पीयूष गोयल और धर्मेंद्र प्रधान तथा अन्य नेताओं की उपस्थिति में त्रिवेदी पार्टी में शामिल हुए। त्रिवेदी को सिद्धांतों पर चलने वाला नेता बताते हुए नड्डा ने कहा कि पहले वह गलत पार्टी में सही व्यक्ति थे और अब सही पार्टी में आ गए हैं। त्रिवेदी (70) ने कहा कि वह इस स्वर्णिम अवसर के इंतजार में थे। त्रिवेदी, ममता बनर्जी के विश्वस्त सहयोगी माने जाते थे और वह संप्रग सरकार में रेल मंत्री भी थे।

### बंगाल चुनाव : 57 नामों की भाजपा की पहली सूची जारी

# नंदीग्राम में ममता के सामने ताल ठोकेंगे सुवेंदु

एजेंसी। नई दिल्ली

**भाजपा** ने शनिवार को बंगाल चुनाव के लिए 57 प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी। इसमें सबसे महत्वपूर्ण नाम सुवेंदु अधिकारी का है, जो नंदीग्राम सीट से मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ भाजपा प्रत्याशी होंगे। यह सीट अब बंगाल की सबसे आकर्षक सीट बन गई है।

पश्चिम बंगाल में होने जा रहे विधानसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी अपने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। इस पहली सूची में 57 उम्मीदवारों के नाम हैं। बता दें कि शनिवार सुबह ही पार्टी के महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने इसके संकेत भी दिए थे। नंदीग्राम सीट से मुख्यमंत्री और टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी का मुकाबला भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी से होगा। सुवेंदु पहले ममता के करीबी थे, वे दीदी को पटखने देने के लिए भाजपा में शामिल हुए हैं।

भाजपा महासचिव अरुण सिंह ने सूची जारी करते हुए कहा कि भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए 57 सीटों पर उम्मीदवारों के नामों को मंजूरी दी है। नंदीग्राम में सीएम बनर्जी का सुवेंदु अधिकारी से मुकाबला होगा। खड़गपुर से तपन भुइया, मेदिनीपुर से संबित दास, नयाग्राम से बाकुल मुर्मू, झारग्राम से सुकमय सतपति, बिनपुर सालन सरीन। सुवेंदु ममता के खास करीबी मंत्री थे। कुछ माह पूर्व ही वे टीएमसी छोड़कर भाजपा में शामिल हुए थे। बंगाल चुनाव में नंदीग्राम सीट अब सबसे आकर्षक व कड़ी चुनौती वाली होगी।



**बंगाल की सबसे आकर्षक सीट बनी नंदीग्राम**

**ममता के सबसे करीबी माने जाते थे सुवेंदु अधिकारी**



### चुनाव से पहले राजनीतिक खेमों में बटा टॉलीवुड

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में पहली बार सरकार बनाने की भाजपा की महत्वाकांक्षा और तीसरी बार सत्ता में आने की तृणमूल की कवायद ने बंगाली फिल्मोद्योग का राजनीतिक ध्रुवीकरण करके इसे पार्टियों के लिए नया युद्ध स्थल बना दिया है। टॉलीवुड के नाम से प्रसिद्ध टॉलीगंज स्थित फिल्म उद्योग पर तृणमूल कांग्रेस का प्रभाव 2011 में ममता बनर्जी के सत्ता में आने के पहले से था, लेकिन अब कई हस्तियों का झुकाव भाजपा की ओर होने से इसमें बदलाव होता दिख रहा है। अभिनेताओं और अभिनेत्रियों को चुनाव के मैदान में उतारने की बनर्जी की रणनीति को अपनाते हुए भाजपा ने फिल्म उद्योग का समर्थन अपने पाले में करने के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

मजेदार यह होगा कि सुवेंदु अधिकारी किस तरह से ममता बनर्जी का सामना करेंगे। मुख्यमंत्री ममता अपनी परंपरागत भवानीपुर सीट छोड़कर नंदीग्राम पहुंची हैं। टीएमसी के सूची में उन्हें वहां से प्रत्याशी बनाया गया है। इस पर टीएमसी नेताओं ने कहा था कि सुवेंदु संभवतः यहां से चुनाव नहीं लड़ेंगे, लेकिन भाजपा ने उन्हें नंदीग्राम से टिकट देकर ममता व तृणमूल कांग्रेस की चुनौती स्वीकार कर ली है। बीते दिनों जब बंगाल में सत्तारूढ़ टीएमसी ने अपने 291 प्रत्याशियों की एकमुश्त सूची जारी की थी तो उसमें ममता बनर्जी को भवानीपुर की बजाए नंदीग्राम से प्रत्याशी घोषित किया था। इस पर भाजपा नेता राहुल सिन्हा ने तंज किया था कि हार सामने देखकर ममता डर गई हैं, इसलिए नंदीग्राम भाग गई हैं।

# फरीदाबाद पायनियर

Good Morning!

हरियाणा, रविवार, 07 मार्च, 2021 | ग्रेटर फरीदाबाद • सराय • एनआईटी इंडस्ट्रियल एरिया • बल्लभगढ़ • तिगांव | ई-पेपर www.pioneerhindi.com


-राइट विजन-

# आजम खान ने 78 गेंदों पर बनाए रिकार्ड तोड़ सर्वाधिक 200 रन

## दोहरा शतक बनाते हुए आजम खान ने तोड़ा पिछले 15 सालों का रिकार्ड

**कविता।** फरीदाबाद

**स्लेजहैमर** क्रिकेट अकादमी ग्राउंड पर इंडिविजुअल मैच खेला गया। यह 20-20 ओवर का शानदार मैच था। जिसमें खिलाड़ी आजम खान ने प्रथम डबल सैंचुरी स्लैजहेमर क्रिकेट अकादमी के ग्राउंड पर मारी। इस बारे में जानकारी देते हुए प्रवीन मोहंती ने बताया कि आजम खान ने 78 गेंदों में नॉटआउट 200 रन बनाते हुए पिछले 15 सालों का रिकॉर्ड तोड़ने का प्रयास किया है।

यह स्लैजहेमर क्रिकेट अकादमी के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि आजम खान जहां स्लैजहेमर अकादमी के डबल सैंचुरी मारने वाले पहले खिलाड़ी हैं, वहीं वह जिले में दूसरे नम्बर के खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने बताया कि जिले में 20 ओवर में 213 रन का रिकार्ड धर्मेन्द्र फागना ने 2006 में बनाया था। अब 15 वर्षों बाद आजम खान ने 78 गेंदों पर नॉटआउट 200 रन का रिकार्ड बनाया है। वहीं स्लैजहेमर ग्रुप के एमडी प्रदीप मोहंती ने बताया कि आजम खान ने यूनिवर्सिटी में विराट कोहली का रिकार्ड तोड़ा था। आजम ने इससे पहले नॉटआउट 196 रन का लक्ष्य बनाया था। वह तेजी के साथ आगे बढ़ रहे हैं। प्रदीप मोहंती ने पूरी टीम को बधाई देते हुए आगे बढ़ने का संदेश दिया।







### पायनियर न्यूज ने 197 रन से जीता मैच

**इंडिविजुअल** मैच पायनियर न्यूज और फालकोन्स के बीच मैच खेला गया। पायनियर न्यूज ने 20 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर रिकार्ड तोड़ सर्वाधिक 282 रन बनाते हुए यह मैच 197 रन से जीत लिया। जिसमें आजम खान ने 78 गेंदों पर 22 चौके और 13 छक्के मारते हुए सर्वाधिक रिकॉर्ड तोड़ 200 रन बनाए। वहीं प्रवीन मोहंती ने 33 गेंदों पर सात चौके और एक छक्के के साथ 50 रन बनाए। मनीष ने आठ गेंदों पर एक चौके के साथ नौ रन बनाए। फालकोन्स की तरफ से योगेश और रोहित गुलाटी ने एक-एक विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए फालकोन्स ने 13.3 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर 85 रन बनाए। कुनाल ने 20 गेंदों पर दो चौके और दो छक्के की मदद से 28 रन बनाए और दीपक मौर्या और राहुल वधवा ने 13-13 रन बनाए। पायनियर न्यूज के गेंदबाज दिलीप ने चार विकेट, प्रवीन मोहंती ने तीन विकेट, प्रदीप मोहंती, पियुष और अमन शर्मा ने एक-एक विकेट लिया। अंत में यह मैच पायनियर न्यूज ने 197 रन से जीत लिया। प्लेयर आफ द मैच और बेस्ट बेट्समैन का खिताब आजम खान को दिया गया। वहीं बेस्ट गेंदबाज के खिताब से दीलीप को नवाजा गया।

### पहला है शायद



**रावल** क्रिकेट अकादमी के बीसीसीआई कोच सुनिल चौधरी ने कहा कि फरीदाबाद में मेरी जानकारी में यह पहला ऐसा मैच है शायद जिसमें 20 ओवर में 282 रन बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि यह मैच वास्तव में रिकॉर्ड तोड़ मैच है।

### दूसरे खिलाड़ी



**रविन्द्र** फागना अकादमी के बीसीसीआई कोच धर्मेन्द्र फागना ने बताया कि 20 ओवर में आजम खान ने टीम स्पार्ट्न की तरफ से खेलते हुए 196 नाटआउट रन बनाए थे। वहीं वर्ष 2006 में उन्होंने स्वयं 20 ओवर में 213 रन बनाकर रिकॉर्ड कायम था।

### पहले भी बनाए



**स्लैजहेमर** अकादमी के कोच उदित मोहन ने बताया कि 2006 में धर्मेन्द्र फागना के बाद आजम खान ने 200 रन का रिकार्ड बनाया है। वे फरीदाबाद में सर्वाधिक रन बनाने वालों में शामिल हुए है। उन्होंने बताया कि टीम के खिलाड़ी बढ़ती उम्र के साथ निखरते जा रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### कालका मनिराम ने 10 विकेट से जीता मैच



**फरीदाबाद।** छठें ऑल इंडिया रविंद्र फागना अंडर-15 क्रिकेट टूर्नामेंट मैच में कालका मनिराम क्रिकेट अकादमी ने युवराज सिंह क्रिकेट अकादमी टीम को 10 विकेट से हराया। बीसीसीआई कोच धर्मेंद्र फागना ने बताया कि युवराज सिंह क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 22.2 ओवर में 10 विकेट पर 65 रन बनाए। लक्की जाकर ने 15 रन ,यश चौधरी ने 14 रन और ध्रुव अत्रि ने 13 रन बनाए। कालका मनिराम क्रिकेट अकादमी के युग ने पांच विकेट, आयुष सिंह और सचिन शर्मा ने दो-दो विकेट, एकांश मल्होत्रा ने एक विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए कालका मनिराम क्रिकेट अकादमी टीम ने 13.4 ओवर में बिना किसी विकेट के नुकसान के 66 रन बनाकर लक्ष्य को हासिल किया। अश्विन बंदरी ने 46 रन, एकांश मल्होत्रा ने 13 रन बनाए। लाखन (एंपायर) के द्वारा मैन ऑफ दा मैच का पुरस्कार युग को दिया। युग ने 5.2ओवर में 2 ओवर मिडल निकालकर 7 रन देकर 5 विकेट लिए।

### हाथ से बने सामान की लगाई प्रदर्शनी



**फरीदाबाद।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग, फरीदाबाद के द्वारा लघु सचिवालय बड़खल के पास स्वयं सहायता समूह के 16 महिलाओं द्वारा हाथ से बने हुए सामान की प्रदर्शनी लगवाई गयी। प्रदर्शनी का शुभारम्भ उपमंडल अधिकारी (ना) पंकज सेतिया द्वारा किया गया। इस दौरान उन्होंने स्वयं सामान खरीद कर स्वयं सहायता समूह की महिलायों का उत्साहवर्धन किया। प्रदर्शनी के अंत में जिला कार्यक्रम अधिकारी अनीता शर्मा द्वारा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को सर्टिफिकेट तथा अन्य उपहार देकर सम्मानित किया। वन स्टॉप सेंटर द्वारा पम्पलेट वितरण किया तथा सुविधाओं की जानकारी दी गयी। प्रदर्शनी में सीडीपीओ शकुन्तला रखेजा, अनीता गाबा तथा वन स्टॉप सेंटर के स्टाफ द्वारा भाग लिया गया।

### लैंगिक समानता वॉकथॉन का किया आयोजन



**फरीदाबाद।** महिला एवं बाल विकास विभाग, फरीदाबाद द्वारा नारी सप्ताह के अंतर्गत लैंगिक समानता वॉकथॉन का आयोजन किया गया। वॉकथॉन का शुभारंभ पुराना अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय, सेक्टर-15ए, फरीदाबाद के प्रांगण से अतिरिक्त उपायुक्त सतबीर मान द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। वॉकथॉन में लगभग 300 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया। अतिरिक्त उपायुक्त के निर्देशानुसार सेक्टर-15 की मार्किट से सेक्टर-14 व 16 की मार्किट तक रूट प्लान पर पुलिस आयुक्त ओ.पी. सिंह द्वारा वॉकथॉन की सुरक्षा के इंतजाम मुहैया करवाये। वॉकथॉन के साथ-साथ पुलिस की पीसीआर वैन व अनेक मोटर साइकिल सवार पुलिस व दुर्गा शक्ति वाहन द्वारा सुरक्षा प्रदान की गयी। डीपीओ अनीता शर्मा, शकुन्तला रखेजा, मीरा, अनीता गाबा, मीनू, विकल और गीतिका जिला संयोजक एंव अन्य विभाग एवं रोड सेफ्टी ओमनी फाउंडेशन, एनजीओ के कर्मचारियों, स्थानीय लोगों तथा दक्ष फाउंडेशन एवम रोड सेफ्टी, ओमनी फाउंडेशन ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। सभी महिलाओं ने बड़े जोर शोर से महिलाओं के सम्मान में नारे लगाये, बेटी बचाओ-बेटी पढाओ, सही पोषण देश रोशन, मात्र शक्ति-राष्ट्रीय शक्ति आदि के नारे लगाये गए। अंत में जिला कार्यक्रम अधिकारी अनीता शर्मा द्वारा सबका धन्यवाद के साथ कार्यक्रम का समापन किया।

### शहर का तापमान

- अधिकतम 34.00 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 18.00 डिग्री सेल्सियस

### शहर में आज

- सतत फाउंडेशन की तरफ से रक्तदान शिविर बीके अस्पताल में: सुबह 9 बजे
- क्यूआरजी अस्पताल के द्वारा आईपी कालोनी में मनाया जाएगा वुमेंस डे: सुबह 7 बजे
- सेक्टर-सात डी में विधायक नरेन्द्र गुप्ता सुनेंगे समस्याएं: 11 बजे
- सेक्टर-12 हुड्डा कंनवेंशन हॉल में महिला दिवस एवं सम्मान समारोह: दोपहर 12.30 बजे

### निवेश गुरु

**म्यूचुअल** फंड की फोकस्ड स्कीमों का पोर्टफोलियो काफी सघन यानी कॉन्सेंट्रेटेड होता है। इनके पोर्टफोलियो में बहुत सीमित संख्या में शेयर होते हैं। निवेश में यह कॉन्सेंट्रेटेड नजरिया इन स्कीमों को अपने इंडेक्स और साथ की दूसरी प्रतिद्वंद्वी स्कीमों के मुकाबले बेहतर प्रदर्शन करने में मदद करता है। शर्त यह है कि फंड मैनेजर से शेयरों को चुनने में चूक न हो। हालांकि, कम डायवर्सिफिकेशन के कारण इनके साथ गिरावट का भी ज्यादा खतरा होता है। अगर आप लंबी अवधि के निवेशक हैं और थोड़ा ज्यादा जोखिम ले सकते हैं तो हमने कुछ स्कीमों का सुझाव दिया है। अपने रिस्क प्रोफाइल को देखते हुए इनमें निवेश के बारे में सोचा जा सकता है।

### यूटीलिटी न्यूज

#### स्कूलों में होगी योग शिक्षा

**फरीदाबाद।** अब हर महीने के पहले शनिवार को सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों को योग कराया जाएगा। विद्यार्थियों के साथ अध्यापक भी योग क्रियाएं करेंगे। इसकी शुरुआत शनिवार से हो भी गई है। हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद के निर्देश पर यह कदम उठाया गया है। दरअसल इस नई प्लानिंग को शुरू कराने के लिए करीब दो महीने पहले पीटीआई व डीपीई को योग के स्पेशल ट्रेनरों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया था, ताकि कोरोना वायरस को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थी व अध्यापकों में किसी तरह की परेशानी न हो। अगर इन्हें कोई परेशानी नहीं होंगी तो समाज के अन्य लोग भी स्वास्थ्य रहेंगे।

### क्विक न्यूज

#### आज लगेगा रक्तदान शिविर

**फरीदाबाद।** सत्त् फाउंडेशन द्वारा बीके सिविल अस्पताल परिसर के ब्लड़ बैंक में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस बारे में जानकारी देते हुए सत्त् फाउंडेशन की अध्यक्ष सीमा भारद्वाज ने बताया कि यह कैम्प महिला दिवस के उपलक्ष्य में कुपोषित महिलाओं और बच्चों के लिए संस्था द्वारा लगाया जा रहा है। इस कैम्प में संस्था के कार्यकर्ता और समाजसेवी लोग मिलकर रक्तदान करेंगे। कैम्प में डॉ. प्रतिमा मोहंती मुख्यातिथि के रूप में मौजूद रहेगी। सीमा ने बताया कि रक्तदान शिविर के जरिये यह संदेश दिया जाएगा, कि महिलाओं के स्वास्थ्य ठीक रहेगा, तो परिवार और समाज खुशहाल रहेगा।

# नगर निगम की लापरवाही से मजबूरी बने टैंकर दे रहे दुर्घटनाओं को न्योता

## अवैध रूप से दौड़ रहे टैंकरों के पानी की नहीं की जा रही जांच

**कविता।** फरीदाबाद





**जिस** तरह से तेजी से गर्मी बढ़ रही है, उसी तरह से बिना पानी के लोग प्यास से तड़पने लगे हैं। मार्च महीने में ही शहर का तापमान 36 डिग्री के पार पहुंच रहा है। वहीं दूसरी तरफ शहर में अवैध टैंकरों का बोलबाला है। रात दिन टैंकर शहर में जहां लोगों की प्यास बुझा रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ पानी के टैंकरों की तेज रफ्तार और ओवर लोडिंग शहर में दुर्घटनाओं का कारण बन रही है। शहर में जहां देखों वहां पानी के एक ट्रैक्टर में दो वाटर टैंक को जोड़ कर दौड़ते नजर आते हैं।

रात हो या दिन उनके निकट से गुजरने वालों को खतरा बना रहता है। इनकी स्पीड इतनी तेज होती है कि यदि कोई इनके नीचे आ जाए तो उसका बच पाना मुश्किल है। अवैध रूप सड़क और गलियों में दौड़ने वाले इन अवैध ट्रैक्टर टैंकरों के कारण आए दिन दुर्घटनाएं होती रही हैं। इन दुर्घटनाओं में कई लोग अपनी जान गंवा चुके हैं तो अनेक लोग रूप से घायल भी हुए हैं।

### धड़ल्ले से दौड़ रहे टैंकर

**नगर** निगम की लापरवाही के कारण जिले में करीब दो हजार से अधिक छोटे-बड़े ट्रैक्टर टैंकर शहर की विभिन्न कॉलोनियों में पेयजल सप्लाई कर रहे हैं। यदि नगर निगम द्वारा पीने योग्य पानी की आपूर्ति की जाती तो इनकी जरूरत नहीं पड़ती। इन अवैध ट्रैक्टर टैंकरों की रफ्तार इतनी अधिक होती है कि दुर्घटनाएं होना आम बात हो गई है। वर्ष 2019 में भी एक बच्चे की पानी के टैंकर की चपेट में आने से मौत हो गई थी। उस दौरान लोगों ने भारी विरोध भी किया था, लेकिन इसके बाद जिले में धड़ल्ले से यह टैंकर दौड़ रहे हैं। इन पानी के टैंकरों पर लगाम नहीं लग सकी। एक ट्रैंक्टर पर दो-दो टैंकरों के जरिये शहरवासियों की प्यास बुझाई जा रही है। जोकि शहर की तंग गलियों में दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं। तंग गलियों से धड़ल्ले से दौड़ रहे यह पानी के अवैध टैंकर लोगों के लिए खतरनाक साबित हो सकते हैं। एक साथ दो टैंकर जोड़ कर चलने वाले ट्रैक्टर चालकों को पुलिस भी रोकने का प्रयास नहीं करती।

### पीने लायक नहीं पानी


**नगर** निगम की सप्लाई का पानी शहर में कई-कई दिनों तक नहीं आता। जो पानी आता है, वह पीने योग्य नहीं है। लोग पीने का पानी तो पहले ही खरीद रहे थे। अब अन्य कामों के लिए भी पानी खरीदना पड़ रहा है। नगर निगम के द्वारा सप्लाई किए जा रहे पानी में या तो मिट्टी आती है या फिर उसमें सीवर के गंदे पानी की बदबू आती है। ऐसे में उसे इस्तेमाल करना कई बीमारियों को न्योता देने के बराबर होता है।

### नहीं होती कार्रवाई

**शहर** में चल रहे अवैध टैंकर कैसा पानी जनता को दे रहे है। इसकी जांच आजतक नहीं की गई और न ही लोगों की समस्याओं का निदान होता है। लोग पानी की मांग को लेकर सत्ताधारी पार्टी के नेताओं और नगर निगम के अधिकारियों से लगातार गुहार हर साल लगाते है, इसके बावजूद नगर निगम की तरफ से पानी की समस्या का समाधान करवाने का कोई प्रयास नहीं किया जा रहा है, जिसके कारण शहर के विभिन्न हिस्सों में रहने वाले लोग आए दिन नगर निगम के मुख्यालय में आकर धरना-प्रदर्शन करते है, या फिर टैंकरों पर निर्भर रहते है।

### गर्मी में पानी को तरसे लोग

**शहर** में आम दिनों में तो पानी की किल्लत होती ही है, लेकिन गर्मी का मौसम शुरू होने के साथ ही शहर में पानी के लिए हा-हा कार मचना शुरू हो जाता है। इस बार तो मार्च का महीना शुरू होते ही शहर में पानी की किल्लत शुरू हो गई है। अब तेज गर्मी शुरू होने पर स्थिति बद बदतर हो रही है। वैसे तो शहर में हर जगह पानी की परेशानी चल रही है, लेकिन सबसे ज्यादा बुरी स्थिति एनआईटी इलाके की कॉलोनियों की है। इन कालोनियों के घरों में तीन से चार दिनों बाद पानी की आपूर्ति की जा रही है। पानी न आने पर जब लोग अपने इलाके के बूस्टरों पर जाते हैं, तो एक ही जवाब मिलता है कि पानी पीछे से नहीं आ रहा। ऐसे में लोगों को अपने रोजमर्रा के काम निपटाने के लिए पानी ट्रैक्टर चालकों से खरीदना पड़ा रहा है। जबकि कुछ लोग दूर दराज के इलाकों से पानी लाकर अपना काम चल रहे हैं।



# स्वरोजगार को बढ़ावा देने को लगाया ऋण शिविर

## शिविर में अधिकारियों ने लाभार्थियों को डिजिटल माध्यम से लेन-देन करने के बारे में विस्तार से जानकारी दी

**पायनियर समाचार सेवा।** बल्लभगढ़



**उपायुक्त** एवं आयुक्त नगर निगम यशपाल के दिशा निर्देश पर सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुरूप एसडीएम अपराजिता के मार्गदर्शन मे स्थानीय खण्ड विकास कार्यालय बल्लभगढ़ में रेहड़ियों वालों को ऋण प्रदान करने के लिए आज शनिवार को द्वितीय कैंप का आयोजन किया गया। शिविर में संयुक्त निदेशक नगर निगम कार्यालय ओल्ड फरीदाबाद, सहायक महाप्रबंधक इंडियन ओवरसीज बैंक अंजनी प्रसाद, नगर परियोजना अधिकारी, एनयूएलएम द्वारिका प्रसाद भी उपस्थित रहे। पंजाब नेशनल बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, बैक आफ इण्डिया, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, पंजाब एंड सिंध बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, केनरा बैंक, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, आईडीबीआई, यूको बैंक, सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक के जिला समन्वयकों और मुख्य प्रबंधकों ने अलग-अलग स्टालें लगा अपने अपने बैंकों में आवेदित ऋण आवेदकों का अवलोकन कर सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार कार्यवाही की गई।

शिविर में डिजिटल मोड़ को बढ़ावा देने के लिए लाभार्थियों को डिजिटल माध्यम से लेन-देन करने के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी देकर ट्रेनिंग भी दी गई। अग्रणी जिला मुख्य प्रबंधक, एलडीएम डॉ अलभ्य मिश्र ने बताया कि जिला में स्वनिधि योजना के अंतर्गत विभिन्न बैंकों द्वारा 1 हजार 422 लोगों के लोन स्वीकृत किए जा चुके हैं। जिसमें से 944 लोगों को ऋण वितरण भी किया जा चुका है।

उन्होंने बताया कि स्वीकृत ऋणों का क्रियान्वयन बैंकों द्वारा अगले तीन दिन में किया जाएगा। शनिवार को आयोजित शिविर में 200 से अधिक आवेदकों ने भाग लिया और विभिन्न बैंकों द्वारा स्वीकृत लगभग 60 से अधिक ऋण आवेदकों को स्वीकृति पत्र भी प्रदान किए गए।

डॉ. अलभ्य मिश्रा, ने आगे बताया कि कोविड- 2019 में विस्थापित रेहड़ी पटरी वालों के पुन: व्यापार करने के लिए सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार प्रधानमंत्री आत्मनिर्भर योजना के अंतर्गत प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना का आरम्भ विगत वर्ष जुलाई माह मे किया था। जिसके अंतर्गत रेहड़ी पटरी वालों विक्रेता को 10 हजार रुपये की धनराशि का लोन बैंकों के माध्यम से दिया जा रहा है।

यह लोन 7 प्रतिशत की ब्याज की छूट (इंटरेस्ट सब्वेंशन) तथा डिजिटल माध्यम को बढ़ावा देने के लिए 100 रुपये प्रति माह तक का विशेष अनुदान सरकार द्वारा दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि भारत सरकार के शहरी कार्य मंत्रालय के दिशा निर्देशों के अनुसार रेहड़ी पटरी वालों के लोन को स्वीकृत तथा वितरण के लिए इन विशेष कैंपों का आयोजन किया जा रहा है।

## स्कूल में चलाया पौधारोपण अभियान

**फरीदाबाद।** एनएच-तीन स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सेवानिवृत्त चिकित्सक एसपी मित्तल के सौजन्य से विद्यालय की सैंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड, जूनियर रेडक्रॉस और गाइडस ने विद्यालय में पौधरोपण अभियान चलाया। विद्यालय के प्रधानाचार्य रविन्द्र कुमार मनचन्दा ने बताया कि पौधरोपण अभियान में फूलों वाले, हेज एवं छायादार पौधे लगाए गए। जूनियर रेडक्रॉस और सैंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड प्रभारी प्रधानाचार्य रविन्द्र कुमार मनचन्दा ने बताया कि इस से पूर्व में भी विद्यालय में दो सौ से अधिक पौधे लगाए जा चुके हैं। विद्यालय के समस्त स्टाफ ने सेवानिवृत्त डॉक्टर एसपी मित्तल, अध्यापक सूबे सिंह, संजय मिश्रा, प्रवीण कुमार ने पौधारोपण में सहयोग किया। प्राचार्य ने पौधारोपण अभियान में सहयोग करने के लिए डॉक्टर मित्तल, सूबे सिंह, विद्यालय की प्राध्यापिका ललिता, पूनम, जसनीत, सोनिया, प्रियंका, अमृत कौर कर आभार व्यक्त किया।

## हस्त मुद्रा योग, ज्योतिष एवं आध्यात्म

**केंद्रीय गृह मंत्री - अमित शाह के राजनीतिक करियर के बारे में, ज्योतिषीय आईने से - अदम्य साहस एवं निर्भीकता के प्रतीक - कलियुग के राजा - कूटनीतिज्ञ - राहु ग्रह का - राजनीति के कारक दशम स्थान में अपनी मिथुन उच्च का होकर विराजमान होने का कमाल!**





**इस हॉरोस्कोप में जहां राहु लिखा है - वो कौन सा स्थान कहलाता है?**

यह दशम स्थान के नाम से जाना जाता है - जो - राजनीति सहित हमारे ऑक्यूपेशन की स्थिति को दर्शाता है!

**राहु यहां - किस राशि में स्थित है?**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के दशम भाव में - राजनीति व कूटनीति के कारक राहु ग्रह- अपनी उच्च राशि - बुद्धि के स्वामी बुध ग्रह की "3 नम्बर" कही जाने वाली - **मिथुन राशि** में विराजमान हो - सर्वोत्तम स्थिति में हैं!

**मिथुन उच्च राशि के हो - राहु यहाँ दशम भाव में क्या फल दे रहे हैं?**

कलयुग के राजा कहे जाने वाले राहु ग्रह - राजनीति को दर्शाते हैं! कहना अतिश्योक्ति नहीं होगा की क्योंकि वो केवल राहु ग्रह ही हैं - जो जनता के दिलो दिमाग पर छा - एक नई सरकार की स्थापना कर सकते हैं या फिर किसी सरकार (यानि सूर्य) को नीचे ला सकते हैं!

**राहु का राजनीति से और क्या संबंध है?**

आप पाएंगे की अमूमन सभी शीर्ष अधिकांश राजनेताओं का राहु अनुकूल होना चाहिए।

आज की स्थिति में यह ध्रुव सत्य है की अनूकूल राहु कृपा के बिना आप कोई चुनाव नहीं जीत सकते चाहे वह कितना भी छोटा क्यों न हो!

**प्रस्तुति : शिक्षाविद् डीसी चौधरी**

**नोट:** विषय संबंधित अन्य जानकारी हासिल करने हेतु ई-मेल आईडी : pioneerhry@gmail.com पर सम्पर्क किया जा सकता हैं!

### मृतक की पहचान



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 10-02-2021 को एक लाश नाम पता नामालूम व्यक्ति की पाली मोहब्बाबाद क्रेशर जोन कि झुग्गी में मिली है। जिसका हुलिया रंग सांवला लम्बूतरा चेहरा दोनों आंखें मुंह खुला हुआ उम्र करीब 40 से 42 वर्ष है नीले रंग की जीन्स-पेंट, भूरे रंग की जैकेट क्रीम रंग की लाईनदार शर्ट नीचे नीले रंग की टी-शर्ट पहने हुए है लाश की शिनाख्त होने पर नीचे लिखे निम्नलिखित नम्बरों पर सम्पर्क करें।

**प्रबंधक अफसर थाना डबुआ फरीदाबाद - 9582200155**
**प्रभारी पुलिस चौकी पाली फरीदाबाद - 9582200158**
**दिनांक 11-02-20201**

# पेट्रोल, डीजल और गैस की कीमत में वृद्धि के विरोध में जोरदार प्रदर्शन

## कांग्रेसियों ने प्रदर्शन करते हुए नीलम चौक तक जुलूस निकाला



**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**सीपीआईएम** फरीदाबाद की जिला कमेटी के तत्वाधान में शनिवार को पेट्रोल, डीजल, और रसोई गैस की मूल्य वृद्धि के खिलाफ राज्यव्यापी विरोध प्रदर्शन के तहत पार्टी सचिव शिव प्रसाद के नेतृत्व में माकपा के नेताओं ने बीके नगर निगम चौक पर एकत्रित होकर प्रदर्शन किया। नीलम चौक तक जुलूस निकाला।

प्रदर्शनकारी डीजल पेट्रोल और गैस सिलेंडर पर बढ़ाएगी गई कीमतों को वापस लो, बढ़ती हुई महंगाई पर रोक लगाओ के नारे लगा रहे थे। यह जानकारी माकपा सचिव मंडल के सदस्य वीरेंद्र सिंह डंगवाल ने दी। प्रदर्शन स्थल पर आयोजित सभा को राज्य कमेटी के सदस्य जय भगवान ने संबोधित किया। उन्होंने पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों में की गई बेतहाशा मूल्य वृद्धि की कड़े शब्दों में भर्त्सना की। उन्होंने कहा कि इस मूल्य वृद्धि से आम जन जीवन तबाह हो गया है। माल ढुलाई बढ़ गई है। और सभी वस्तुओं की कीमतों में लगातार वृद्धि हो रही है।

केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों की वजह से आम जनता पर इसका असर पड़ रहा है। देश का गरीब मजदूर किसान सरकार की इन नीतियों से काफी परेशान है। हर रोज डीजल पेट्रोल रसोई गैस की मूल्य वृद्धि होती रहती है। जबकि तेल कंपनियों का मुनाफा 13 गुना बढ़ गया है। इसके बावजूद तेल की कीमतों में बढ़ोतरी लगातार जारी है।

पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों में हो रही वृद्धि से आम लोगों की कमर तोड दी है महंगाई कम होने का नाम नहीं ले रही है। जबकि लॉक डाउन की वजह से पहले ही देश में मजदूरों कर्मचारियों का रोजगार छीन लिया गया। सरकार ने जिन नीतियों का निर्माण किया है। उसे कॉरपोरेट घरानों को लाभ पहुंच रहा है। जबकि आम आदमी की जेब खाली होते जा रही है। डीजल पेट्रोल की कीमतों में वृद्धि की वजह से रेल किराया भाड़ा बढ़ गया है। बसों में सफर करना महंगा होता जा रहा है। आज के प्रदर्शन को वीरेंद्र पाल निरंतर पराशर लालबाबू शर्मा, नवल सिंह, के पी सिंह, महेश द्विवेदी, कामेश्वर ठाकुर ने भी संबोधित किया।

# कोरोना से एक मौत, 23 पॉजिटिव से आंकड़ा पहुंचा 46580

## शनिवार को लगाई गई 2061 लोगों को कोविड वैक्सीन

**फरीदाबाद।** शहर में जहां एक तरफ जिलेवासी कोरोना का टीका लगवाने आगे आ रहे है। वहीं दूसरी तरफ कोरोना की रफ्तार तेज होने लगी है। शनिवार को 23 पॉजिटिव आने से कोरोना का आंकड़ा 46580 पर पहुंच गया। वहीं दूसरी तरफ कोरोना से एक मरीज की मौत हो गई। जिससे जिले में मृतकों की संख्या का आंकड़ा 418 पर पहुंच गया। वहीं 14 मरीजों ने कोरोना की जंग जीत ली। जिससे जिले का रिकवरी रेट 98.9 प्रतिशत पर पहुंच गया।

### यहां से पॉजिटिव

जिले में शनिवार को 23 पॉजिटिव आए। जिसमें डबुआ कालोनी, ग्रीन वैली, अहीरवाड़ा, सेक्टर-8, सेक्टर-16, सेक्टर-31, सेक्टर-28, सेक्टर-17, सेक्टर-21, खेड़ी कला, मेवला महाराजपुर, सेक्टर-77 और अन्य एरिये से 1-1 मरीज शामिल है। वहीं सेक्टर-19, सेक्टर-88 से 2-2 मरीज है। सेक्टर-64, सेक्टर-86 से 3-3 मरीज है।



**लगवाई वैक्सीन :** जिले में प्रथम लाईन वर्करों, हेल्थ वर्करों और बीमारी से ग्रस्त और वरिष्ठ नागरिकों को वैक्सीन लगाई जा रही है। जिसके तहत शनिवार को निजी अस्पतालों में प्रथम डोज 1325 और सरकारी अस्पताल में 621 को लगाई गई। वहीं द्वितीय डोज निजी अस्पताल में 82 और सरकारी में 33 लोगों को लगाई गई। डॉ. रमेश की माने तो शनिवार को कुल 2061 को कोरोना का टीका लगाया गया।

### ये हैं आंकड़े

| | |
|---|---|
| जिले में कुल जांच | : 546986 |
| अब तक पॉजिटिव | : 46580 |
| अब तक नेगेटिव | : 499259 |
| रिपोर्ट आनी शेष | : 1147 |
| ऑक्सीजन पर है | : 2 |
| वैंटिलेटर पर है | : 1 |
| अब तक मौत | : 418 |
| अब तक ठीक | : 46068 |

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर स्वास्थ्य जांच शिविर



**फरीदाबाद।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर फरीदाबाद के संतोष अस्पताल फरीदाबाद के सहयोग से डीएवी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट फरीदाबाद के छात्र कल्याण विभाग ने 6 मार्च 2021 को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया।

स्वास्थ्य शिविर में ब्लड प्रेशर मॉनिटरिंग, डायबिटिक मॉनिटरिंग, पल्स रेट, हार्ट रेट, ऑक्सीजन लेवल, बीएमआई मेजरमेंट जैसे विभिन्न टेस्ट के प्रावधान थे। डॉ संदीप मल्होत्रा और डॉ पीयूष मल्होत्रा डॉक्टरों की टीम के साथ परामर्श और कोविद टीकाकरण के बारे में जागरूकता के लिए उपलब्ध थे। स्वास्थ्य शिविर में स्टाफ व विद्यार्थियों ने पूरी भागीदारी दिखाई। डीएवीआईएम के प्रिंसिपल डायरेक्टर डॉ संजीव शर्मा और वाइस प्रिंसिपल और रजिस्ट्रार डॉ रितु गांधी अरोड़ा ने स्टाफ और स्टूडेंट्स के सामने आ रहे स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सावधानीपूर्वक निदान करने और जरूरी कार्रवाई और सावधानियां बरतने के लिए डॉ संदीप मल्होत्रा और डॉ. पीयूष मल्होत्रा का आभार जताया। डॉ संजीव शर्मा ने संतोष अस्पताल से डॉ चंदना का संस्थान परिसर में शिविर के आयोजन में समन्वय और मदद करने के लिए धन्यवाद दिया।

## पुलिस के हत्थे चढ़ा झपटमार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच एनआईटी को गुप्त सूत्रों से मिली सूचना के आधार पर फरीदाबाद से गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। आरोपी की पहचान शंकर उर्फ पराठा निवासी डबुआ कॉलोनी फरीदाबाद के रूप में हुई है।

पूछताछ मैं आरोपी ने बताया कि आरोपी ने 2 मार्च को थाना डबुआ के अधिकार क्षेत्र से एक मोबाइल फोन छीनने की घटना को अंजाम दिया है व थाना सेक्टर 58 के अधिकार क्षेत्र से 1 मार्च को मोटरसाइकिल प्लैटिना को चोर ने की घटना को अंजाम दिया है और एक मोटरसाइकिल को थाना सराय ख्वाजा के अधिकार क्षेत्र से चोरी किया है।

क्राइम ब्रांच टीम ने बताया कि आरोपी नशे की पूर्ति के लिए चोरी व स्नैचिंग की घटनाओं को अंजाम देता है आरोपी अपराध करने का आदी है। आरोपी से दो मोटरसाइकिल वह एक मोबाइल फोन बरामद हुआ है। आरोपी को पेश अदालत कर जेल भेज दिया गया।

# हिफाजत अभियान के तहत बच्चों को किया जागरूक

## शिक्षा के साथ-साथ आत्मनिर्भर बनकर महिला सशक्तिकरण का दिया संदेश

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**बल्लभगढ़** सेक्टर 10 स्थित राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शनिवार को जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बल्लभगढ़ महिला थाना प्रभारी उप निरीक्षक माया व सहायक उपनिरीक्षक संगीता ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। स्कूल की तरफ से प्रधानाचार्य डॉ विजेंद्र कसाना, वीरबाला, रश्मि पवार, हेल्थ डिपार्टमेंट की तरफ से उर्मिला और इंदिरा हुड्डा कार्यक्रम में मौजूद रहीं।

स्कूल प्रधानाचार्य डॉ विजेंद्र कसाना ने फूल माला पहनाकर मुख्य अतिथियों का स्वागत किया। माया ने हरियाणा पुलिस द्वारा चलाए गए हिफाजत कैंपेन के तहत स्कूल की छात्राओं को बाल अपराध के प्रति जागरूक किया। उन्होंने बच्चों के विरुद्ध समाज में घटित हो रहे विभिन्न अपराधों जैसे शोषण, देह व्यापार, यौन उत्पीड़न, मानसिक प्रताड़ना आदि



के बारे में छात्राओं को जागरूक करते हुए उन्होंने बताया की इस प्रकार के अपराधों के विरुद्ध सख्त कानून बनाए गए हैं जिनके अंतर्गत अपराधियों कड़ी सजा का प्रावधान है। पोक्सो एक्ट के बारे में बताते हुए माया ने बताया कि बच्चों के अधिकारों के संरक्षण में इस कानून का अहम योगदान है। यदि उनके या उनके किसी भी साथी के साथ किसी भी प्रकार का बाल अपराध घटित होता है तो वह इसकी सूचना 1098 पर दें।

पुलिस ऐसे अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगी।

इसके साथ ही महिला सशक्तिकरण के बारे में छात्राओं और वहां पर मौजूद महिलाओं को जागरूक करते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षा हमारे जीवन का मूलभूत आधार है जो हमें हमारे अधिकारों की जानकारी प्रदान करती है। माया ने कहा कि आत्मनिर्भर बनकर महिलाएं समाज में उच्च स्थान प्राप्त कर सकती हैं। इसके लिए उन्हें उनके मूलभूत अधिकारों की जानकारी होना अति आवश्यक है। महिलाओं के विरुद्ध घटित हो रहे अपराधों के बारे में जागरूक करते हुए महिला पुलिस अधिकारियों ने बताया कि किसी भी प्रकार के महिला अपराध की सूचना पुलिस को देखकर अपराधियों को सजा दिलाने में अपना अहम योगदान दें।

## संकट से जूझ रहे सार्थियों को दिए 51-51 हजार रुपये

**फरीदाबाद।** हमारी संस्था-फीएवा के पदाधिकारियों प्रधान राजीव ओबरॉय, महासचिव गुरमीत सिंह देओल, कोषाध्यक्ष दशरथ सिंह शेखावत, सुरेंद्र कुमार, संजीव सहगल व जगबीर सिंह ने कार्यकारिणी में लिए गए, निर्णय के अनुसार आर्थिक संकट से जूझ रहे अपने दो साथियों के परिवारिक जनों को 51-51 हजार रुपए सहायता राशि के रूप में उनके घर जाकर चेक भेंट किए। सहायता राशि कोष के लिए विशेष रुप से सुनील जटवानी एवं सुरेंद्र कुमार सिटीजन प्रॉपर्टी ने 21000-21000 रुपये व कई अन्य सदस्यों ने स्वेच्छा से अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया था। समय-समय पर इस प्रकार के जनहित कार्यों के लिए संस्था के साथ मिलकर सहयोग करने वाले अपने उन सभी अदृश्य साथियों का हम तहे दिल से धन्यवाद करते हैं।

# विभागों के कारण दुखी हैं आरपीएस ग्रीनवैली के लोग

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**बड़खल** विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली आरपीएस ग्रीन वैली के लगभग 5 हजार लोग कई महीने से दुखी हैं। आरपीएस ग्रीन वैली आडब्लूए के प्रधान सतीश गुप्ता ने बताया कि कुछ अधिकारी काफी समय से क्षेत्र के लोगों को परेशान कर रहे हैं। गुप्ता के मुताबिक हमारी सोसाईटी 26 एकड़ में फैली है यहा 5000 लोग रहते है, लगभग सभी लोग सरकार को टैक्स देते हैं, लेकिन हमको सरकारी अफसरों की तरफ से बहुत दिक्कतें आ रही हैं।

उन्होंने बताया कि हमारी सोसाईटी मे एक बिजली का कनेकशन है हमारी आरडब्ल्यूए पूरी सोसाईटी मे बिजली सप्लाई करती है और बिल इकट्ठा करके बिजली विभाग को देती है। हमारे पास पानी का भी एक ही कनेकशन है हमारी





आरडब्लूए पूरी सोसाईटी को पानी डिस्ट्रीब्यूट करती है और हम सरकार को बिल देते है, ऐसे ही हमारा सीवर की सिंगल लाईन है जिसमे हम गटर के पानी को एसटीपी के जरिये साफ करके उस पानी का अपने बाग बगीचे मे इसतेमाल करते है और बचे हुऐ साफ पानी को गटर के जरिये बाहर दे देते है। लेकिन पिछले कुछ महीने से हमको सरकारी अफसरो द्वारा बहुत परेशान किया जा रहा है वो भी जबसे हम चुन कर आये है।

सतीश गुप्ता ने बताया कि हमारी सोसायटी को नगर निगम से पानी मिलने मे दिक्कत आ रही है, नगर निगम जिस पाइप से हमको पानी देता है वह पाइप आये दिन फट जाती है अफसरो को चाहिये की उस पाइप को तुरंत ठीक कराये लेकिन अफसर पाईप ठीक करने मे 5-7 दिन ले लेते है और हमको महंगे रेंटे पर पानी टैंकरों से ख़रीद कर लेना पड़ता है। उन्होंने कहा पूरी सोसायर्टी को खरीदकर पानी पीना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि पीछे से पानी की कोई कमी नहीं है लेकिन नगर निगम की लापरवाही के कारण यहाँ के हजारों लोग दुखी हैं।

सतीश गुप्ता ने बताया कि हमने अपना एक छोटा सा आफिस अपने ज़मीन पर बना रखा है जो 100 गज के अन्दर है यह आफिस हमारी सोसाईटी के गेट पर है यही से हम अपनी बिलिंग और सोसाईटी चलाने की गतिविधि करते है।

# मनमानी के खिलाफ उपायुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन कल

**फरीदाबाद।** ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल फरीदाबाद के सफाई कर्मचारियों द्वारा 8 मार्च को 12 बजे जिला उपायुक्त कार्यालय ,लघु सचिवालय, सेक्टर 12 के समक्ष प्रदर्शन किया जाएगा और जिलाधीश के माध्यम से प्रधानमंत्री भारत सरकार को ज्ञापन भेजा जाएगा।

यह प्रदर्शन अस्पताल प्रबंधन और वहां कार्यरत ठेकेदारों के मजदूरों के साथ घोर श्रम दूराचरण और मनमानी करने के खिलाफ में किया जाएगा ज्ञात हो कि जब से यह हॉस्पिटल कोविड डेडीकेटेड घोषित किया गया है तब से अब तक करीब 10 कर्मचारियों को बिना किसी कारण के, बिना किसी सूचना के, बगैर किसी जांच-पड़ताल के, झूठे आरोपों के आधार पर निकाल दिया गया है। सफाई कर्मचारियों द्वारा बार-बार अनुरोध किए गए कि इन कर्मचारियों को काम पर रखा जाये, मगर हस्पताल प्रशासन द्वारा अनसुना कर दिया गया। उसके बाद कर्मचारियों ने काले बिल्ले लगाए तथा 26 फरवरी को गेट पर 9 घंटे का धरना भी हुआ। मगर प्रशासन किसी भी तरफ से न्याय करने के लिए तैयार नहीं है। ठेकेदार के अंदर काम करने वाले मजदूरों की स्थिति पुराने जमाने के बंधुआ मजदूरों से भी बदतर की जा रही है। इनसे सप्ताह में 51 घंटे काम लिए जाते हैं। मगर कोई अतिरिक्त भुगतान नहीं किया जाता। इनको काम से निकाल देने के बाद कोई भी एजेंसी ग्रेच्युटी, छटनी का मुआवजा कानूनी देनदारी के भुगतान की जिम्मेवारी नहीं लेती है। गत वर्ष दो कर्मचारी नानक और राज बीर सिंह का निधन हो गया।

# छात्रवृत्ति वितरण समारोह का किया आयोजन

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**हरियाणा** के परिवहन एवं खनन विभाग के कैबिनेट मंत्री मूलचन्द शर्मा ने कहा कि समाज की सेवा करना और शिक्षा ग्रहण करना हमेशा स्वयं के अच्छे कार्यो में जुड़ता है। इसलिए जितना हो सके समाज की सेवा करनी चाहिए। कैबिनेट मंत्री ने यह बात आदर्श समाज सहयोग समिति फरीदाबाद द्वारा सेक्टर 16 मैगपाई में आयोजित गरीब एवं मेधावी छात्रों को छात्रवृत्ति वितरण समारोह में शिरकत कर उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कही। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर रहे थे।

कैबिनेट मंत्री मूलचन्द शर्मा ने अपने सम्बोधन में कहा कि अंतिम पंक्ति के गरीब व्यक्ति का विकास करना ही भारत सरकार और हरियाणा सरकार की नीति और रीति है।



परिवहन मंत्री मूलचन्द शर्मा ने कहा कि आज बल्लबगढ़, बड़खल और फरीदाबाद शहर में पूरे भारतवर्ष के लोग रहते है। जो हमेशा समाज के लिए अच्छे कार्य करने में लगे रहते है। परिवहन मंत्री का कहना है कि किसानों की आय को दोगुना करने के लिए सरकार नये कृषि कानून लेकर आई है। वे आने वाले दिनों में किसानों के लिए बहुत ही फायदे का सौदा होगा।

इस मौके पर उन्होंने मेधावी छात्रों को सम्मनित करते हुए कहा कि वे भारत का भविष्य है। इसलिए सभी छात्र पढ़ाई पर अपना पूरा फोकस रखें ताकि वे आगे चलकर अपने और अपने माता पिता के सपनो को साकार कर सके।

## श्रीमद्भागवत कथा में पहुंचे मंत्री

**बल्लभगढ़।** हरियाणा के परिवहन एवं खनन विभाग के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा शनिवार को सायं वैश्य अग्रवाल समाज बल्लबगढ़ द्वारा अग्रवाल धर्मशाला में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में पहुंचे। हरियाणा के कैबिनेट मंत्री मूलचन्द शर्मा ने इस मौके पर भागवत कथा वाचक गुरु डॉ संजय कृष्ण सलील व्रन्दावन से आशिर्वाद लिया और देश तथा प्रदेश की जनता के लिए सुखमय वर्ष भविष्य की कामना की।

आयोजक मंडल की तरफ से भगवान दास गोयल ने बताया इस कि यह कथा राजस्थान की संस्था नारायण सेवा के लिए आयोजित की गई है। इसमें प्राप्त धनराशि को नारायण सेवा आश्रम में दान किया जाएगा। इस मौके पर ईश्वरदास गोयल, रामकिशन बिंदल, जयकिशन गर्ग, लोकेश अग्रवाल, कन्हैया लाल गोयल, राजेश गुप्ता सहित समाज के सभी लोग मौजूद रहे।

# क्रिकेट स्टेडियम का नाम बदलने पर जमकर बरसे कांग्रेसी

**पायनियर समाचर सेवा।** फरीदाबाद

**अहमदाबाद** के मोटेरा क्रिकेट स्टेडियम का नाम सरदार वल्लभ भाई पटेल से बदलकर नरेंद्र मोदी स्टेडियम रखे जाने को लेकर आम जनता के साथ-साथ कांग्रेसियों में गहरा आक्रोश है। इसी मुद्दे को लेकर शनिवार को महिला कांग्रेस फरीदाबाद द्वारा अग्रवाल धर्मशाला ओल्ड फरीदाबाद में एक बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में मुख्यातिथि के रूप में हरियाणा कांग्रेस सेवादल की प्रदेश अध्यक्ष पूनम चौहान और कांग्रेस सेवादल महिला विंग की प्रदेशाध्यक्ष सुनीता शर्मा मौजूद रही, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता लखन सिंगला वशिष्ठ उपस्थित थे। कार्यक्रम में पहुंचने पर महिला कांग्रेस



जिलाध्यक्ष प्रियंका भारद्वाज कक्कड़ एवं महिला कार्यकर्ताओं ने मुख्यातिथियों व विशिष्ट अतिथि का फूल मालाओं से स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रगान के साथ की गई। बैठक में सेवादल की प्रदेशाध्यक्ष पूनम चौहान व महिला विंग की प्रदेशाध्यक्ष सुनीता शर्मा ने संयुक्त रूप से भाजपा सरकार के इस कार्य की निंदा करते हुए कहा कि सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हो रही है और देश का विकास करने के बजाए देशभक्तों के नाम पर रखी जगहों का नाम बदलकर उनका अपमान करने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल देश के इतिहास के एक बड़े महापुरूष रहे है, ऐसे में केंद्र की भाजपा सरकार ने मोटेरा स्टेडियम का नाम बदलकर नरेंद्र मोदी स्टेडियम रख दिया, जिसको लेकर लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं।

# संक्षिप्त समाचार

## क्रॉप बुकिंग के बारे में लोगों को किया जागरूक



**फरीदाबाद।** जिला प्रशासन के कुशल मार्गदर्शन में उप कृषि निदेशक फरीदाबाद डॉ. अनिल कुमार की अध्यक्षता में जिला फरीदाबाद के सभी पटवारी, ग्राम सचिव, कनाल पटवारी व कृषि विभाग के संबंधित अधिकारियों की एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य क्रॉप बुकिंग बारे लोगों को जागरूक करना था। बैठक में डॉ. अनिल कुमार ने बताया कि क्रॉप बुकिंग का कार्य समयबद्ध है और सभी अधिकारी अपने-अपने अलॉट किए हुए कामों में क्रॉप बुकिंग का कार्य करना अगले सप्ताह तक सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि क्रॉप बुकिंग का कार्य पटवारी द्वारा की गई गिरदावरी की वेरिफिकेशन ही है ताकि जिले में कौन-कौन सी फसल का कितना रकबा है। यह सही तरह से पता लगाया जा सके। क्रॉप बुकिंग करने के सभी अधिकारियों को इस अवसर पर प्रशिक्षण भी दिया गया। जिसमें बताया गया कि www.agriharyana.gov.in पर जा कर आवंटित गांव में क्रॉप बुकिंग करें। उन्होंने बताया कि अधिकांश अधिकारियों को 1000 से 1200 कर दिया गया है। इस अवसर पर एस.के. राजेश कुमार, एनएसके रणवीर सिंह, उपमंडल कृषि अधिकारी बल्लभगढ़ दलबीर सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि इस कार्य को पूरा करने में किसी भी प्रकार की कोई कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## बाबा का धरना दूसरे दिन भी रहा जारी



**फरीदाबाद।** प्याली-हार्डवेयर सड़क निर्माण की मांग को लेकर आज अनशनकारी बाबा रामकेवल का धरना दूसरे दिन में प्रवेश कर गया। इस अवसर पर शहर की सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने बाबा रामकेवल को अपना समर्थन दिया। धरनारत अनशनकारी बाबा रामकेवल ने कहा कि उन्हें कई खबरों के माध्यम से पता चला है कि प्रदेश के परिवहन मंत्री पं.मूलचंद शर्मा ने इस सड़क निर्माण को लेकर मुख्यमंत्री मनोहरलाल से चर्चा की है तथा जल्द ही इसी माह में इस खूनी सड़क का टैंडर छूटा जाएगा। जिसके लिए वह परिवहन मंत्री पं.मूलचंद शर्मा सहित सभी जनप्रतितिनिधियों का आभार व्यक्त करते है, लेकिन अब तक निगम प्रशासन सड़क निर्माण कार्य शुरू नहीं कर देता वह इस अनशन, धरने को जारी रखेंगे। उनका कहना है कि पूर्व के धरने के दौरान अधिकारियों ने उन्हें बरगलाते हुए बताया था कि वह जल्द ही इस सड़क का टैंडर छोड़ देंगे, लेकिन टैंडर तो छोड़ा मगर 40 लाख रुपये का वह भी केवल सड़क की मरम्मत करने का जोकि एक ही बरसात नहीं झेल पाई। बाबा रामकेवल ने कहा कि टैंडर छोड़ने के बाद जब तक सड़क निर्माण शुरू नहीं हो जाता। तब तक वह शहीद बाबा दीप सिंह चौक पर धरना समाप्त नहीं करेगें। इस अवसर पर समाजसेवी नरेन्द्र सिरोही, अभिषेक गोस्वामी, अमित कुमार, विवेक, शैली बब्बर, चमन भाटिया, पूनम भाटिया, गुलबीर सिंह, हेमराज शर्मा, गिरधारी, समाजसेवी सतीश चौपड़ा, विवेक चौधरी, दीपक त्रिपाठी, रमेश छौकर, पवन वर्मा, मनजीत सिंह, राजा बैंसला, कुलदीप सिंह सहित अनेकों लोग मौजूद थे।

## चोरी हुई बाइक बरामद

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेक्टर 48 प्रभारी उपनिरीक्षक राकेश सिंह की टीम ने गुप्त सूत्रों की सहायता से वाहन चोर आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम मोनू है। आरोपी के खिलाफ जुलाई 2020 में थाना कोतवाली के अंदर चोरी की धारा के तहत मुकदमा दर्ज है जिसमें उसने एक मोटरसाइकिल चोरी की थी। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी नशा करने का आदी है और नशे की आपूर्ति के लिए चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। आरोपी के कब्जे से चोरीशुदा मोटरसाइकिल बरामद कर ली गई है। आरोपी मोनू पुत्र जसपाल उत्तर प्रदेश के झांसी का रहने वाला है जिसे अदालत में पेश करके जेल भेज दिया गया है।

## पुलिस ने करीब 400 किलोग्राम मादक पदार्थ किया नष्ट



**फरीदाबाद।** पुलिस महानिदेशक हरियाणा के आदेशानुसार, फरीदाबाद पुलिस ने केसों में बरामद मादक पदार्थ को पुलिस आयुक्त ओपी सिंह की देखरेख में नष्ट किया। जिला फरीदाबाद में गठित ड्रग डिस्पोजल कमेटी के चेयरमैन पुलिस आयुक्त ओपी सिंह व दोनों मेंबर पुलिस आयुक्त डॉक्टर अर्पित जैन, सहायक पुलिस आयुक्त सुमेर सिंह के साथ गवाह के तौर पर समाज के गणमान्य व्यक्तियों में जसाना गांव के सुंदर पुत्र भीमसिंह व सेक्टर 28 निवासी अरविंद पुत्र ऋषिपाल की मौजूदगी में गोल्डन ईगल वेस्ट मैनेजमेंट कंपनी तिगांव रोड गांव जसाना फरीदाबाद में विभिन्न थानों के 108 मुकदमों में बरामद 398 किलो 509 ग्राम नशीले एवं मादक पदार्थ को बरामद किया। मादक पदार्थों को अपनी देखरेख में फोटोग्राफी करवा कर सुरक्षित तरीके से नष्ट किया गया। पुलिस आयुक्त ओपी सिंह (कमेटी चेयरमेन) ने बताया कि सभी मादक पदार्थों को प्रक्रिया के तहत आग लगा कर नष्ट किया गया है। ओपी सिंह ने कहा की नशीले पदार्थ मनुष्य के शरीर के साथ-साथ उसको मानसिक रूप से भी अपाहिज बना देते हैं इसीलिए नागरिक नशे से दूर रहकर समाज कल्याण में अपना योगदान दे।

## सरपंचों का विदाई समारोह आयोजित

**फरीदाबाद।** रेडिशन होटल में आयोजित सरपंचों के विदाई समारोह में पहुंचे भारत सरकार में केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर, हरियाणा कैबिनेट मंत्री मूलचन्द शर्मा और पृथला से विधायक एवं चेयरमैन नयनपाल रावत का सरपंचों ने किया पगड़ी पहना कर जोरदार स्वागत। इस मौके पर सरपंच एशोसिएशन बल्लबगढ़ के अध्यक्ष विनोद भाटी, सरपंच योगेंद्र शर्मा, फरीदाबाद सरपंच एसोसिएशन के अध्यक्ष महिपाल आर्य, सरपंच सचिन, सरपच गुरुदत्त, सरपंच प्रेम बोहरे, अनिल सरपच,कालूराम सरपंच निशार सरपंच सहित पूरे फरीदाबाद के तीनों ब्लॉकों के सरपंच मौजूद रहे।

## समाज उत्थान के लिए कार्य करेगी ब्राह्मण सभा: वत्स

**फरीदाबाद।** जिला फरीदाबाद ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष बृजमोहन वत्स ने कहा है कि समाज के उत्थान के लिए सभा की ओर से हर संभव प्रयास किए जाएंगे। जल्द ही सभा के पदाधिकारी गांव गांव जाकर ब्राह्मण समाज के लोगों से मिलकर समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने का प्रयत्न करेंगे और समाज के हर वर्ग का डाटा तैयार करके आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों को मजबूत करके समाज की मुख्यधारा से जोडऩे का काम किया जाएगा। वत्स शनिवार को ब्राह्मण धर्मशाला में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ब्राह्मण समाज का इतिहास गौरवशाली रहा है और इस इतिहास को जन-जन तक पहुंचाने के लिए भी सभा कार्य करेगी और समाज के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करके आगे बढऩे का अवसर मुहैया कराए जाएंगे।

# लोकल फॉर वोकल के साथ स्मार्ट बिजनेस जरूरी : नवीन गोयल


न्यू कालोनी मोड़ पर बेकरी संस्थान का उद्घाटन करते भाजपा युवा नेता नवीन गोयल।

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**

**देशहित** में लोकल को बढ़ावा देकर हमें अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है, ताकि हम अपने देश को मजबूत कर सकें। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकल फॉर वोकल का नारा देशवासियों को दे चुके हैं। यह बात भाजपा युवा नेता नवीन गोयल ने शनिवार को यहां न्यू कालोनी मोड़ के पास केक क्रेजी बेकरी के उद्घाटन अवसर पर कही।

इस मौके पर नवीन गोयल के साथ समाजसेवी बाली पंडित, भाजपा युवा नेता गगन गोयल, मनोहर नगर आरडब्ल्यूए के उप-प्रधान ललित कटारिया, नेहा का बेकरी संचालक अरविंद सचदेवा व उनकी टीम द्वारा भव्य स्वागत किया गया। युवा नेता नवीन गोयल ने कहा कि कोरोना काल में सब कुछ थम गया था।

### देशहित में लोकल को बढ़ावा देकर अर्थव्यवस्था मजबूत करने की कही बात

सरकार की बेहतर रणनीति के चलते ही देश मजबूती के साथ खड़ा रहा। इसी के साथ ही विदेशों के सहारे रहने की बजाय लोकल फॉर वोकल का नारा दिया गया। इसी का परिणाम यह रहा कि दुनिया में सबसे पहले भारत ने कोरोना की वैक्सीन तैयार की।

कई सोशल प्लेटफार्म जो चीन के भारत में उपयोग किए जा रहे थे, उन्हें भारत में ही तैयार कर लिया गया। उन्होंने क्रेजी बेकरी के संचालकों से भी आग्रह किया कि गुरुग्राम की सेहत का ख्याल रखते हुए गुणवत्ता के उत्पाद यहां तैयार करें। मिलावट से पूरी तरह दूर रहें। युवा नेता नवीन गोयल ने स्मार्ट दौर में स्मार्ट बनने को भी प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि स्मार्ट बिजनेस, स्मार्ट वर्किंग आज के समय की मांग है। स्मार्ट बिजनेस के माध्यम से लोगों को घर बैठे सुविधाएं देकर समय की बचत, यातायात जाम से बचाव, पर्यावरण सुधार और पेट्रोल-डीजल की बचत करें। अपने ऑर्डर को क्षेत्रवार सूची बनाकर एक-दो कर्मियों द्वारा डिलीवरी कराकर इन सभी विषयों पर सकारात्मक कार्य किया जा सकता है।

# आंदोलन को लंबा खींच तोड़ना चाहती है सरकार


किसान अध्यादेश के विरोध में धरने पर नारेबाजी करते लोग।

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**

**केंद्र** सरकार के कृषि बिलों के विरोध में किसानों द्वारा दिए जा रहे धरने के समर्थन में गुड़गांव के संयुक्त किसान मोर्चा का धरना 69वें दिन भी जारी रहा। धरने को विभिन्न संगठनों व श्रमिक यूनियनों का समर्थन मिल रहा है।

मोर्चा के अध्यक्ष संतोख सिंह का कहना है कि शनिवार को धरने में विभिन्न सामाजिक संगठनों, श्रमिक यूनियनों के प्रतिनिधि, किसान अपने हाथों पर काली पट्टियां बांधकर शामिल हुए और कृषि बिलों का विरोध करते हुए किसानों के आंदोलन का समर्थन किया। मोर्चा के

### संयुक्त किसान मोर्चा का अनिश्चितकालीन धरना 69वें दिन भी जारी

सदस्य सिंघु बॉर्डर और टीकरी बॉर्डर पर किसानों के समर्थन में पहुंचे। उन्होंने कहा कि किसानों के आंदोलन को सौ दिन पूरे हो गए हैं, लेकिन सरकार उनकी बातों को सुनने के लिए तैयार नहीं है। सरकार ने तीनों कानून पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने के लिए बनाए हैं। तीनों काले कानून रद्द किए जाएं तथा एमएसपी की गारंटी का कानून बनाया जाए। डॉ. धर्मवीर राठी, विजय यादव व मुकेश डागर, ईश्वर सिंह ने कहा कि सरकार आंदोलन को लंबा खींच कर तोड़ना चाहती आंदोलन को तोड़ने के लिए षड्यंत्र रचे जा रहे है।

सरकार क्षेत्र जाति और धर्म के नाम पर किसानों में फूट डालना चाहती है। पूंजीपतियों के दबाव में सरकार कानून वापस नहीं ले रही। सरकार पेट्रोल डीजल के दाम बढ़ा रही है जिससे किसान प्रभावित होंगे और महंगाई बढ़ेगी। धरने पर बैठने वालों में देविका सिवाच, महासिंह ठाकरान, नवनीत रोजखेडा, श्रमिक नेता अनिल पंवार, पवन नेहरा, तेज राम यादव, जेसी यादव, राजेश गोस्वामी आदि शामिल रहे।

## मारपीट व दुष्कर्म के मामले में आरोपी को 10 साल की कैद

**गुरुग्राम।** मारपीट व दुष्कर्म के मामले की सुनवाई करते हुए अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश राज गुप्ता की अदालत ने पुख्ता सबूतों व गवाहों के आधार पर आरोपी को दोषी मानते हुए 10 साल की कैद व 14 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माने का भुगतान न करने पर दोषी को 2 वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

जानकारी के अनुसार यूपी मूल की एक युवती ने 14 सितम्बर 2019 को शिवाजी नगर क्षेत्र स्थित पुलिस थाना में शिकायत दर्ज कराई थी कि वह अपनी बहन के यहां रहने के लिए आई हुई थी। उसकी बहन के पति का कुछ माह पूर्व स्वर्गवास हो चुका था। उसकी बहन के घर में पालम कालोनी दिल्ली के सुमित का आना-जाना है और उसकी विधवा बहन के सुमित के साथ भी अवैध संबंध हैं। गत 5 सितम्बर को सुमित ने उसे धोखे से नींद की गोलियां खिला दी, जिससे वह बेहोश हो गई और इसी दौरान उसने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दे डाला और उसके साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी भी दी। यूपी से परिजनों के बाद ही उसने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने सुमित के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

# दिल्ली-रेवाड़ी सेक्शन पर सभी ट्रेन चलाने को दिया मांग पत्र


पटौदी स्टेशन पर रेलवे अधिकारियों को रेल चलाने के लिए मांग पत्र सौंपते लोग।

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**

**कोरोना** काल से ही बंद ट्रेनों का संचालन ना होने के कारण दैनिक रेल यात्रियों को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके लिए पहले भी कई बार दैनिक रेल यात्री संघ पाटोदी द्वारा आवाज उठाई गई, जिसके चलते एक दो स्पेशल ट्रेन चलाई गई।

इस स्टेशन पर हजारों की संख्या में नौकरीपेशा यात्री जाते हैं तो उनको इन ट्रेनों से कोई फायदा नजर नहीं आ रहा। क्योंकि उनकी जेब पर स्पेशल ट्रेन का किराया भारी पड़ रहा है। शनिवार को रेलवे के जीएम आशुतोष गंगल, डीआरएम एससी जैन व एके यादव द्वारा दौरा किया गया। वो

### जेब पर स्पेशल ट्रेन का किराया भारी पड़ रहा है

पाटोदी स्टेशन पर रुके और जायजा लिया। जिनका स्वागत दैनिक रेल यात्री संघ पाटोदी द्वारा बुके दे कर किया गया एवं उनको पैसेंजर ट्रेन चलाने के लिए मांग पत्र सौंपा। जिसमें जीएम रेलवे ने पूर्ण आश्वासन दिया।

इस अवसर पर अध्यक्ष योगेंद्र चौहान, सुरेश भाटोटिया, मास्टर सुरेंद्र चौहान, रेलवे चौकी इंचार्ज कृष्ण कुमार, सुरेंद्र कुमार, नरेश कुमार, आरपीएफ एएसआई जगदीश सिंह मौजूद रहे।

# सेक्टर 4/7 स्थित राजकीय माध्यमिक विद्यालय में लगा योग शिविर


गुरुग्राम के सैक्टर 4/7 स्थित राजकीय माध्यमिक विद्यालय में योग करते विद्यार्थी।

**गुरुग्राम।** शिक्षा के साथ-साथ छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए केंद्र व प्रदेश की सरकारें योगा को नियमित रुप से कराने के लिए छात्रों को प्रोत्साहित कर रही हैं, ताकि छात्र शिक्षा के साथ-साथ स्वस्थ भी रह सकें और वे देश के सभ्य नागरिक बन सकें। इसी क्रम में प्रदेश के शिक्षा निदेशालय विभाग के आह्वान पर सैक्टर 4/7 स्थित राजकीय माध्यमिक विद्यालय में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्कूल की प्रधानाचार्या सुमनलता शर्मा से प्राप्त जानकारी के अनुसार स्कूल परिसर में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

योगा शिक्षक द्वारा जहां उन्हें योगा की बारीकियों के बारे में जानकारी दी गई, वहीं योगा के विभिन्न आसन भी कराए गए। प्रधानाचार्या ने छात्रों से आग्रह किया कि वे नियमित रुप से योगाभ्यास करें। स्कूल में जो योगा उन्हें कराया जाता है, घरों में भी उसका अभ्यास करें। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाओं का बड़ा सहयोग रहा।

# क्लाउड नाइन ने सेक्टर-14 में शुरू की दूसरी इकाई

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर यह महिलाओं के लिए बेहतर उपहार है

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**

**शहर** चिकित्सा सेवाओं का हब बन चुका है। लोगों को बेहतर सुविधाएं दिए जाने के कारण देश-विदेशों से लोग यहां अपना उपचार कराने के लिए आते हैं। सेक्टर-14 क्षेत्र में क्लाउड नाइन ने अपना विस्तार करते हुए संस्थान की दूसरी इकाई की स्थापना की है, ताकि गर्भवती महिलाओं व नवजात शिशुओं की बेहतर देखभाल की जा सके।


गुरुग्राम के सेक्टर-14 में क्वाउड नाइन अस्पताल का शुभारंभ करते अतिथि।

संस्थान की निदेशक डा. अन्नु कौशिक का कहना है कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर यह महिलाओं के लिए बेहतर उपहार है। क्लाउड नाइन हमेशा से महिलाओं की देखभाल के लिए प्रयासरत है। संस्थान प्रसवपूर्व और एंटेनल चेकअप प्रदान करता है जिसमें सलाह, रक्त परीक्षण, लैब स्कैन, टीकाकरण और 9 महीनों के लिए सभी ट्राइमेस्टरों के लिए आहार शामिल हैं। गभज्वती महिलाओं को स्त्री रोग व बाल रोग विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा निशुल्क परामशज़् दिया जाएगा, ताकि महिलाएं प्रसव काल में होने वाली परेशानियों से बच सकें। उनका कहना है कि महिलाओं की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए संस्थान द्वारा सभी सुविधाएं एक छत के नीचे उपलब्ध कराई जाएंगी। उनका उद्देश्य एनसीआर सहित पंजाब व हरियाणा के क्षेत्रों में भी सुविधाएं उपलब्ध कराने का है। कार्यक्रम में क्लाउड नाइन ग्रुप ऑफहॉस्पिटल्स के सीईओ रविगणेश वेंकटरमन ने कहा कि गुरुग्राम में अपनी पहली इकाई के साथ शुरुआत की थी, जिससे महिलाओं को काफी लाभ मिला।

यह नया युनिट गुरुग्राम और आसपास के शहरों के ग्राहकों को अत्यधिक विशिष्ट मातृ, चाइल्डकेअर और प्रजनन क्षमता प्रदान करने में हमारी पहल को और मजबूत करेगा। कार्यक्रम में चिकित्सा व समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली महिलाओं को सम्मानित भी किया गया।

## एमके ऑटो मोबाइल श्रमिक यूनियन ने पीएफ कमिश्नर को सौंपा ज्ञापन

**गुरुग्राम।** श्रमिकों के लंबित पड़े मामलों से श्रमिकों में कंपनी प्रबंधन व श्रम विभाग के प्रति रोष व्याप्त होता जा रहा है। अपनी मांगों को लेकर श्रमिक आए दिन प्रदर्शन आदि भी करते रहे हैं। इसी क्रम में शनिवार को एमके ऑटो मोबाइल श्रमिक यूनियन के सदस्यों ने सैक्टर 44 स्थित पीएफ कमिश्नर कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन दिया और उन्हें अपनी समस्याओं से अवगत कराया। श्रमिक संगठन एटक के जिला महासचिव कामरेड अनिल पंवार व यूनियन के महासचिव कृष्ण कुमार ने बताया कि प्रबंधन ने श्रमिकों के वेतन से पीएफ की राशि तो काट ली है, लेकिन पीएफ कार्यालय में जमा नहीं कराई है। जिसको लेकर श्रमिक संगठन द्वारा पूर्व में भी शिकायत दी गई थी, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। शनिवार को फिर से रिमाइंडर दिया गया है। उन्होंने कहा कि यदि उनके द्वारा दिए गए ज्ञापन पर कार्यवाही नहीं की गई तो श्रमिक यूनियन के सदस्य पीएफ कार्यालय पर धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन देंगे। ज्ञापन देने वालों में यूनियन के प्रधान सतीश गुर्जर, मनोज कुमार, दिगपाल, संजय कुमार, चोखेलाल आदि शामिल रहे।

# सेक्टर-54, 55, 56 में यातायात समस्या का जल्द होगा समाधान

### यातायात की समस्या पर बीजेपी युवा नेता नवीन गोयल एसीपी से मिले

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**


गुरुग्राम में एसीपी संजीव बल्हारा से मुलाकात करते लोग।

**यहां** सेक्टर-54, 55 और 56 में यातायात की समस्या को लेकर भाजपा युवा नेता नवीन गोयल के नेतृत्व में क्षेत्र के अग्रणी लोगों ने एसीपी संजीव बल्हारा से मुलाकात की। इस दौरान उन्हें क्षेत्र में सड़क पर हो रही परेशानियों से अवगत कराया गया, जिस पर उन्होंने सकारात्मक पहल करते हुए कुछ का समाधान कर दिया। बाकी के जल्द समाधान का आश्वासन दिया।

नवीन गोयल के नेतृत्व में भाजपा सरस्वती मंडल की उपाध्यक्ष नेहा अग्रवाल, सेक्टर-56 लाफ्टर क्लब के चेयरमैन आनंद तायल, संस्थापक ओपी चोपड़ा, सुजाता गुप्ता, प्रेम कुमार अरोड़ा, सीपी कपूर आदि ने एसीपी संजीव बल्हारा को बताया कि सेक्टर-56 में यातायात सिगनल नहीं है। इस वजह से यहां रोजाना दुर्घटनाएं होने का अंदेशा बना रहता है। कई बार हादसे हो भी चुके हैं। इसके साथ ही सेक्टर-56 से गोल्फ कोर्स रोड पर कई सोसायटी हैं। यहां से निकलने वाले लोगों को अगर यू-टर्न लेना पड़े तो वे करीब 6 किलोमीटर आगे जेनपेक्ट के पास से यू-टर्न लेकर आते हैं। क्योंकि बीच में कोई यू-टर्न या कट नहीं है। एक कट है, जहां से एक तरफ का यू-टर्न है। जेनपेक्ट के पास से यू-टर्न लेकर आने में इस महंगाई में पेट्रोल, डीजल बर्बाद होता है। इसलिए बीच में भी एक यू-टर्न बना दिया जाए, ताकि लोगों को सुविधा हो। इसके साथ ही सर्विस रोड बैरिकेट लगाए गए हैं, जिस कारण दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती है। एसीपी संजीव बल्हारा ने तुरंत आदेश देकर बेरिकेट हटवा दिए।

## देशी पिस्तौल के साथ गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच 48 प्रभारी उप निरीक्षक राकेश सिंह की टीम ने अवैध हथियार रखने के जुर्म में आरोपी अभिषेक उर्फ गुल्लू को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने गुप्त सूत्रों के सहायता से थाना सारण क्षेत्र से आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धाराओं के तहत थाना सारन में मुकदमा दर्ज किया गया है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी अलीगढ़ से किसी अनजान व्यक्ति के पास से एक देशी कट्टा व एक जिंदा रौंद लेकर आया था।

आरोपी इससे पहले भी चोरी के केस में एक बार जेल जा चुका है। आरोपी के कब्जे से एक देसी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद कर लिया गया है। आरोपी अभिषेक उर्फ गुल्लू पुत्र वीरपाल उत्तर प्रदेश के हापुड़ जिले का रहने वाला है जिसे अदालत में पेश करके जेल भेज दिया गया है।

# अनाज मंडी में अतिक्रमण का होगा सफाया, पुलिस को लिखा पत्र

### अपनी- आढ़तों के सामने आढ़त लगाने को पत्र के माध्यम से आदेश जारी किए हैं

**पायनियर समाचार सेवा। सोहना**

**मार्केट** कमेटी विभाग ने पुलिस प्रशासन को पत्र लिखकर अनाज मंडी में अवैध रूप से खड़े होने वाले वाहनों का हटाने की मांग की है। विभाग ने सब्जी आढ़तियों को भी अपनी- आढ़तों के सामने आढ़त लगाने को पत्र के माध्यम से आदेश जारी किए हैं।

15 मार्च के बाद कभी भी सरसों और गेहूं की सरकारी खरीद राज्य की मंडियों में शुरू हो सकती है। जिसको लेकर मार्केट कमेटी विभाग ने अनाज मंडी में तैयारियां शुरू कर दी हैं। अनाज मंडी परिसर में खड़े वाहन और रेहड़ियां खड़ी करके अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ पुलिस को पत्र लिखा है। ताकि पुलिस प्रशासन की मदद से मंडी परिसर से उन्हें हटाया जा सके।

**अपनी आढ़त पर लगाएं बोली :** मार्केट कमेटी विभाग ने पुलिस के साथ-साथ सब्जी आढ़तियों को भी पत्र लिखा है। जिसमें अनाज मंडी परिसर को तुरन्त प्रभाव से खाली करने और अपनी आढ़तों पर ही आढ़त लगाने के आदेश जारी किए हैं। यदि सब्जी आढ़ति अपनी आढ़त से बाहर सब्जी बिक्री करता है तो उसका लाइसेंस रद्द करने के साथ-साथ जुर्माना भी लगाने की तैयारी कर रही है।

**क्या कहना है सचिव का :** मार्केट कमेटी सचिव नरेश यादव ने बताया कि 15 मार्च के बाद गेहूं-सरसों की सरकारी खरीद कभी भी शुरू हो सकती है। किसानों को अपनी फसल की ढेरियां लगाने के लिए प्रयाप्त मात्रा में स्थान मिल सके।

# संक्षिप्त समाचार

### पुलिस कमिश्नर के आदेश पर मुकदमा दर्ज

**सोहना।** सोहना सदर थाना पुलिस ने पुलिस कमिश्नर के आदेश पर गांव चमनुपरा निवासी की शिकायत पर शराब के नशा में सरेआम नंगा नांचने वाले एक नामजद समेत करीब सात बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पीड़ित ने 24 जनवरी को पुलिस कमिश्नर के दरबार में शिकायत दर्ज की थी। नवनिर्वाचित ग्राम पंचायत चमनपुरा निवासी गणेश कुमार पुत्र कनीराम ने 24 जनवरी को अपने की गांव के निवासी राहुल पुत्र धर्मपाल के खिलाफ गुरुग्राम पुलिस कमिश्नर को शिकायत दर्ज कराई थी। गणेश कुमार ने पुलिस कमिश्नर को बताया कि राहुल का बदमाशों से सम्पर्क रहता है। जो 24 जनवरी को 5, 6 बदमाशों को सायं करीब साढ़े 6 बजे लेकर आ गया। बदमाश अपने साथ डीजे भी लेकर आए थे। जो उसके और मुखत्यार पुत्र नैनसुख के मकान के सामने खड़े होकर नंगा नाच नाचने लगे। नाचते हुए अश्लील हरकते कर रहे थे। दो बदमाश अपने हाथों में देशी कट्टा लेकर टेंपो में बैठे थे। इसलिए कोई भी ग्रामीण सब कुछ देखकर भी अंजान बने रहे। सदर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर उमेश कुमार ने बताया कि नामजद आरोपी समेत अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

### पांच वर्षीय बेटे संग महिला संदिग्ध हालत में लापता

**सोहना।** भोंडसी की शांति कुंज कॉलोनी निवासी महिला अपने पांच वर्षीय मासूम बेटे के साथ संदिग्ध हालत में लापता हो गई। महिला के पति ने भोंडसी में शिकायत दर्ज कराई है। शांति कुंज कॉलोनी निवासी सुजीत प्रकाश पुत्र शिव प्रसाद ने भोंडसी पुलिस को बताया कि 23 वर्षीय पत्नी चांदनी गुरुवार को घर से बाहर सामान लेने के लिए गई थी। जो अब तक नहीं लौटी। उसके अपने द्वारा किए गए प्रयासों से भी कोई सुराग नहीं लग सका है। पुलिस ने पीड़ित पति की शिकायत पर मामला दर्ज करने के बाद महिला व उसे बेटे की तलाश शुरु कर दी है।

### आईटीआई में रोजगार मेला 10 मार्च को

**सोहना।** सोहना आईटीआई में 10 मार्च को रोजगार मेला लगेगा। आईटीआई के प्रधानाचार्य विनोद खनगवाल ने बताया कि मेले में आईटीआई पास विद्यार्थियों का रोजगार उपलब्ध कराने के लिए गुरुग्राम समेत बावल, मानेसर और पलवल की कपनियों की टीम साक्षात्कार लेगी। रोजगार प्राप्त करने वाले विद्यार्थी आईटीआई सोहना अप्रैटिशशिप एवं प्लेसमेंट सेक्शन में सुबह दस बजे से सम्पर्क कर सकते हैं।

### अपहरण के दो मामले दर्ज

**पलवल।** जिले में अलग-अलग थाना क्षेत्रों से एक बालिग व एक नाबालिग लड़की का अपहरण करने के मामले प्रकाश में आए हैं। पुलिस ने पीड़ितों की शिकायतों पर आठ लोगों के खिलाफ अपहरण के मुकदमे दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। कैंप थाना प्रभारी यादराम ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित एक कॉलोनी निवासी एक पिता ने शिकायत दर्ज कराई है कि चार मार्च की रात को वह और उसके बच्चे घर में सोये हुए थे। रात करीब दो बजे उसकी 13 वर्षीय बेटी अचानक घर से लापता हो गई। पीड़ित ने शक जाहिर किया है कि उसकी बेटी को स्थानीय निवासी पवन, सोनु, कमरुद्दीन, तरुण और दीपक अपहरण करके ले गए हैं। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर नाबालिग और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी व गदपुरी थाना के जांच अधिकारी राजेंद्र सिंह ने बताया कि एक पिता ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि 27 फरवरी को उसकी 20 वर्षीय बेटी को संजीत, छंगा व चेता अपहरण करके ले गए हैं। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ मामले दर्ज कर लड़कियों व आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है, लेकिन खबर लिखे जाने तक पुलिस आरोपियों व लड़कियों का सुराग नहीं लगा सकी थी।

### दुर्घटना में हुई युवक की मौत

**पलवल।** नेशनल हाईवे-19 पर गदपुरी टोल प्लाजा के निकट दो बाइकों की भिड़ंत में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकी दूसरा उसका साथी घायल हो गया। पुलिस ने घायल की शिकायत पर अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ मुकमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। गदपुरी थाना के जांच अधिकारी विकास ने बताया कि फरीदाबाद के कबूलपुर बांगर निवासी धर्मवीर ने दी शिकायत में कहा है कि वह और उसका साथी हरीश कुमार बाइक से जा रहे थे। नेशनल हाईवे पर गदपुरी गांव के निकट बने टोल प्लाजा के पास सामने से आ रही दूसरी बाइक ने टक्कर मार दी। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल कराया, लेकिन उपचार के दौरान हरीश कुमार की मौत हो गई। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर बाइक के अज्ञात चालक के खिलाफ मुकमाद दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### जिला जेल में लावारिस मिले दो मोबाइल

**सोहना।** भोंडसी जिला जेल परिसर में दो लावारिस हालत में मोबाइल फोन बरामद हुए हैं। जेल अधिकारी की शिकायत पर भोंडसी पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। भोंडसी जिला जेल उपाधीक्षक चरणसिंह ने भोंडसी पुलिस को बताया कि शुक्रवार सुबह समय करीब पौने सात बजे क्यूआरटी टीम जेल में तलाशी अभियान के लिए निकली थी। टीम को जेल के बैरेक नंबर 11 व 12 के बीच में दो मोबाइल फोन पड़े मिले। जिसे पुलिस के हवाले कर दिए।

### मोबाइल व नकदी लूटने का दूसरा आरोपी भी अरेस्ट

**गुरुग्राम।** मारपीट करके बाइक, मोबाईल फोन व नगदी लूटने की वारदात को अन्जाम देने वाले दूसरे आरोपी को अपराध शाखा मानेसर की टीम ने काबू कर लिया है। साथ ही आरोपी के कब्जे से 1 मोबाईल फोन भी बरामद किया गया है। अपराध शाखा मानेसर के प्रभारी उप-निरीक्षक अमित कुमार को गुप्ता सूचना मिली थी कि आरोपी पटोदी खंड के बोहड़ाकलां क्षेत्र में घूम रहा है। पुलिस ने सूत्रों और तकनीक की सहायता से उस तक पहुंचने में सफलता हासिल की और उसे बोहड़ाकलां के बस स्टैंड से दबोच लिया गया। आरोपी की पहचान गौरव पुत्र जयसिंह निवासी पट्टी चैनपुरा बोहड़ा कलां, थाना बिलासपुर, गुरुग्राम के रूप में हुई। आरोपी ने अपने साथियों के साथ लूट की इस वारदात को भी कबूल कर लिया है। उसके पास से पुलिस टीम ने 1 मोबाइल फोन भी बरामद किया। बता दें कि 24 फरवरी 2021 को थाना बिलासपुर में विकास पुत्र रतनपाल निवासी बोहड़ाकलां ने शिकायत देकर कहा था कि 18 फरवरी 2021 को जब वह रात को करीब साढ़े 9 बजे अपने पिता के लिए पेट दर्द की दवा लेकर घर जा रहा था, तभी रास्ते में 3 युवकों ने उसके साथ मारपीट की। साथ में बाइक, मोबाइल व 3 हजार रुपए छीन लिए। उसकी शिकायत दर्ज करके पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी।

### कुसुम ने जीता खंड स्तरीय बेस्ट मदर का पुरस्कार



**सोहना।** भोंडसी निवासी कुसुम ने खंड स्तर पर हुई बेस्ट मदर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। दूसरे नंबर निमौठ निवासी लक्ष्मी और तीसरे नंबर पर गढ़ीबाजीदपुर निवासी सुनीता रही। शनिवार को सीडीपीओ कार्यालय परिसर में हुई खंड स्तर पर बेस्ट मदर की प्रतियोगिता में खंड के सभी सर्कल केंद्रों पर हुई प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय व तीसरे स्थान पर विजेता रहीं माताओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में माताओं से बच्चों के पोषण और स्वास्थ को लेकर प्रश्न पूछे गए। जिसमें प्रथम स्थान भोंडसी निवासी कुसुम ने प्राप्त किया। दूसरा नंबर निमौठ निवासी लक्ष्मी और तीसरे नंबर पर गढ़ीबाजीदपुर निवासी सुनीता ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली माता को 4000, दूसरे नंबर की विजेता को 3000 और तीसरे नंबर पर आने वाली विजेता को 2000 रुपये का नकद पुरस्कार दिया। जो ऑनलाइन बैंक खाते में राशि को भेजा गया। इस अवसर पर सीडीपीओ कार्यालय की तरफसे सुपरवाइजर रेखा, अनीता, अंजू और सरोज बाला समेत सभी सर्कल से आई आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मौजूद थीं।

# डीटीपी विभाग ने अवैध कॉलोनी में चलाया पीला पंजा, गिराए अवैध निर्माण

### उपायुक्त ने जिला टास्क फोर्स की बैठक में अवैध कॉलोनियों के विरुद्ध दिए थे सख्त निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। मेवात

पिछले महीने जिला उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा की अध्यक्षता में हुई जिला टास्क फोर्स की बैठक में विकसित हो रही अवैध कॉलोनियों को लेकर अधिकारियों को दिए सख्त निर्देशों का पालन करते हुए पुन्हाना-होडल और जुरहेड़ा रोड पर जिला योजनाकार अधिकारी वेदप्रकाश सहरावत के नेतृत्व में करीब 15 एकड़ अवैध भूमि पर बने निर्माण गिरा दिए।

पुन्हाना में विभाग द्वारा यह दूसरी कार्रवाई गई है। इस दौरान टीम के साथ भारी पुलिस बल भी तैनात रहा। कार्रवाई से शहर में अवैध कॉलोनी बना रहे प्रापर्टी डीलरों में हड़कंप मच गया। डीटीपी टीम ने बिना विभाग की अनुमति के निर्माण करने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी। आपको बता दें कि पुन्हाना में पिछले कई वर्षों से बेखौफ प्रॉपर्टी डीलर कृषि योग्य भूमि पर अवैध प्लॉटिंग कर भोले-भाले लोगों को अपने झांसे में लेकर फसा रहे थे। जिसकी शिकायतें लगातार जिला प्रशासन को मिल रही थी। जिसपर संज्ञान लेते हुए जिला उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने पिछले महीने हुई बैठक में अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि शहर में बिना नक्शा पास कराए चल रहे रिजॉर्ट को नोटिस देकर उन्हें सील करें। बिना नक्शा पास कराए बन रहे मकानों और अन्य निर्माण कार्यों पर रोक लगाएं। अगर कोई भी व्यक्ति निर्माण कार्य को बगैर अनुमति एवं विभागीय कार्यवाही पूरी किए बिना करता है तो उसके खिलाफ नोटिस जारी कर कार्रवाई की जाए। इसी को ध्यान में रखते हुए शुक्रवार को पुन्हाना में भारी मात्रा में अवैध कॉलोनियों पर कार्रवाई की गई है।

जिला नगर योजनाकार अधिकारी वेदप्रकाश सहरावत ने बताया कि पुन्हाना शहर के होडल व जुरहेड़ा रोड पर अवैध कॉलोनी बनाए जाने की काफी शिकायतें मिल रही थी। जिसको लेकर प्रशासन व पुलिस के साथ मिलकर शुक्रवार को अभियान चलाया गया। उन्होंने बताया की शहर में भारी मात्रा में अवैध कॉलोनियों को देखते हुए महीने में 4 से 5 बार अभियान चलाकर अवैध निर्माण ढहाया जाएगा। उन्होंने बताया की अवैध कॉलोनी बना रहे प्रापर्टी डीलरों को भी बिना अनुमति के प्लाट काटने व निर्माण न करने की चेतावनी दी है।

अवैध निर्माण करने वाले भू स्वामियों को रिकवरी नोटिस देने के साथ ही उनके खिलाफ मामला भी दर्ज कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि अवैध निर्माण करना गैर कानूनी कार्य है और इसकी इजाजत किसी को नहीं है। उन्होंने नागरिकों से शहर में कहीं भी सरकारी जमीन पर किसी भी प्रकार का अवैध निर्माण नहीं करने व अवैध कॉलोनी काटने वाले प्रॉपर्टी डीलरों के बहकावे में नही आने की अपील की है। साथ ही उन्होंने सभी प्रॉपर्टी डीलरों को चेतावनी देते हुए कहा की जो भी डीलर कार्रवाई के बाद भी दोबारा निर्माण करेगा उसे फिर से नष्ट कर दिया जाएगा।


अवैध कॉलोनियों पर चलता हुआ पीला पंजा।

# तावडू से गुजरते केएमपी पर नहीं रहा चक्का जाम का असर


केएमपी धुलावट प्लाजा पर तैनात पुलिस बल।

### पुलिस और खुफिया विभाग पूरी तरह अलर्ट

पायनियर समाचार सेवा। तावडू

जिले की सीमा से गुजर रहे केएमपी एक्सप्रेसवे पर शनिवार को संयुक्त किसान मोर्चा के चक्का जाम का तावडू क्षेत्र में असर नहीं देखा गया। आवागमन सुचारू रूप से चालू रहा। वहीं किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहा।

तावडू थाना प्रभारी चंद्रभान ने पुलिस टीम के साथ केएमपी पर पेट्रोलिंग भी की वहीं उन्होंने पुलिसकर्मियों को विभिन्न दिशा निर्देश भी दिए। वहीं खुफिया विभाग के अधिकारी व कर्मचारी भी पल-पल की रिपोर्ट अपने उच्च अधिकारियों को देते देखे गए। बता दें कि संयुक्त किसान मोर्चा ने कृषि कानूनों के विरोध मे 6 मार्च को केएमपी पर चक्का जाम का आह्वान किया हुआ था। इसके मद्देनजर नूंह जिले का प्रशासन व पुलिस भी पूरी तरह अलर्ट पर था। जिला उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा व पुलिस कप्तान नरेंद्र बिजारणिया ने किसी भी स्थिति से निपटने के लिए विभिन्न टीमों का गठन कर रखा था। तावडू से गुजरते हुए केएमपी पर देखा गया कि गांव कलवाड़ी से गांव रेवासन तक किसी प्रकार के चक्का जाम का कोई असर नहीं है। वाहनों का आवागमन सुचारू रूप से चालू रहा। किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पुलिस बल की मौजूदगी धुलावट टोल प्लाजा पर भारी पुलिस बल की मौजूदगी रही। थाना सदर थाना प्रभारी चंद्रभान ने बताया कि तावडू से गुजरते की केएमपी पर चक्का जाम का असर नहीं देखा गया। उन्होंने अपनी पुलिस टीम के साथ पेट्रोलिंग की है व जवानों को विभिन्न दिशा निर्देश दिए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### महिला दिवस पर मोहम्मदपुर अहिर में पौधारोपण



तावडू। आठ मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा विभिन्न प्रकार की प्रक्रिया आयोजित की जा रही है। शनिवार को तावडू के गांव मोहम्मदपुर अहिर में महिलाओं ने गांव में पौधारोपण किया। मोहम्मदपुर अहिर की आंगनबाड़ी वर्कर सरोज यादव ने बताया कि महिला दिवस के उपलक्ष में एक से सात मार्च तक महिला एवं बाल विकास द्वारा मेरी बेटी मेरी पहचान के तहत घरों पर नेम प्लेट लगवाई जा रही है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा महिलाओं की विभिन्न प्रकार की दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इसके अलावा, घरेलू हिंसा के प्रति जागरुकता अभियान, स्वास्थ्य पुरषो के साथ समानता आदि विषयों पर कार्यक्रम आयोजित किए हैं।

### राजकीय माध्यमिक स्कूल में एक दिवसीय योग शिविर



तावडू। उपमंडल के अंतर्गत गांव खोरी कलां के राजकीय माध्यमिक पाठशाला खोरी में एक दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के अंतर्गत हरियाणा योग आयोग के प्रशिक्षक योगाचार्य लालचंद द्वारा बच्चों को योग सिखाया गया। इस दौरान योगाचार्य लालचंद आर्य सरकार की पहल का धन्यवाद और बच्चों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने बताया कि योग किसी धर्म जाति और संप्रदाय के लिए नहीं है। योग मानव मात्र के कल्याण के लिए है। योग से व्यक्ति स्वस्थ और निरोग रहता है। स्वस्थ रहना मनुष्य का पहला धर्म है। योग से व्यक्ति शारीरिक मानसिक और आध्यात्मिक उन्नति करता है। इसलिए विद्यार्थियों को योग में विशेष रूचि होनी चाहिए। योग शिविर के समापन पर डॉ राजेश कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमेशा स्वच्छ पानी का उपयोग करना चाहिए इसके अलावा उन्होंने बच्चों से आह्वान करते हुए कहा कि बाजार की खादय सामग्री से परहेज करना होगा ताकि बीमारियों से बचा जा सके। मौके पर विद्यालय के मुख्याध्यापक होशियार सिंह, पीटीआई नरेश सांगवान, प्रीति ,ममता यादव ,जमीला राजेंद्र, साजन, सुमित्रा उमा, पूनम गांधी आदि उपस्थित रहे।

### जबरन धर्म परिवर्तन एक्ट से नहीं, अल्फाज से दिक्कत

नूंह। जैसा कि इस विधानसभा सत्र में बीजेपी सरकार द्वारा जबरन धर्म परिवर्तन और लव जिहाद को लेकर कानून बनाने के लिए कोई एक्ट विधानसभा में लाने के बात चल रही है तो जजपा जबरन धर्म परिवर्तन एक्ट पेश होने पर विचार कर सकती है, परंतु इसमें किसी धर्म विशेष को टारगेट कर या लव जिहाद जैसे गलत अल्फाजों का प्रयोग किया जाएगा तो जजपा इसके खिलाफ रहेगी। ऐसे किसी कानून का समर्थन नहीं करेगी। यह बात जजपा के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष मोहसिन चौधरी ने सख्त लहजे में कहीं। हरियाणा राज्य में निवास कर रहीं 36 बिरादरियों का हवाला देते हुए अल्पसंख्यक समेत मेवात के लोगों की आवाज प्रदेशाध्यक्ष मोहसिन चौधरी ने कहा कि सभी धर्मों के लोगों को अपना जीवन स्वतंत्र जीने का अधिकार है। किंतु यदि उसकी इच्छा के विरुद्ध जबरन धर्म परिवर्तन किया जाता है तो ऐसे ऐसी स्थिति को निपटने के लिए सख्त से सख्त कानून बनाए जाने चाहिए। आज से पहले भी ऐसे कानून बने हुए हैं। किंतु अपनी स्वेच्छा से कोई महिला या पुरुष अन्य धर्म की महिला पुरुष से शादी करती है या कोई व्यक्ति स्वेच्छा से अपना धर्म परिवर्तन करना चाहता है तो उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होनी चाहिए।

# मेवात हित की मांगों को पूरा करने का उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने दिया भरोसा


उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला को चंडीगढ़ में धन्यवाद देने के उपरांत मांगों से अवगत कराते जजपा नेता समसुद्दीन गूमल।

सेनायत खां। फिरोजपुर झिरका

जजपा हल्का प्रधान समसुद्दीन गूमल ने शनिवार को चंडीगढ़ पहुंच कर उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला को प्रदेश की नौकरियों में 75 प्रतिशत हरियाणा के युवाओं को नौकरी देने के कानून बनवाने पर मेवात के लोगों की ओर से धन्यवाद दिया, समसुद्दीन गूमल ने बजट पेश होने से पूर्व मेवात की कई जनहित की मांगों को बजट में शामिल कराने की उपमुख्यमंत्री से मांग की।

जजपा नेता गूमल ने कहा कि पार्टी की ओर से गत विधानसभा चुनावों में प्रदेश की नौकरियों में 75 प्रतिशत युवाओं को देने के लिए कानून बनाने का वायदा किया था। उपमुख्यमंत्री ने चुनाव का बड़ी घोषणा को पूरा कर दिखा दिया है कि जजपा की करनी व कथनी में कोई अंतर नहीं है। इस कानून के पास होने से पूरे प्रदेश के युवाओं में खुशी की लहर है। गूमल ने कहा कि 75 प्रतिशत युवाओं को रोजगार देने के कानून से सबसे ज्यादा मेवात जिले के बेरोजगार युवा लाभान्वित होंगे, क्योंकि जिले में बेरोजगार शिक्षित युवाओं की लंबी फौज है। जिनको बिना हिचक के सरकार के कानून बनाने के बाद गुड़गांव, आईएमटी मानेसर, फरीदाबाद में बड़ी -बड़ी कम्पनियों के अलावा सरकारी नोकरियों में रोजगार दिया जाएगा।

समसुद्दीन गूमल ने उपमुख्यमंत्री दुष्यन्त चौटाला को धन्यवाद देते हुए सुझाव दिया कि झिरका में स्कूलों में कई सालों से अध्यापकों की कमी चली आ रही है। जिसके कारण बच्चों की बेसिक शिक्षा प्रभावित हो रही है। लचर स्वास्थ्य व्यवस्था सुधारने के अलावा बालिका शिक्षा को मजबूत करने के लिए बजट में विशेष प्रावधान करने की मांग की है। समसुद्दीन गूमल ने कहा कि उपमुख्यमंत्री ने मेवात की सभी मांगों को हर हालत में पूरा करने का भरोसा दिया। दुष्यन्त चौटाला का सपना है कि मेवात को विकास में प्रदेश के अन्य जिलों के समान लाया जाएगा।

### दबंग ने गरीब लड़की का बनाया बंधक

फिरोजपुर झिरका। नगिनाथानांतर्गत खानपुर (नूंह) में चार दिन पूर्व शाम के समय गांव के ही एक युवक ने दबंगई दिखाते हुए गरीब लड़की का घर से अपहरण कर अज्ञात स्थान पर बंधक बनाए जाने का सनसनी खेज मामला सामने आया है। शनिवार को नगीना पुलिस ने लड़की के पिता की शिकायत पर गांव के ही दबंग युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू की है। चार दिन का समय गुजर चुका है, लेकिन आरोपियों के चंगुल से लड़की आजाद नहीं हो पाई है। सब्बर निवासी खानपुर (नूंह) ने शनिवार को नगीना पुलिस को शिकायत कर बताया कि चार दिन पूर्व उसकी लड़की जाहिदा घर पर अकेली थी कि पड़ोसी में रहने वाले हाकम पुत्र निज्जर ने दबंगई दिखाते हुए जाहिदा का जबरन घर से अपहरण कर लिया।

# लड़कियां हमारे घरों की शान हैं : डीपीसी मेवात

पायनियर समाचार सेवा। मेवात

शनिवार को अखनाका गांव के स्कूल में आयोजित रोल मॉडल एक्टिविटी में बच्चों और ग्रामीणों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि लड़कियों को उच्च शिक्षा दिलानी चाहिए। मेवात की लड़कियों को पराया धन न समझें और उन्हें आला तालीम दिलाएं। सरकार ने महिलाओं को शिक्षित करने के लिए फ्री बालिका वाहिनी फ्री स्कॉलरशिप और दूसरी योजनाएं चलाई हुई हैं। बेटियां आला से आला तालीम लेकर अपने देश और समाज का नाम रोशन कर सकती हैं।

डॉक्टर अब्दुल रहमान खान ने स्कूल के अध्यापकों की तारीफ करते हुए कहा कि स्कूल के अध्यापक अच्छा कार्य कर रहे हैं, स्कूल के बच्चों के लिए लगातार प्रयासरत हैं।


रोल मॉडल एक्टिविटी के दौरान को शॉल भेंट करते हुए अब्दुल रहमान डीपीसी।

डॉक्टर अब्दुल रहमान ने स्कूल में रोल मॉडल बनाई गई लड़की अंजलि को 1100 रुपये और शॉल भेंट कर सम्मानित किया। खंड शिक्षा अधिकारी इंद्रजीत सिंह मजोका ने बच्चियों को उच्च तालीम लेने की गुजारिश की।

फखरुद्दीन चेयरमैन ने जिला परियोजना अधिकारी डॉ. अब्दुल रहमान के समक्ष स्कूल को अपग्रेड करने की मांग की। उन्होंने कहा कि इसके लिए अगर जमीन की जरूरत पड़ेगी तो पंचायत से बात करेंगे। इस अवसर पर शिक्षा विभाग से एसडीओ अकरम खान के अलावा मेवात कारवां के अध्यक्ष डॉक्टर अशफाक आलम सरपंच राकेश, कायम खान मास्टर राशिद अली, विजय कुमार प्रेमचंद, अरशद अली, अध्यापक मास्टर नाजिम आजाद मेवात कारवां से बरकत मलिक, ईसब खान इरफान मलिक, मोहम्मद साद घाटा सहित सैकड़ों ग्रामीण व विद्यार्थी मौजूद थे।

# तावडू में सैनिटाइजर ड्रमों में रिसाव से कुत्तों की मौत


### स्थानीय लोगों ने बताया नगर पालिका प्रशासन की लापरवाही

पायनियर समाचार सेवा। तावडू

नगर के लोक निर्माण विभाग कार्यालय परिसर में रखे हुए सैनिटाइजर के ड्रमों में रिसाव होने से कुत्तों की मौत होने का मामला सामने आया है। स्थानीय लोगों ने इसे नगर पालिका प्रशासन की लापरवाही बताया है।

नगर पालिका सचिव ने लापरवाही बरतने वाले कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कही है। नगर के गांव बुराका-पचगांव रोड पर स्थित नगर पालिका की भूमि व लोक निर्माण कार्यालय परिसर में रखे हुए सैनिटाइजर के ड्रम अस्त-व्यस्त हालत में पड़े हुए हैं।

नगरवासी साकिर, जमालुद्दीन, हाशिम आकिब, रशीद और लोक निर्माण विभाग कार्यालय में नियुक्त एक कर्मचारी ने बताया कि ड्रमों से बिखरे हुए सैनिटाइजर को पानी समझकर आवारा कुत्ते इसमें मुंह मारते हैं। जिसके कुछ देर बाद ही वह दम तोड़ देते हैं। उन्होंने बताया कि कई कुत्तों की इस कारण मौत हो चुकी है। लोक निर्माण विभाग कार्यालय परिसर में सुपरवाइजर राहुल मौर्य ने बताया कि कुत्तों की सैनिटाइजर चाटने से मौत हो रही है। कई बार उन्होंने स्वयं मृत कुत्तों को दफनाया है। बताया कि शुक्रवार को एक बार एक कुत्ते ने इसे पानी समझ कर चाट लिया, जिसकी थोड़ी देर बाद उसकी मृत्यु हो गई । आपको बता दें कि कोराना के समय नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में सैनिटाइजिंग के लिए सैनिटाइजर के ड्रम रखे गए थे, लेकिन पिछले काफी समय से सैनिटाइजिंग नहीं की जा रही है। तो प्रशासन इन्हें रखवा कर भूल गया। बताया गया कि यह बेहद जहरीला पदार्थ है। इस बारे में नगर पालिका सचिव सुनील रंगा ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में अभी आया है इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं करेंगे। बेजुबान जानवरों की मौत का उन्हें दुख है। इसके लिए जिम्मेदार कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की होगी।


अस्त व्यस्त पड़े सैनिटाइजर ड्रम। इनसेट में मृत कुत्ता।

# सरसों की फसल मंडियों में आना शुरू हुई, मिल रहे अच्छे दाम

रिजवान कासिम। मेवात

हरियाणा में मेवात जिला सरसों उत्पादन में राज्य में दूसरे नंबर पर है। इस बार सरसों का न केवल रिकॉर्ड उत्पादन देखने को मिल रहा है बल्कि भाव भी अच्छे मिल रहे हैं। जिससे किसानों को अच्छी खासी आमदनी हो रही है। खास बात यह है कि जिस एमएसपी को लेकर सरकार - सरकारी खरीद का दावा करती है, उससे भी अधिक दामों पर इस बार प्राइवेट एजेंसी सरसों की खरीद की शुरुआत कर चुकी हैं। अभी सरकारी सरसों की खरीद शुरू भी नहीं हुई है कि उससे पहले मेवात जिले के पुनहाना अनाज मंडी में सरसों के ढेर लगे हुए हैं।

सरकार ने इस बार सरसों की फसल के भाव 4400 प्रति क्विंटल की दर से तय किए हैं। लेकिन अच्छी गुणवत्ता की सरसों की फसल व्यापारी 5000 रुपये प्रति क्विंटल से अधिक भाव में खरीद रहे हैं। मार्केट कमेटी स्टाफ के अलावा मार्केट कमेटी चेयरमैन उमेश आर्य ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि सरकार किसानों की आमदनी को दोगुणा करना चाहती है। एमएसपी से भी अधिक दामों पर किसानों की फसल पुनहाना अनाज मंडी में आढ़ती खरीद रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस बार फसल की पैदावार भी अच्छी है और भाव भी अच्छे मिल रहे हैं। मार्केट कमेटी अधिकारी ने कहा कि अनाज मंडी में सरसों इत्यादि की फसल लेकर पहुंच रहे किसानों के लिए पीने के पानी, शौचालय के अलावा सभी इंतजाम पूरे हैं। वहीं किसान का कहना है इस बार न केवल भाव अच्छे मिल रहे हैं, बल्कि भुगतान भी हाथों हाथ हो रहा है। इस बार कुदरत ने अच्छी सरसों की पैदावार दी है, तो ऊपर से भाव भी अच्छे मिल रहे हैं। कुल मिलाकर इस बार सरसों में किसी प्रकार का कोई रोग नहीं लगा और सरसों की पैदावार बीते सालों की तुलना में अच्छी हुई है, तो इससे अधिक भाव आज तक सरसों का किसानों को नहीं मिला है। भाव अच्छे मिलने से किसान परिवार खुश दिखाई दिए। उनको उम्मीद है कि इस बार उनकी आर्थिक स्थिति में गत वर्षों की तुलना में इस साल इजाफा होगा।



पुन्हाना अनाज मंडी में आने लगी सरसों, शैलेंद्र मार्केट कमेटी सचिव।

पायनियर पाठकों के लिए

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- तरुण सतीजा दुकान नंबर 3689 निकट काबली गुरुद्वारा एसजीएम नगर 7701965422
- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- कामरेड,बल्लभगढ़ रेड लाइट
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103

## नज़रिया



दिनेश रघुवंशी, कवि

**सहारा क्या बनेंगे वो जो खुद हैं राह पर फिसले**
**ज़रा सी हैसियत मिलते ही फिरते हैं यहाँ उछले**
**भला किसका करेंगे वो , उन्हें मालूम हो इतना**
**अँधेरा दिल में लेकर वो उजाला बाँटने निकले**

# फर्जी रजिस्ट्री कराकर रुपये ऐंठने के मामले में पुलिस ने की कार्रवाई

### एक पक्ष की शिकायत पर छह आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

पायनियर समाचार सेवा। तावडू

तहसील में धोखाधड़ी कर फर्जी रजिस्ट्री कराकर रुपये ऐंठने के मामले में पुलिस ने एक पक्ष की शिकायत पर छह आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। वहीं दूसरे पक्ष ने इसे राजनीतिक दवाब में की गई कार्रवाई बताया है। साकिर हुसैन पुत्र अयूब खान निवासी डालावास ने बताया कि वह फरीदाबाद के एक व्यापारी की जमीन की देखरेख और उनके लिए जमीन खरीद-फरोख्त का काम करता है।

उन्होंने बताया कि जनवरी माह में मुनीर व उसका पुत्र मुस्तकीम निवासी शिकारपुर और उनका रिश्तेदार खुशहाल निवासी खेड़ला उनके संपर्क में आए। जिन्होंने बताया कि उन्हें कुछ पैसों की जरूरत है जिसके लिए वह अपनी मोजा रहाडी में लगभग 17 कनाल 6 मरला भूमि को बेचना चाहते हैं। मामले में जमीन से सौदा तय हो गया। शाकिर के मुताबिक एक फरवरी को जमीन की रजिस्ट्री तय की गई और 22 जनवरी को आरोपी मुस्तकीम व खुशहाल ने बताया कि मुनीर के अक्सर बीमार रहने के कारण जमीन का मुख्तारनामा (मालिकाना हक) मुनीर की पत्नी हसीना के नाम करा दिया है। 28 जनवरी को उन्होंने भूमि की रजिस्ट्रेशन फीस खरीद ली। एक फरवरी को मुनीर का दामाद खुशहाल और पुत्र मुस्तकीम ने हसीना पत्नी मुनीर, मीना पुत्री मुनीर से परिचित कराया। जिसके बाद सभी ने मिलकर तहसील परिसर में विक्रेता हसीना के नाम से रजिस्ट्री की ड्राफ्टिंग कराई। जिसकी मुस्तकीम और खुशहाल ने तस्दीक की। शाकिर का आरोप है कि आरोपियों ने साज बाज होकर और उन्हें गुमराह करते हुए विश्वास में ले लिया जिसके बाद 15 फरवरी को उनसे 43 लाख 30 हजार 750 रुपये का चेक मुनीर के बैंक ओबीसी बैंक तावडू खाता के नाम ले लिया। शाकिर ने बताया कि मुस्तकीम, मुनीर, हसीना निवासी शिकारपुर, खुशहाल, खातुनी और मीना निवासी खेड़ला नूंह ने साज-बाज होकर खुशहाल की मां खातुनी को हसीना की जगह पेश करके रजिस्ट्री करा कर उनके साथ धोखाधड़ी कर उनसे 43 लाख 30 हजार 750 ऐंठ लिए। तावडू पुलिस ने सभी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दूसरे पक्ष से हसीना मुस्तकीम और मुनीर ने इसे पूरी तरह राजनीतिक दबाव में की गई कार्रवाई बताया। वह जल्दी ही मामले को कोर्ट में चुनौती देंगे।

### बुलेट की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को दिया तीन तलाक

पुन्हाना। तीन तलाक को लेकर सख्त कानून बनने के बाद भी तीन तलाक के मामले कम नहीं हो रहे हैं। विकास में पिछड़े जिले नूंह में आए दिन कहीं न कहीं तीन तलाक के मामले सामने आ रहे हैं। हाल ही में बिछौर थाने के गांव सिंगार की बेटी को बुलेट बाइक की मांग पूरी ना होने पर तीन तलाक देकर मारपीट कर घर से निकाल दिया गया है। पीड़िता की शिकायत पर बिछौर थाना पुलिस ने पति सहित 7 आरोपितों के खिलाफ दहेज के लिए, तीन तलाक देने का मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पीड़िता नूरनिशा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि मेरे पिता ने करीब ढाई वर्ष पूर्व 2019 में मेरी शादी आरिफ पुत्र हूरखां निवासी हंजनपुर थाना फिरोजपुर झिरका के साथ की थी। शादी में मेरे पिता ने अपनी हैसियत के अनुसार दान-दहेज भी दिया था, लेकिन ससुराल पक्ष के लोग इस दहेज से खुश नहीं थे।

मेवात की खबरों एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें

बेदखली सूचना, नाम परिवर्तन, गुमशुदगी, रस्म पगड़ी इत्यादि के विज्ञापन सस्ते दरों पर प्रकाशित करवाने के लिए पायनियर परिवार से जुड़िए

कासिम खान
ब्यूरो प्रमुख ( साउथ हरियाणा )
9050976800
9416103259
ओल्ड थाना पिनगवां के सामने मत्री मार्केट पिनगवां, मेवात।

पायनियर क्लासीफाइड

• नाम परिवर्तन •

I, Kiran Bala Vaid W/o Ravi Dutta R/o NH5/117, NIT-5 Faridabad have changed my name to Kiran Ravi Dutta.

• सार्वजनिक सूचना •

मैं, महिन्द्र सिंह पुत्र लिन्जा राम निवासी गांव खेड़ा खेमावती तहसील सफीदों जिला जींद ब्यान करता हूं कि मेरी लड़की परीक्षा मेरे कहने सुनने से बाहर है। इसलिए मैं इसे अपनी चल अचल सम्पति से बेदखल करता हूं। इसके लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा। इसमें मेरे व मेरे परिवार के किसी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद (हरियाणा) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा -201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक : चंदन मित्रा, स्थानीय सम्पादक : प्रवीण मोहंती । दूरभाष नंबर : (0129) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किये गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

# भ्रष्टाचार की जकड़ में अर्थव्यवस्था

***हमारे देश में भ्रष्टाचार एक बहुत बड़ी समस्या है। चाहे ग्रामीण हो या नगरीय भारत, भ्रष्टाचार ने जीवन के लगभग सभी पहलुओं को आच्छादित कर रखा है।***



**मोईन काज़ी**
(लेखक जाने-माने विकास पेशेवर हैं)



ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल (टीआई) द्वारा पिछले साल किए गए एक सर्वेक्षण में पाया गया कि भारत में एशियाई क्षेत्र में रिश्वतखोरी की दर सबसे अधिक है। ग्लोबल करप्शन बैरोमीटर (जीसीबी), एशिया शीर्षक वाले सर्वेक्षण से पता चला है कि सार्वजनिक सेवाओं का उपयोग करने के लिए व्यक्तिगत कनेक्शन का उपयोग करने वाले लोगों में राष्ट्र की दर भी सबसे अधिक है। देश में 39 प्रतिशत रिश्वत की दर है, जबकि 46 प्रतिशत लोग सेवाओं का उपयोग करने के लिए परिचित का उपयोग करते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि धीमी और जटिल नौकरशाही प्रक्रिया, अनावश्यक लालफीताशाही और अस्पष्ट नियामक ढांचे नागरिकों को परिचित और क्षुद्र भ्रष्टाचार (भारत में) के नेटवर्क के माध्यम से बुनियादी सेवाओं तक पहुंचने के लिए अन्य समाधान निकालने को मजबूर करते हैं।

देश की आर्थिक गतिशीलता की खोज को गंभीर भ्रष्टाचार द्वारा गंभीर रूप से प्रभावित किया गया है। देश को तत्काल अपने संस्थानों का आधुनिकीकरण करने और किराए पर लेने और काटने के कोनों की संस्कृति को समाप्त करने की आवश्यकता है, अगर वह अपनी अर्थव्यवस्था के चक्र को बिना किसी बाधा के रोल करना चाहता है। भ्रष्टाचार राष्ट्रविरोधी और गरीब विरोधी दोनों है क्योंकि गरीबी उन्मूलन योजनाओं के लिए संसाधनों का मतलब बेईमान राजनेताओं और नौकरशाहों से है। यह सबसे अधिक दुर्बल आर्थिक बीमारियों में से एक है जो दुनिया के बड़े हिस्से को प्रभावित करता है। भारत अब एक ऐसी स्थिति में फंस गया है, जहां कई क्षेत्रों में स्थानिक भ्रष्टाचार हो रहा है, जिसमें वे भी शामिल हैं जिन पर इसे नियंत्रित करने की जिम्मेदारी है – विधायकों से, जो कानून लिखते हैं, न्यायपालिका के लिए जो उन्हें क्रियान्वयन योग्य बनाती है और पुलिस जो उन्हें लागू करती है।

पिछले चार दशकों में, ग्रामीण गरीबों के कल्याण के लिए कई सरकारी कार्यक्रमों के बावजूद, गरीबी व्याप्त है। या तो संजाल व्यापक नहीं थे या उनमें बहुत सारे छिद्र फूटे हुए थे। क्रूर वास्तविकता यह है कि सार्वजनिक खर्च का अधिकांश हिस्सा गरीबों तक नहीं पहुंचता है। यह या तो सलाहकारों, सलाहकारों, उनके उपकरणों और अध्ययनों से युक्त डिलीवरी तंत्र द्वारा हड़प लिया जाता है , या यह जेब में चला जाता है। यह सभी सार्वजनिक वित्त पोषित कार्यक्रमों के लिए एक टचस्टोन बन गया है और अब सभी भारतीय विकास साहित्य में तोता है। निम्न-स्तर का ग्राफ्ट व्याप्त रहता है। पश्चिमी दुनिया की अधिकांश सहायता नौकरशाही व्यवस्था के नीचे चल रही है।

हमारे देश में भ्रष्टाचार एक बहुत बड़ी समस्या है, जिसने जीवन के हर पहलू को खा लिया है। यह सरकार में अविश्वास पैदा कर सकता है, नागरिक संघर्ष, हिंसा और संघर्ष पैदा कर सकता है।

जबकि गरीबों के पास सेवाओं को प्राप्त करने के लिए लोक सेवक को रिश्वत देने के लिए पैसा नहीं है जो उनका अधिकार है, उनके पास एक वोट है जो राजनेता चाहते हैं। राजनेता गरीबों के लिए जीवन को थोड़ा अधिक सहनीय बनाने के लिए कुछ नहीं करता है – भाग्यशाली लोगों के लिए एक अच्छे स्कूल में एक सीट, यहां तक कि भाग्य के लिए एक सरकारी नौकरी, इस अवसर पर ऋण माफी की अप्रत्याशित कमी या, अधिक सामान्यतः एक फोन कॉल जो उन्हें पुलिस केस दर्ज करने में मदद करता है। इस सब के लिए, राजनेता को अपने मतदाताओं का आभार मिलता है। हालांकि, उसके पास तब भी सुधार करने के लिए सिस्टम को सुधारने का बहुत कम कारण है।

मामलों की स्थिति गंभीर है, क्योंकि प्रत्येक गांव के अधिकारी को न केवल विकास योजनाओं के लिए आवेदन पत्र में तेजी लाने के लिए भुगतान किया जाना चाहिए, बल्कि विशेष रूप से इसे बाधित नहीं करना चाहिए। समस्या का कोई आसान हल नहीं है। भ्रष्ट पुलिस अधिकारियों के पास असहाय नागरिकों की कीमत पर एक कठिन समय होता है। वास्तव में, भ्रष्टाचार और गरीबी के बीच कोई संबंध नहीं है। एक ईमानदार व्यक्ति में एक अधिकारी के बजाय एक भ्रष्ट कॉन्स्टेबल को परिवर्तित करना आसान है। उच्च अधिकारियों को अपने साथियों के बीच ग्लैमर और प्रतियोगिता से स्पष्ट रूप से दूर किया जाता है, और उनके परिवारों की आकांक्षाएं, कि दुर्भावना और रिश्वत उनके जीवन का हिस्सा बन जाती हैं। निश्चित रूप से शिक्षा यहाँ एक विफलता है। मतदाता एक परिचित पारिवारिक वंशावली का पक्ष लेते हैं, आंशिक रूप से परिवार के प्रति सांस्कृतिक श्रद्धा के कारण और सदियों से चली आ रही सामंती आदतों के कारण। भारत में व्यक्तिगत गुणों या गुणों की तुलना में राजनीति में ये परंपराएं अधिक महत्वपूर्ण हैं और ये लोकतंत्र के मूल में हैं। जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं और छात्र नेताओं के पास कोई संरक्षण की बात नहीं है, और चुनावों में शामिल भारी धन और बाहुबल को देखते हुए, बाहरी लोग केवल सत्ता का सपना देख सकते हैं। वास्तव में भाई-भतीजावाद का प्रभाव राजनीति से परे है, अधिकांश व्यवसायों में राजवंशों का शासन भी है।

**पिछले चार दशकों में, ग्रामीण गरीबों के कल्याण के लिए कई सरकारी कार्यक्रमों के बावजूद गरीबी व्याप्त है। भरत अब एक ऐसी स्थिति में फंस गया है, जहां कई क्षेत्रों में स्थानिक भ्रष्टाचार हो रहा है, जिसमें वे भी शामिल हैं जिन पर इसे नियंत्रित करने की जिम्मेदारी है। क्रूर वास्तविकता यह है कि सार्वजनिक खर्च का अधिकांश हिस्सा गरीबों तक नहीं पहुंचता है। यह या तो सलाहकारों, सलाहकारों, उनके उपकरणों और अध्ययनों से युक्त डिलीवरी तंत्र द्वारा हड़प लिया जाता है , या यह जेब में चला जाता है।**

पौराणिक हाइड्रा की तरह, भ्रष्टाचार कई सिरों वाले दुश्मन की तरह है, जो सामाजिक ताने-बाने के हर हिस्से में खुद को प्रविष्ट करता है। इसका काम है राजनीति को कमजोर करना और आर्थिक विकास की संभावनाओं को खतरे में डालना। सिर के कट जाने के बाद ही यह मुरझा सकता है। यह लंबे समय से चली आ रही समस्या है कि लगातार सरकारों ने लड़ाई लड़ी है और ज्यादातर विफल रही है। ईसाई युग से लगभग तीन शताब्दियों पहले लिखे गए अपने मैग्नम ओपस अर्थशास्त्र में, राजकीय कला के शास्त्रीय गुरु कौटिल्य ने देखा, जैसा कि यह जानना असंभव है कि जब पानी में चलती मछली इसे पी रही है, तो यह असंभव है पता करें कि सरकारी कर्मचारी गलत तरीके से धन के उपक्रम के जिम्मेदार हैं।

वाक्यांश, सार्वजनिक जीवन में संभावना, एक विलोम बन गया है। कॉर्क को शुरू करने का समय तब होगा जब भ्रष्ट अधिकारी वास्तव में दोषी और दंडित होंगे। दुर्भाग्य से, हमारी आपराधिक न्याय प्रणाली का इस मोर्चे पर वास्तव में दयनीय रिकॉर्ड है। जब तक यह सही रहता है, बहुत प्रचारित गिरफ्तारियाँ बहुत कम या बिना किसी उद्देश्य के होती हैं। वे निश्चित रूप से संभावित रिश्वत लेने वालों या रिश्वत देने वालों के लिए प्रभावी निवारक के रूप में कार्य नहीं करते हैं। भ्रष्टाचार को अक्सर एक नैतिक मुद्दे के रूप में देखा जाता है। पर्याप्त लोगों को यह एहसास नहीं है कि आर्थिक कारक कितना भयावह हो सकता है। रिश्वत की लागत स्पष्ट रूप से व्यवसाय मॉडल में और इसलिए लागतों में विभाजित होनी चाहिए। देश की आर्थिक प्रणाली भ्रष्टाचार और संगठित कर चोरी की कई प्रणालियों से जुड़ी हुई है। कॉलेज छात्रवृत्ति, टैक्स रिफंड या राज्य के स्वामित्व वाले बैंक से रियायत प्राप्त करने के लिए रिश्वत दिए जाने के मामले अब आम हो गए हैं। क्षुद्र भ्रष्टाचार में कागजी कार्रवाई करने के लिए पुलिस और अधिकारियों को नोटबंदी शामिल है। व्यवसायियों को लालफीताशाही से बचने के लिए रिश्वत के तौर पर धन देना पड़ता है।

लेखक और पूर्व राजनयिक पवन वर्मा सुझाव देते हैं कि भारत में भ्रष्टाचार की दृढ़ता हमारे चरित्र में समानता का एक तनाव भी दर्शाती है : धन और शक्ति की सफल खोज में कोने में कटौती और नियम-तोड़ने को सहन करने की इच्छा। भ्रष्टाचार, निश्चित रूप से भारत के लिए अद्वितीय नहीं है, वह बीइंग इंडियन में लिखते हैं। जो अद्वितीय है वह इसकी स्वीकृति का स्तर है, और रचनात्मक तरीके जिसमें यह निरंतर है। भारतीय लोग परिष्कार की एंटीसेप्टिक परिभाषाओं की सदस्यता नहीं लेते हैं ... सही और गलत की उनकी समझ नैतिकता की पूर्ण धारणाओं की तुलना में प्रभावकारिता से कहीं अधिक संबंधित है।

अधिकांश भारतीय व्यवसाय अघोषित आय को रोक दिए बिना जीवित नहीं रह सकते हैं या प्रतिस्पर्धी नहीं रह सकते हैं। घर बेचने वाले लगभग हर व्यक्ति ने नकद में भुगतान का एक हिस्सा ले लिया है और उस पर कर लगा दिया है। गुप्त धन की विशाल मात्रा अभी भी हमारी प्रणाली का एक हिस्सा है।

समाधान यह सुनिश्चित करने में निहित है कि केंद्रीय जांच ब्यूरो सरकार के हस्तक्षेप से मुक्त रहे और भ्रष्टाचार के मामलों का खुलासा करने वालों, गवाहों और पत्रकारों को सुरक्षित रखा जाए। निश्चित रूप से सरकार को यह महसूस करना चाहिए कि बढ़ता भ्रष्टाचार भारतीय विकास की कहानी में गतिरोधक साबित हो सकता है। इस पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने करने के लिए एक मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति की जरूरत है। एक मजबूत नागरिक समाज या एक स्वतंत्र न्यायपालिका के बिना सरकारी सत्ता की जांच करने के लिए, राजनीतिक वर्ग जटिल हो सकता है। हमें भ्रष्टाचार से छुटकारा पाने के लिए एक लंबी दूरी तय करनी होगी और इसमें अधिक समय लगने की आवश्यकता हो सकती है क्योंकि समय समाप्त हो रहा है।

# कश्मीर में आतंक का नया चेहरा

***छवि सुधार के लिए प्रयासरत पाकिस्तान भारत-विरोधी अभियान चलाने के लिए स्थानीय लोगों की भर्ती कर इसे सशस्त्र बलों के कथित अत्याचारों के विरोध की तरह पेश कर रहा है।***



**अनिल गुप्ता**
(लेखक रणनीतिक मामलों के विशेषज्ञ हैं)



इस्लामाबाद ने कश्मीर में प्रासांगिक बने रहने के लिए 5 अगस्त, 2019 के बाद अपनी रणनीतियों में परिवर्तन का प्रयास किया है। लेकिन पाकिस्तान के ज्यादातर कदम या तो विफल हो गए या उनका उल्टा नतीजा निकला। जहां तक पाक-प्रायोजित आतंक का सवाल है, उसने फिर एक बार भारत सरकार द्वारा सामान्य स्थिति बहाल करने और कश्मीर में शांति स्थापना को धक्का देने का प्रयास किया है। यह पाकिस्तान का अंतिम प्रयास है जो विफल हो सकता है, लेकिन निश्चित रूप से इससे स्थिति सामान्य बनाने की प्रक्रिया में थोड़ा विलम्ब होगा।

कश्मीर में आतंक की देशी किस्म की लहर पैदा की जा रही है। दुनिया भर में आतंक के गढ़ तथा सीमापार से आतंक के सबसे बड़े प्रायोजक के रूप में पहचाने जाने के बाद पाकिस्तान अपनी छवि सुधारने के लिए परेशान है। वह भारत के खिलाफ अपनी घृणित योजना की पूर्ति के लिए स्थानीय लोगों की भर्ती कर उनको सरकारी बलों द्वारा किए अत्याचारों के खिलाफ देशी प्रतिरोध के रूप में पेश करना चाहता है। वैश्विक संस्था वित्तीय कार्रवाई कार्यबल-एफएटीएफ द्वारा आतंकी फंडिंग व फाइनेंसिंग के कारण काली सूची में डाले जाने के भय से इस्लामाबाद सीमापार से आतंक का गोपनीय प्रायोजक बनने को मजबूर है।

कश्मीर में आतंकी संगठन के पहचाने चेहरों, जैसे लश्करे तैयबा, जैशे मुहम्मद व हिज्बुल मुजाहिदीन के स्थान पर नए चेहरे, जैसे द रेसिस्टेंस फोर्स-टीआरएफ, लश्करे मुस्तफा, गजनवी फोर्स व अल बद्र सामने आ रहे हैं। इनमें से अधिकांश समूह नई बोतल में पुरानी शराब की तरह हैं जिनके अधिकांश कार्यकर्ताओं की स्थानीय स्तर पर भर्ती हुई है। लेकिन उनकी कार्यशैली व वित्तीय नियंत्रण पाकिस्तानी आकाओं के पास है। ये नए आतंकी संगठन अपने मूल संगठनों से अच्छी तरह जुड़े हैं तथा अपने संपर्कों के माध्यम से घाटी में हथियारों की स्मगलिंग कर रहे हैं।

जिहाद के नाम पर आतंकी बनने को ललचाए जाने वाले स्थानीय नौजवानों को सोशल मीडिया मंचों तथा भारत-विरोधी नेताओं व मुल्लाओं के भाषणों के माध्यम से उग्र बनाया जाता है। उनका प्रशिक्षण पाक अधिकृत जम्मू कश्मीर या अफगानिस्तान के बजाय दक्षिण कश्मीर के जंगलों में होता है और आतंकवाद में उनका प्रवेश सुरक्षा बलों या भीड़ भरे स्थलों पर हथगोले फेंक कर होता है। ग्रामीण से शहरी विद्रोह की ओर ध्यान दिया जा रहा है। श्रीनगर के आसपास केन्द्रित करने के साथ ही अब जम्मू भी आतंकियों के निशाने पर है। निशानों के चयन में भी बदलाव आया है। सुरक्षा बलों पर बड़े हमलों या उनके शिविरों पर आत्मघाती हमलों के बजाय अब आतंकी लक्षित हत्याओं तथा आईईडी के प्रयोग पर ध्यान देते हैं। आजादी के बजाय अब निजामे मुस्तफा, यानी शरीया कानून स्थापित करने पर जोर है ताकि कश्मीर में स्थानीय आतंकियों को बनाए रखा जा सके। प्रेरित व लक्षित हत्याओं का मुख्य निशाना अब अल्पसंख्यक व पुलिस कर्मी हैं।

पहले आतंकियों से जब्त हथियार पाकिस्तानी संलिप्तता का बड़ा प्रमाण होते थे क्योंकि वे पाकिस्तान या चीन निर्मित होते थे। इससे निपटने के लिए अब इस्लामाबाद कश्मीरी आतंकियों को बिहार से हथियार खरीदने को कह रहा है। बिहार से हथियार लाने पर कानून-व्यवस्था लागू करने वाली एजेंसियों की नजर है जो 'लाल गलियारे' में माओवादियों का भी हथियार प्राप्त करने का स्रोत है। इस कारण सुरंगों व ड्रोन के माध्यम से हथियार स्मगलिंग का प्रयास भी होता है, लेकिन इसके बावजूद आतंकियों को हथियार सप्लाई में कमी आई है। पाकिस्तान कश्मीर को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर टकराव का एक बिंदु बनाए रखना चाहता है। वह यहां बाहरी निवेश को रोक कर बेरोजगारी बनाए रखना चाहता है ताकि नोजवानों को उग्रवाद में धकेला जा सके, 1990 दशक की तरह अल्पसंख्यकों में भय का माहौल पैदा किया जाए तथा कश्मीरी पंडितों की वापसी में बाधा डाली जाए। नौजवानों को बेरोजगार और निराश बनाए रख कर पाकिस्तान सुनिश्चित करना चाहता है कि जिहादियों की भर्ती कम न होने पाए। असुरक्षित परिवेश से पर्यटकों को भी कश्मीर से दूर रखा जा सकता है जिससे पर्यटन व दस्तकारी उद्योग की बहाली में बाधा आएगी जो कश्मीरी अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। पाकिस्तान जनसंख्या संरचना में परिवर्तन पर विमर्श आगे बढ़ाने में कुछ सफल हुआ है। वह केन्द्र सरकार के समर्थन से आरएसएस-भाजपा के हिंदुत्व एजेंडे को कश्मीर के मुस्लिम-बहुल चरित्र पर खतरा बता रहा है।

**कश्मीर की तरह आईएसआई जम्मू क्षेत्र में भी असुरक्षा पैदा करना चाहती है ताकि भविष्य में निवेश रोका जा सके। आईएसआई इस बात से परेशान है कि जम्मू कश्मीर सरकार नए उद्योगों को जम्मू-कठुआ पट्टी तक सीमित रखने के बजाय निवेशकों को सुदूर जिलों में भी निवेश के लिए प्रेरित कर रही है। जम्मू कश्मीर में आतंक की नई लहर को उभरने से पहले ही कुचलना होगा, नहीं तो यह बहुत हानिकारक हो सकती है।**

दुर्भाग्य से कश्मीर के अनेक तथाकथित राष्ट्रवादी मुख्यधारा के नेता भी मुखर रूप से इस पाकिस्तानी विमर्श को बढ़ावा दे रहे हैं। पाकिस्तानी 'डीप स्टेट' केवल कश्मीर तक सीमित विद्रोह से संतुष्ट नहीं है क्योंकि इससे दुनिया भर में उसका विमर्श कमजोर पड़ता है। अगस्त, 2019 के बाद उसने जम्मू में भी उग्रवाद फैलाने का प्रयास किया है। अनेक स्लीपर सेल बनाए गए हैं तथा आतंकियों को सांप्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने के लिए 'लोन वुल्फ' हमलों के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। आईएसआई द्वारा जम्मू में उग्रवाद फैलाने के प्रयास का एक और कारण है। जम्मू अंतरराष्ट्रीय सीमा के निकट है तथा उसकी मिश्रित जनसंख्या संरचना पंजाब के निकट है जो आईएसआई का एक और निशाना है। आतंकियों द्वारा पाकिस्तानी व स्थानीय कश्मीरी मुसलमानों की हत्याओं से कश्मीरियों में भारी विरोध की स्थिति बनी है।

इनसे नागरिक न केवल आतंकियों के खिलाफ हो गए हैं, बल्कि वे उनकी पहले की तरह सहायता भी नहीं कर रहे हैं। वे आतंकियों की उपस्थिति की सूचना सुरक्षा बलों को देते हैं जिसके परिणामस्वरूप अधिकांश सर्वोच्च आतंकी कमांडर मारे जा चुके हैं। इस प्रकार आतंकी जम्मू में सुरक्षित स्वर्ग बनाना ज्यादा अच्छा मानते हैं। लेकिन जम्मू कश्मीर पुलिस द्वारा टीआरएफ व लश्करे मुस्तफा के जम्मू में सर्वोच्च कमांडरों की गिरफ्तारी के बाद न केवल इन संगठनों, बल्कि पाकिस्तान में उनके आकाओं में भी घबराहट फैल गई है। भारतीय सेना द्वारा नियंत्रण रेखा पर मजबूत घुसपैठ-रोधी ग्रिड बनाने से आतंकी और उनके आका घुसपैठ के लिए अंतरराष्ट्रीय सीमा पसंद कर रहे हैं। इसके साथ ही कश्मीर या पंजाब पहुंचने के लिए भी जम्मू उपयुक्त है। नशीले पदार्थों की तस्करी और उनके वितरण के लिए भी जम्मू को इसी कारण केन्द्र बनाया जा रहा है। इस प्रकार जम्मू नार्को-आतंकवाद के आदर्श स्थान के रूप में उभर रहा है।

कश्मीर की तरह आईएसआई जम्मू क्षेत्र में भी असुरक्षा पैदा करना चाहती है ताकि भविष्य में निवेश रोका जा सके। आईएसआई इस बात से परेशान है कि जम्मू कश्मीर सरकार नए उद्योगों को जम्मू-कठुआ पट्टी तक सीमित रखने के बजाय निवेशकों को सुदूर जिलों में भी निवेश के लिए प्रेरित कर रही है। जम्मू कश्मीर में आतंक की नई लहर को उभरने से पहले ही कुचलना होगा, नहीं तो यह बहुत हानिकारक हो सकती है। निश्चित रूप से हमारे नेताओं, विशेषज्ञों और नीति निर्माताओं को अतीत से सबक ले कर स्थाई शांति की राह में बाधायें नहीं आने देनी चाहिए।

आतंकवाद चाहे आयातित हो या स्वदेशी, शांति का दुश्मन है तथा जिहादी पूरी मानवता के शत्रु हैं। दुर्भाग्य से भारत में पाकिस्तान के समर्थक खामोश बने हुए हैं और परोक्ष रूप से उसके पागलपन का समर्थन कर रहे हैं। वे पाकिस्तान का नाम लेकर उसकी निन्दा करने से बचते हैं तथा अल्पसंख्यकों की लक्षित हत्याओं के खिलाफ मुखर नहीं हैं। उनकी यह प्रतिक्रिया 1990 के दशक जैसी है। केवल एकजुट होकर ही हम आतंक की विभीषिका समाप्त कर शांति बहाल कर सकते हैं।

# पैसेंजर ट्रेन शुरू होने से लोगों को मिली राहत

### किराए में वृद्धि होने पर जताई नराजगी

पायनियर समाचार सेवा। सिरसा

कोरोना महामारी के चलते करीब एक वर्ष से बंद पडी पैसेंजर ट्रेनों का हिसार -बठिंडा रूट पर आवागमन शुरू होने से यात्रियों को काफी राहत मिली है, लेकिन सरकार द्वारा ट्रेन का किराया बढ़ाने पर यात्रियों को आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। जिस पर यात्रियों ने नराजगी व्यक्त करते हुए, बढ़ाए गए किराए को वापस लेने की मांग की है।



सिरसा के कालांवाली में गाड़ी से उतरे यात्रियों की जांच करती रेलवे पुलिस।

कोरोना महामारी के चलते करीब एक वर्ष से बंद पड़ी पैसेंजर ट्रेन दूसरे दिन रेवाड़ी से चलकर बठिंडा जाने वाली शनिवार को दोपहर करीब तीन बजकर 10 मिनट पर कालांवाली रेलवे स्टेशन पर पहुंची। यही गाड़ी बठिंडा से वापिस सांय करीब साढ़े छह बजे कालांवाली पहुंचेगी। लोगों को रेलगाड़ियों के शुरू होने को लेकर पुख्ता जानकारी न होने पर स्टेशन पर यात्रियों की संख्या कम ही नजर आई, इसके अलावा रेलगाडी में भी यात्रियों की भीड़ कम थी। रेलवे द्वारा इससे पूर्व बठिंडा से दिल्ली चलने वाली किसान एक्सप्रेस को दिसंबर माह में शुरू कर दिया था, जिसमें यात्री सीट की बुकिंग करवा कर सफर कर सकता है।

रेलवे विभाग द्वारा पांच मार्च से शुरू की गई रिवाड़ी- बठिंडा पैसेंजर ट्रेन में सफर करने के लिए यात्री को सीट बुकिंग की अवश्यकता नहीं है। यह ट्रेन दोपहर करीब तीन बजे कालांवाली स्टेशन पर बठिंडा जाने के लिए पहुंचेगी और बठिंडा से चलकर सांय करीब साढ़े छह बजे कालांवाली पहुंचेगी। कालांवाली के स्टेशन मास्टर हंसराज ने बताया कि रेलवे विभाग द्वारा रविवार आठ मार्च से एक ओर पैसेंजर ट्रेन रिवाड़ी से फाजिल्का रूट पर चलाई जा रही है जो कि सुबह करीब 10 बजकर 50 मिनट पर कालांवाली स्टेशन पर पहुंचेगी, जोकि आठ मार्च को बठिंडा की ओर से चल कर दोपहर करीब दो बजे कालांवाली स्टेशन पर पहुंचेगी। इस ट्रेन में भी सफर करने के लिए सीट बुकिंग की अवश्यकता नहीं होगी।

रेलवे चौकी के प्रभारी भूप सिंह हुडा ने बताया कि ट्रेनों का संचालन होने के साथ ही सुरक्षा व्यवस्था भी बढ़ा दी है।

### गुदगुदी जंक्शन समूह ग्रुपों की कार्यकारिणी गठित

थानेसर। गुदगुदी जंक्शन समूह कुरुक्षेत्र के प्रशासन मंडल की बैठक शनिवार को सेक्टर 13 स्थित अन्नपूर्णा रसोई में हुई। संरक्षक, विश्लेषक जितेंद्र बंसल ने बताया कि संस्थापक अध्यक्ष चंद्रमौलि गौड़ की अध्यक्षता में हुई बैठक में सभी सदस्यों के परामर्श से सभी नौ व्हाट्स ऐप ग्रुपों की कार्यकारिणी गठित की। बताया कि समूह के दो मुख्य ग्रुपों जिन्हें लाफ्टर ट्रेन गुदगुदी एक्सप्रेस में क्षत्रपति भादाणी गुदगुदी एक्सप्रेस इंचार्ज, विनीत गुप्ता सहायक संचालक, डॉ. दीपक अग्रवाल संस्थापक सदस्य, अशोक भट्ट व्यवस्थापक बनाए गए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### दो एकड़ पराली में बिजली के शॉर्ट-सर्किट से आग लगी



कुरुक्षेत्र। बाबैन के अति व्यस्त पिपली रोड पर एसबीआई बैंक की शाखा के पास अचानक उस समय लोगों में हड़कंप मच गया जब एक मकान व दुकान की संयुक्त छत पर रखी गई दो एकड़ पराली में बिजली के शॉर्ट-शर्किट के कारण आग लग गई। आग पर काबू पाने के लिए पहले लोगों ने स्वयं प्रयास किए लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका। बाद में फायरबिग्रेड की गाड़ी ने मौके पर पहुंच कर बड़ी मुश्किल से आग पर काबू पाया। घटना में 2 एकड़ की पराली जो पशुओं के चारे के लिए तिरपाल ढांप कर सुरक्षित रखी हुई थी पूरी तरह जल कर राख हो गई जिससे पीड़ित परिवार के पशुओं के लिए चारे का संकट पैदा हो गया है। पीड़ित कश्मीर सिंह ने बताया कि शनिवार को दोपहर करीब ढाई बजे उसकी दुकान व मकान के करीब से गुजर रही 11 हजार केवी बिजली की तारें हवा के तेज झोके से आपस में टकरा गई जिससे उत्पन्न हुई चिंगारियों से छत लगी पराली में आग लग गई। कश्मीर ने बताया कि दोपहर के समय हवा तेज थी और चिंगारियों से सुखी पराली ने एकदम आग पकड़ ली जिससे उसकी दो एकड़ पशुओं के चारा के लिए रखी पराली जलकर स्वाहा हो गई। उन्होंने सरकार से उसके नुकसान की भरपाई करने की गुहार लगाई है।

### वात्सल्य वाटिका में संस्कृत ज्ञान परीक्षा का किया आयोजन



कुरुक्षेत्र। वात्सल्य वाटिका प्राथमिक पाठशाला ब्रह्मा कॉलोनी में संस्कृत ज्ञान परीक्षा आयोजित करवाई गई। परीक्षा वात्सल्य वाटिका कुरुक्षेत्र के संस्थापक व संचालक परम पूज्य स्वामी हरिओम दास के सानिध्य व देखरेख में आयोजित हुई। वात्सल्य वाटिका प्राथमिक पाठशाला के प्रधानाचार्य गौरव चौधरी ने कहा कि कि आज विद्या भारती संस्कृति शिक्षा संस्थान हरियाणा द्वारा आयोजित संस्कृत बोध परियोजना के अंतर्गत छात्रों व आचार्य की संस्कृत ज्ञान परीक्षा ऑफलाइन आयोजित कराई गई। इसमें छात्रों ने और आचार्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस परीक्षा के करवाने का उद्देश्य बच्चों में हमारी संस्कृति का ज्ञान ,जीवन मूल्य, नैतिक मूल्य व देश भक्ति की भावना और अपनी संस्कृति, अपनी सभ्यता के बारे में जागरूक करना है। परीक्षा होने पर संस्थापक व संचालक परम पूज्य स्वामी हरिओम दास और प्रधानाचार्य गौरव चौधरी ने सभी को बधाई और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर संत राजेंद्र सिंह कोषाध्यक्ष, डॉ. विजय दत्त शर्मा, प्रधानाचार्य गौरव चौधरी, शिवानी शर्मा, विजयलक्ष्मी पूजा और बच्चे मौजूद रहे।

### गांवों में बनाए जाएंगे नॉलेज सेंटर



रेवाड़ी। सहकारिता मंत्री डॉ. बनवारी लाल ने कहा है कि जिले में 32 नॉलेज सेंटर बनाए जा रहे हैं, जिन्हें पंचायतें आईटी सेंटर के रूप में इस्तेमाल कर सकेंगी। साथ ही पंचायत नॉलेज सेंटर में ग्रामीणों के लिए किताबों व न्यूजपेपर की व्यवस्था भी कर सकेगी। मंत्री बनवारी लाल शनिवार को ओढी गांव में नॉलेज सेंटर की आधारशिला रखने के बाद ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नॉलेज सेंटर पर 27 से 300 लाख रुपये का खर्चा किया जा रहा है। इनके बनने से ग्रामीणों को विशेषकर विद्यार्थियों को लाभ होगा। उन्होंने बताया कि शुरूआती चरण में तीन हजार से अधिक आबादी वाले गांवों में नॉलेज सेंटर बनाने की योजना बनाई गई है। उन्होंने कहा कि सरकार सभी गांवों को इंटरनेट से जोड़ने का काम कर रही है, ताकि ग्राम पंचायत अपने सभी कामों को ऑनलाइन कर सकें। सहकारिता मंत्री ने कहा कि नॉलेज सेंटर के माध्यम से ग्रामीण डिजिटली सशक्त होंगे और प्रशासन से संबंधित ज्यादातर सुविधा गांव स्तर पर संभव हो पाएगी।

### गांव बारना में 18 जरूरतमंद परिवारों को भेंट किया राशन



कुरुक्षेत्र। डेरा सच्चा सौदा के अनुयायियों ने पहले एक दिन का व्रत रखा और फिर जरूरतमंद लोगों को एक-एक माह का राशन वितरित किया। डेरा सच्चा सौदा के संत डा. गुरमीत राम रहीम सिंह द्वारा चिट्ठी के माध्यम से साध संगत को दिए गए संदेश के अनुसार साध संगत ने देश की सुख शांति व किसान आंदोलन का जल्द समाधान हो, इसके लिए एक दिन का व्रत रखा व जरूरतमंदों को एक-एक माह का राशन वितरीत किया गया। गांव बारना में शुक्रवार को नामचर्चा का आयोजन किया गया व नामचर्चा के दौरान गांव के 18 जरूरतमंद परिवारों को एक-एक माह का राशन भेंट किया गया। गांव के भंगीदास गुरदीप इन्सां, सुरेंद्र सिंह, रघुबीर सिंह, पपिंद्र सिंह, फूलकुमार, बलवान सिंह, जगदीश, नरेंद्र, राहुल, ओमी देवी, सावित्री देवी, बंती देवी, मलकीती इन्सां, ममता, धनदेवी, निर्मला, आशू व कमलेश सहित अन्य सेवादारों ने जरूरतमंदों को राशन वितरित किया। भंगीदास गुरदीप इन्सां ने कहा कि गांव में कुछ परिवारों को जहां नामचर्चा के दौरान राशन वितरित किया गया व कुछ परिवारों को उनके घरों में जाकर सेवादारों ने राशन भेंट किया है।

# पेट्रोल-डीजल और रसोई गैस की बढ़ी कीमतें वापस हों

## बेरोजगारी पर रोक लगे, किसानों के विरुद्ध काले कानून रद्द हो : माकपा

### मोदी सरकार आए दिन टैक्स बढ़ाकर पेटोल, डीजल व गैस के दाम बढ़ा रही है

पायनिसी समाचार सेवा। भिवानी।

भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के आह्वान पर जिले के माकपा कार्यकर्ताओं ने पेट्रोल डीजल व रसोई गैस के बढ़ाये दामों बढ़ती महंगाई व बेरोजगारी पर रोक लगाने की मांग को लेकर नेहरू पार्क से उपायुक्त कार्यालय तक प्रदर्शन किया। तहसीलदार के मार्फत उपायुक्त व राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा।

शनिवार के रोष प्रदर्शन व रोष सभा की अध्यक्षता जिला कमेटी सदस्य सन्तोष देशवाल ने की और संचालन




जिला सचिव मण्डल सदस्य सज्जन कुमार सिंगला ने किया। रोष प्रदर्शन व सभा को सम्बोधित करते हुए जिला सचिव कामरेड ओमप्रकाश व जिला सचिव मण्डल सदस्य अनिल कुमार ने कहा कि मोदी सरकार आए दिन टैक्स बढ़ाकर पेटोल, डीजल व गैस के दाम बढ़ा रही है। रेल भाड़े और अन्य वस्तुओं के दाम बढ़ाए जा रहे हैं। केंद्र में भर्तियों पर रोक लगाकर लाखों रिक्त पड़े पद समाप्त कर दिए हैं, सार्वजनिक क्षेत्र को तेजी से रेल, बैंक, बीमा, हवाई अड्डों का निजिकरण किया जा रहा है, युवाओं का भविष्य अंधकार मय बनाया जा रहा हैं। वही कृषि और मजदूर विरोधी काले कानून थोप कर खेती व मजदूरों का बर्बाद किया जा रहा है।

पिछले तीन महिने से ज्यादा समय हो गया है किसान आन्दोलन कर रहे है, परन्तु मोदी सरकार उनकी समस्या को सुनने की बजाए पुलिसिया ताकत से आन्दोलन को तोड़ने मे लगी हुई है। वह जनता को जात-पात व धर्म पर बाट कर पूंजिपतियों की सम्पति बढ़ाने मे लगी है। माकपा सरकार की जन विरोधी नितियों का विरोध करती है वक्ताओं ने कहा की अंतंराष्ट्रीय मार्केट में कच्चे तेल के रेट लगातार कम हो रहे हैं जबकि दूसरी ओर पिछले कई दिनों से लगातार पेट्रोल ओर डीजल के दामों में बढ़ोतरी हो रही हैं, रसोई गैस के दामों में पिछले तीन माह में 225 रुपये बढ़ोतरी करके आम जनता का कचूमर निकाला जा रहा हैं। लगातार रेट बढ़ोतरी के चलते आज 70 साल में पहली बार डीजल के रेट पेट्रोल के बराबर हो चुके हैं।

## प्रक्रिया जारी है जल्द ही पीएम मोदी करेंगे एम्स का उद्घाटन : बनवारी लाल



पायनियर समाचार सेवा। रेवाड़ी

जिले में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) बनवाने की घोषणा को हुए 6 साल हो चुके हैं। एम्स के लिए, जगह का चयन भी हुआ, दिल्ली की टीम भी आई, पंचायत ने जमीन देने का भी प्रस्ताव रखा, ग्रामीणों ने धरने- प्रदर्शन भी किए, बावजूद इसके निर्माण कार्य शुरू होना तो दूर, अभी तक सही रूप में जगह का भी चयन नहीं हुआ। जगह भी लगातार बदलती जा रही है।

एम्स को लेकर सत्ता पक्ष व विपक्ष के नेताओं के बीच वाकयुद्ध लगातार जारी है। ऐसे में राज्य के सहकारिता मंत्री डॉ. बनवारीलाल का एम्स को लेकर आज गांव करनावास में दिया गया बयान राहत देने वाला कहा जा सकता है। उन्होंने कहा कि एम्स के निर्माण की प्रक्रिया जारी है। जल्द ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा इसका शिलान्यास किया जाएगा। एम्स के निर्माण पर लगभग 22000 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

### छह साल पहले सीएम ने की थी एम्स की घोषणा

जिले के गांव मनेठी में एम्स बनाने की घोषणा स्वयं मुख्यमंत्री मनोहरलाल द्वारा वर्ष 2015 में बावल में आयोजित एक रैली में की गई थी। रैली में केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह भी मौजूद थे। दिल्ली व जयपुर को छोड़कर बीच के करीब 400 किलोमीटर लंबे हिस्से में कोई भी सरकारी बड़ा मेडिकल संस्थान नहींहै।

### अनुबंधित शिक्षका का प्रदर्शन सातवें दिन भी जारी

कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के अनुबंधित शिक्षकों का सातवें दिन भी लंच टाईम में जोर शोर से विरोध प्रदर्शन जारी रहा। अनुबंधित शिक्षकों ने अपने प्रदर्शन का आरंभ दूरवर्ती शिक्षा निदेशालय एवं जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान की संयुक्त कैंटीन से किया। अनुबंधित शिक्षकों का यह विरोध प्रदर्शन कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति से अपना न्यूनतम वेतनमान मांगने के दौरान उनसे अभद्र व्यवहार और नौकरी से निकाले की धमकी के विरोध प्रदर्शन स्वरूप चल रहा है। प्रदेश के समस्त विश्वविद्यालयों में न्यूनतम वेतनमान नियमित रूप से दिया जा रहा है।

## धरतीपुत्रों का अपमान कर रही भाजपा : नफेसिंह राठी

पायनियर समाचार सेवा। भिवानी



इनेलो के जिला प्रधान विजय पचगामा ने कहा है कि सरकार आम आदमी को बर्बाद करने पर तुली हुई है। सरकार ने गैस, पेट्रोल और डीजल के दामों में बढ़ोतरी करके महंगाई बढ़ाई है, जिससे आम आदमी का बजट बिगड़ गया है।

पेट्रोल और डीजल के रेट बढ़ने से छोटे दुकानदार और बड़े उद्योगपति सीधे रूप से प्रभावित हुये हैं। जिला प्रधान विजय पचगामा के निवास पर पहुंचे इनेलो के प्रदेशाध्यक्ष नफेसिंह राठी ने कहा कि पार्टी के प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला ने किसान हित के लिये विधायक पद को त्याग दिया। क्योंकि उनकी रगों में किसानों के मसीहा चौधरी देवीलाल का खून है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार हठधर्मी रवैया अपनाए हुये है और किसानों की मांग न मान कर धरतीपुत्रों का अपमान कर रही है। पार्टी के जिला प्रधान विजय पचगामा ने कहा कि किसान आंदोलन अब जन आंदोलन बन चुका है।

## बाबैन में बस स्टैंड की सुविधा का न होना क्षेत्रीय जनता के साथ अन्याय : संदीप गर्ग

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

समाज सेवी संदीप गर्ग ने कहा कि राजनेताओं का बाबैन क्षेत्र से अटूट रिश्ता रहा है लेकिन उसके बावजूद वे यहां के लोगों के लिए बस स्टैंड की सुविधा नहीं दिला सके है। आज बस आम आदमी की सवारी है। जिसके लिए 30-35 गांवों के प्रमुख केंद्र बाबैन में बस स्टैंड की सुविधा का न होना सरासर इस क्षेत्र की जनता के साथ अन्याय है।

राजनेताओं की करनी- कथनी में भारी अंतर होने के कारण ही लोग


पत्रकारों से बातचीत करते संदीप गर्ग लाडवा।

राजनेताओं की कार्यशाली पर सवालियां निशान लगा रहा है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से सत्तासीन नेताओं का इस क्षेत्र से सम्बंध है उस हिसाब से बाबैन क्षेत्र विकास के मामले में कुरुक्षेत्र में अव्वल होना चाहिए था लेकिन आज स्थिति उसके विपरीत है।

## करनाल में बनेगा भव्य शक्ति धाम मंदिर, भूमि पूजन आज

पायनियर समाचार सेवा। करनाल

हरियाणा के कुरुक्षेत्र में बने भव्य मंदिरों की तरह करनाल में भी शक्ति धाम से एक नया मंदिर बनने जा रहा है। रविवार को सेक्टर 36 अंसल सिटी में इस का भूमि पूजन किया जाएगा। इस मंदिर का निर्माण पारस परिवार चैरिटेबल ट्रस्ट दिल्ली की ओर से किया जा रहा है मुख्य अतिथि पारस परिवार के मुखिया भाई पारस कुमार जी भूमि पूजन विधि विधान से करेंगे।

मंदिर में मां भगवती के नौ रूप, भगवान शिव का परमपरागत स्थान शिवालय, कृष्ण मंदिर, हनुमान छत्तर, गणपति मंच, शनि देव स्थान के साथ नवग्रहों का स्थान होगा। साथ ही यहां बाबा बालक नाथ और गुरु गोरख नाथ जी का स्थान भी विशेष दिया गया है। जहां हर समय धूनी लगी रहेगी। साथ ही इस भव्य मंदिर यानि शक्ति धाम में भंडारे और श्रद्धालुओं के रुकने का अच्छा खासा इंतजाम भी किया जा रहा है। क्योंकि शक्ति धाम

### मंदिर का निर्माण पारस परिवार चैरिटेबल ट्रस्ट दिल्ली की ओर से किया जा रहा है

मंदिर के प्रागण मे 24 कमरे और 3500 स्केयर फिट रसोई का प्रबन्ध किया जा रहा है ताकि जो संगत यहां रुकना चाहे वह परिवार सहित रुक सके और कोई भी श्रद्धालु यहां इस शक्ति धाम से भूखा न जाए।

साथ ही इस शक्ति धाम के नीचे करीब 8000 स्केयर फीट का एक बेसमेंट भी बनाया जा रहा है उस जगह का नाम होगा जलवा तेरे नाम का। इस जगह पर मेडिटेषन सेंटर बनाया जा रहा है। इस मेडिटेषन सेन्टर मे सभी श्रद्धालु आकर अपने जीवन मे शक्तिपात पाकर एक नई उर्जा का संचार करेंगे और साथ ही यहाँ सभी श्रद्धालु मिलकर भक्ति गीत, शक्ति पाठ आदि का आनन्द ले सकते है।

प्रेरणा

पायनियर हरियाणा



विकेश भारतीय
लेखक एवं मोटिवेशनल स्पीकर

सुधरना चाहता है उसे कौन बिगाड़ सकता है,
जो बिगड़ना चाहता है उसे कौन सुधार सकता है,
जिसने जो ठान लिया उसने वो कर दिखाया है,
खुदा की कसम, हर शख्स को खुदा ने सोच कर बनाया है।

# तीनों कृषि कानूनों के खिलाफ किसानों ने मनाया काला दिवस

### सरकार की हठधर्मिता के चलते किसान आंदोलन होगा और मजबूत

पायनियर समाचार सेवा। भिवानी।

संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर शनिवार को किसान संगठनों के प्रतिनिधियों ने एकत्रित होकर तीन कृषि कानूनों के खिलाफ और धरनारत किसानों के समर्थन में काला दिवस मनाया।

किसान नेताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और सरकार



को काले झंडे दिखाते हुए कृषि से जुड़े तीनों काले कानून वापस लेने की मांग की। इस मौके पर सैकड़ों किसान महिलाएं भी शामिल हुईं। किसानों को संबोधित करते हुए कामरेड ओमप्रकाश ने कहा कि सरकार का अड़ियल रवैया देखते हुए किसान और ज्यादा मजबूती से आंदोलन में भागीदारी करेगा। जब तक तीनों कानून वापस नहीं हो जाते, किसान अपना संघर्ष जारी रखेंगे। किसान नेता गंगाराम श्योराण ने कहा कि संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर तीन कृषि कानूनों के खिलाफ आंदोलन जारी रहेगा। युवा कल्याण संगठन के संरक्षक कमल सिंह प्रधान ने कहा कि गांव-गांव तक इस मुहिम को ले जाया जाएगा और 36 बिरादरी के भाईचारे को एकत्रित कर दिल्ली बॉर्डर पर जाकर केंद्र सरकार पर दबाव बनाने का कार्य किया जाएगा। किसान नेता राकेश आर्य ने कहा कि जब तक सरकार तीनों कृषि कानूनों को वापस नहीं लेती, किसानों का आंदोलन यू ही जारी रहेगा। इस अवसर पर सज्जन कुमार, करतार सिंह ग्रेवाल, कामरेड कुलभूषण आर्य, रत्न जिंदल, पार्षद बलवान सिंह, अनिल शेषमा, राजबीर सिंह, सहित अनेक संगठनों से जुड़े प्रतिनिधि शामिल रहे।

### मनोहर सरकार बनी घोटालों की सरकार

करनाल। कांग्रेस के जिला संयोजक तरलोचन सिंह ने कहा है कि प्रदेश में मनोहर सरकार घोटालो की सरकार साबित हुई है। मुख्यमंत्री के निर्वाचन क्षेत्र करनाल घोटालो की नगरी बन कर रह गई है। करनाल में पिछले सात सालों में दर्जनों घोटाले हुए लेकिन अभी तक किसी आरोपी को सजा नही हुई है। स्मार्ट सिटी के नाम पर अरबो रुपये के बजट को स्वाहा बुर्द करने की तैयारी है।

करनाल विकास निधी से लेकर स्मार्ट सिटी तक का घोटाला मुख्यमंत्री के ईमानदार चरित्र की पोल खोलता है उन्होंने कहा कि कुत्तो की नसबन्दी में करोड़ो का घोटाला हुआ लेकिन आज तक किसी को सजा नही हुई उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भृष्ट अफसरों को बचा रहे है हाल ही में फर्जी प्रोपटी आई डी घोटाला की जांच सन्देह के घेरे में है मुख्यमंत्री इस घोटाले के सूत्रधार को बचा रहे है।पहले नगरनिगम के बड़े अफसरों पर गाज गिरना चाहिये थी।

## जेडी इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी ने 2021-22 के लिए शुरू की प्रवेश प्रक्रिया

हिसार। जेडी इन्स्टीट्यूट ऑफ फैशन टैक्नोलॉजी ने अकादमिक वर्ष 2021-22 के लिए अपने अंडरग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट और डिप्लोमा प्रोग्राम्स के लिए पंजीकरण शुरू कर दिए हैं। छात्र डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट जे डी इंस्टीट्यूट डॉट एजु डॉट इन, कोर्सेस/पर विभिन्न प्रोग्रामों जैसे मास्टर्स, बेचलर्स, अडवान्स्ड डिप्लोमा, पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा तथा आर्ट, डिज़ाइन, मैनेजमेन्ट, टेक्नोलॉजी, फैशन कम्युनिकेशन, फैशन फोटोग्राफी, मेकअप और हेयरस्टाइल आदि में डिप्लोमा के बारे में सम्पूर्ण जानकारी पा सकते हैं।

इन पाठ्यक्रमों के बारे में बात करते हुए श्री नीलेश दलाल, मैनेजिंग ट्रस्टी- जेडी एजुकेशनल ट्रस्ट-जेडी एजुकेशन ट्रस्ट ने कहा, जेडी इंस्टीट्यूट में हम पारम्परिक शिक्षा के दायरे से बाहर जाकर छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। हम छात्रों को सिर्फ पढ़ाते ही नहीं हैं बल्कि ओद्यौगिक विजिट, कार्यशालाओं, सेमिनारों और साझेदारियों के माध्यम से उद्योग जगत के लिए तैयार भी करते हैं। आधुनिक तकनीक, सॉफ्टवेयर एवं नए पाठ्यक्रमों के साथ हम उन्हें अपनी पसंद के क्षेत्र में आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करते हैं।

जेडी इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी भारत में डिज़ाइन शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी है और देश-विदेश के छात्रों की पहली पसंद बन चुका है। हाउस ऑफ कॉमन्स, लंदन में ग्रेट प्लेस टू स्टडी के रूप में सम्मानित यह संस्थान भारत के प्रख्यात विश्वविद्यालयों जैसे बैंगलुरू सिटी यूनिवर्सिटी और गोवा यूनिवर्सिटी के साथ जुड़ा है। हाल ही में इसने सिंघानिया यूनिवर्सिटी के साथ भी साझेदारी की है।

## आईसीआईसीआई बैंक ने होम लोन की ब्याज दर घटाकर 6.70 फीसदी की

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद।

आईसीआईसीआई बैंक ने शनिवार को होम लोन की ब्याज दर 6.70 फीसदी तक घटा दी है। संशोधित ब्याज दर बैंक द्वारा 10 वर्षों में सबसे कम है। यह 5 मार्च, 2021 से प्रभावी होगी। ग्राहक इस ब्याज दर का लाभ 75 लाख तक के होम लोन के लिए उठा सकते हैं। 75 लाख रुपये से अधिक के ऋण के लिए ब्याज दरों को 6.75 फीसदी पर आंका जाता है। ये संशोधित दरें 31 मार्च, 2021 तक उपलब्ध रहेंगी।

जो बैंक के ग्राहक नहीं है, वे होम बायर्स बैंक की वेबसाइट और मोबाइल बैंकिंग प्लेटफॉर्म 'आईमोबाइल पे' के माध्यम से परेशानी मुक्त तरीके से होम लोन के लिए आवेदन कर सकते हैं। वे अपने निकटतम आईसीआईसीआई बैंक

### ग्राहक परेशानी मुक्त और त्वरित तरीके से डिजिटल रूप से आवेदन कर सकते हैं

शाखा में एक सुविधाजनक डिजिटल अनुभव भी प्राप्त कर सकते हैं। अपने ऋण का डिजिटल रूप से तुरंत अनुमोदन भी प्राप्त कर सकते हैं।

आईसीआईसीआई बैंक के हैड- सिक्योर्ड एसेट्स रवि नारायणन ने कहा, 'हम पिछले कुछ महीनों से ऐसे उपभोक्ताओं की ओर से मांग में फिर से उछाल देख रहे हैं, जो अपने स्वयं के उपभोग के लिए घर खरीदना चाहते हैं। हमारा मानना है कि प्रचलित निम्न ब्याज दरों को देखते हुए, किसी व्यक्ति के लिए अपने सपनों के घर को खरीदने के लिए यह एक उपयुक्त समय है। किसी भी बैंक के ग्राहकों के लिए हमारे साथ होम लोन लेना बहुत सुविधाजनक होगा। हमारी पूरी तरह से डिजिटलीकृत होम लोन प्रक्रियाएं हैं, जिसमें तत्काल मंजूरी भी शामिल है। नवंबर 2020 में, आईसीआईसीआई बैंक बंधक ऋण पोर्टफोलियो में दो ट्रिलियन या दो लाख करोड़ रुपये पार करने वाला देश का पहला निजी क्षेत्र का बैंक बन गया। इसके अलावा, बैंक ने अपने वित्त वर्ष 2021 की तीसरी तिमाही के परिणामों के दौरान सूचित किया कि उसकी बंधक संवितरण दूसरी तिमाही से अधिक हो गई और दिसंबर 2020 में एक सर्वकालिक मासिक उच्च स्तर पर पहुंच गया।

इन उपलब्धियों के पीछे मॉर्गेज या बंधक ऋण प्रक्रिया को डिजिटल करके ग्राहकों को एक परेशानी मुक्त अनुभव प्रदान करने के लिए बैंक के फोकस को श्रेय दिया जा सकता है।

# हरियाणा के युवाओं को आरक्षण दे घिरी सरकार, बचाव में आए दुष्यंत

## बोले, आठ दौर की बैठकों के बाद पास हुआ है बिल

### हरियाणा के युवा को रोजगार देने वाले उद्यमी को सरकार देगी 48 हजार



**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**हरियाणा** सरकार द्वारा प्रदेश के युवाओं को निजी क्षेत्र की नौकरियों में आरक्षण प्रदान किए जाने का मुद्दा सुर्खियों में है। विपक्ष जहां इस मुद्दे को लेकर सरकार पर युवाओं को गुमराह करने का आरोप लगा रहा है वहीं केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के बयान ने विपक्ष के दावों को हवा दे दी है। इस मुद्दे पर घिरी सरकार का बचाव करने के लिए डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला आगे आ गए हैं।

दुष्यंत चौटाला ने साफ किया है कि इस कानून से हरियाणा के बेरोजगार युवाओं तथा उद्योगपतियों को लाभ पहुंचेगा। शनिवार को यहां पत्रकारों से बातचीत में दुष्यंत चौटाला ने कहा कि आरक्षण विधेयक को पास करने से पहले विभिन्न संगठनों के साथ आठ दौर की वार्ताओं का आयोजन किया गया था। इन बैठकों में मिले फीडबैक के आधार पर ही सरकार यह कानून लेकर आई है।

दुष्यंत ने महाराष्ट्र व गुजरात द्वारा लागू किए गए इस तरह के कानूनों का हवाला देते हुए कहा कि इस कानून के लागू होने से उद्योगपतियों के लिए कास्ट ऑफ लीविंग, कास्ट ऑफ ट्रांसपोर्ट तथा कर्मचारियों को दिए जाने वाले टीए आदि की बजत होगी। दुष्यंत ने कहा कि सरकार द्वारा 94 हजार युवाओं की मदद करते हुए उन्हें मासिक भत्ता दिया जा रहा है। इसके अलावा हरियाणा के युवाओं को नौकरी प्रदान करने वाले उद्योगपति को स्टेट इंसेटिव शेयर के रूप में 48 हजार रुपये प्रति व्यकित दिए जा रहे हैं।

कानून नए स्थापित होने वाले उद्योगों पर लागू होगा। जिस क्षेत्र के कर्मचारी संबंधित जिले में उपलब्ध नहीं होंगे वहां दूसरे जिलों से कर्मचारी लिए जाने का विकल्प खुला रखा गया है। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि यह कानून किसी भी पड़ोसी राज्य के लिए खतरा नहीं है। कुछ लोग इसे बिना पढ़े सवाल उठा रहे हैं। हरियाणा के युवाओं को निजी क्षेत्र में 75 प्रतिशत आरक्षण प्रदान किए जाने के मुद्दे पर बोलते हुए दुष्यंत चौटाला ने कहा कि हरियाणा सरकार ने कुछ समय पहले डोमिसाइल की मान्य अवधि को 15 वर्ष से कम करके पांच वर्ष किया है।

#### नहीं लौटेगा इंस्पेक्टरी राज

हरियाणा में आरक्षण कानून लागू होने के बाद फिर से इंस्पेक्टरी राज शुरू होने की अफवाहों को खारिज करते हुए दुष्यंत चौटाला ने साफ किया कि वर्तमान हालातों में किसी भी उद्योग परिसर के भीतर नौकरशाहों के प्रवेश की जरूरत ही नहीं है। सारा काम ऑटोमैटिक प्रणाली पर होगा। दुष्यंत ने बताया कि उद्योगपति पूरी जानकारी खुद ही कंप्यूटर पर अपडेट करेंगे। इसमें किसी अधिकारी का कोई हस्तक्षेप नहीं होगा। नया कानून लागू होने के बाद कर्मचारियों को नौकरी देने से लेकर उन्हें वेतन तक का काम कंप्यूटरीकृत होगा।

#### युवाओं को जुमले नहीं रोजगार चाहिए : सैलजा



हरियाणा कांग्रेस अध्यक्ष कुमारी सैलजा ने इस मुद्दे पर सरकार को घेरते हुए कहा है कि अब सरकार के फैसलों पर अपनों ने ही सवाल उठा दिए हैं। कुमारी सैलजा ने कहा कि यह आरक्षण नई यूनिटों में लागू होगा। उनकी मांग है कि सरकार श्वेत पत्र जारी करे कि प्रदेश में कहां-कहां नई यूनिटों पर काम चल रहा है और निवेश की क्या स्थिति है। वहीं जिला स्तर पर 10 फीसद का प्रावधान किया गया है, जिनका वेतन 50 हजार से कम रहेगा। इसके साथ ही कई अन्य शर्तें हैं, जिनको लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं की गई है।

# सदन में जनहित के मुद्दों पर चर्चा से भाग रही सरकार : किरण चौधरी

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़



### 13 ध्यानाकर्षण प्रस्ताव में से चार किए खारिज

**कांग्रेस** विधायक किरण चौधरी ने कहा कि गठबंधन सरकार जनहित के मुद्दों पर चर्चा नहीं कराना चाहती है। उनके द्वारा निजी तौर पर 13 ध्यानाकर्षण प्रस्वाव दिए गए हैं, जिसमें से चार प्रस्तावों को खारिज कर दिया है, जबकि चारों ज्वलंत मुद्दे हैं। इसके साथ ही उन्होंने केंद्र द्वारा बनाए गए तीनों कृषि कानूनों को लेकर प्रस्ताव दिया था कि तीनों कानूनों को निरस्त करने का प्रस्ताव विस की ओर से भेजा, मगर इस पर भी कोई टिप्पणी किए, इसे सिरे से खारिज कर दिया। यही नहीं किसान आंदोलन के दौरान किसानों को बांटने के लिए एसवाईएल के पानी को लेकर भाजपा के मंत्रियों ने उपवास किया, लेकिन जब उन्होंने इस पर चर्चा कराने का ध्यानाकर्षण प्रस्ताव दिया तो उसे अस्वीकार कर दिया गया।

किरण चौधरी शनिवार को एमएलए हॉस्टल में पत्रकारों से बातचीत कर रहीं थी। किरण चौधरी ने कहा कि सरकार किसानों की आय दोगुनी करने का दावा कर रही है, लेकिन जिस तरह से एपीएमसी एक्ट में संशोधन के लिए दिया गया प्राइवेट मैंबर बिल खारिज किया है, उससे सरकार की मंशा स्पष्ट हो गई है कि किसानों की आय दोगुनी करना का दावा महज जुमला है। गठबंधन सरकार को घेरते हुए कांग्रेस विधायक ने कहा कि शराब घोटाला और जहरीली शराब से 50 लोगों की मौत पर दिए गए ध्यानाकर्षण प्रस्ताव को भी सदन में अस्वीकार कर दिया गया, इससे स्पष्ट है कि सरकार घोटालों पर पर्दा डालना चाहती है।

वहीं प्रदेश में कानून व्यवस्था बिगड़ी हुई है, महिलाओं के साथ छेड़छाड़ से लेकर दुष्कर्म की घटनाएं बढ़ रही हैं और अपराध के ग्राफ में भी बढ़ोतरी हुई है। बिगड़ी हुई कानून व्यवस्था पर चर्चा कराने के लिए सरकार तैयार नहीं है। एसवाईएल के पानी को लेकर भी भाजपा दिखावा कर रही है। किसान आंदोलन को बांटने के लिए भाजपा के मंत्रियों ने एसवाईएल का पानी लाने के लिए उपवास किया, परंतु उनकी ओर से दिया गया ध्यानाकर्षण प्रस्ताव यह कहकर खारिज कर दिया कि यह ज्वलंत मुद्दा नहीं है।

## संक्षिप्त समाचार

### हमारी बेटियों को सही मार्गदर्शन की जरूरत : प्रिया असीजा



**भिवानी।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में यूथ अनबिटेबल संस्था द्वारा आंतरिक स्वच्छता को लेकर जागरुकता कार्यक्रम किया गया। संस्था संस्थापक अध्यक्ष, मिसेज हरियाणा 2018 व नार्थ इंडिया खिताब प्राप्त प्रिया असीजा और संरक्षक अमित गाबा मौजूद थे। विद्यालय की प्राचार्या किरण गिल ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रिया असीजा ने बताया कि उनकी संस्था किशोरियों की सुरक्षा और उनकी आंतरिक समस्याओं का निवारण करने के लिए कई सालों से कार्य करती आ रही है। कार्यक्रम में 500 स्कूली छात्राओं को सेनेटरी पेड भी वितरित किए और उन्हें आंतरिक स्वच्छता के बारे में विस्तार से बताया। प्रिया असीजा ने कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में सशक्त हैं। उन्होंने कहा कि हमारी बेटियों को सही मार्गदर्शन की जरूरत हैं, ताकि वे अपने सपनों को साकार करने में सही दिशा में कदम बढ़ा सकें। प्रिया ने बताया कि छात्राओं के लिए संस्था द्वारा आंतरिक स्वच्छता एवं समाधान के लिए स्कूलों में परामर्श कैंप भी लगाए जाएंगे, जिसके जरिए छात्राएं अपनी समस्याओं का महिला चिकित्सकों से कारण और उनका विवारण भी पा सकेंगी। संस्था द्वारा इस तरह की पहल पर विद्यालय प्राचार्या किरण गिल व स्टाफ सदस्यों ने भी आभार जताया।

### सड़क योजना के तहत 7 सड़कों का होगा सुधारीकरण

**सिरसा।** प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत जिला सिरसा की 88.037 किलोमीटर लंबी 7 सड़कों के सुधारीकरण व स्ट्रेंथनिंग का कार्य किया जाएगा। इन सड़कों पर 52 करोड़ 89 लाख 23 हजार रुपये की राशि खर्च होगी। जल्द ही इन कार्यों पर काम शुरू कर दिया जाएगा। सांसद सुनीता दुग्गल के प्रयास पर केंद्र सरकार ने इनको कार्यों को मंजूरी प्रदान की है। उल्लेखनीय है कि सांसद सुनीता दुग्गल द्वारा केंद्रीय सरकार की प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत सिरसा संसदीय क्षेत्र की कुल 23 डीपीआर को मंजूरी के लिए भेजा गया था जिसमें से सिरसा जिले की 7 डीपीओ (कुल लंबाई 88.037 किलोमीटर), फतेहाबाद जिले की 14 डीपीआर (51 सड़कें कुल लंबाई 188.226 किलोमीटर) और नरवाना विधानसभा की 2 डीपीआर (कुल लंबाई करीबन 25 किलोमीटर) को भारत सरकार द्वारा स्वीकृति प्रदान कर दी गई हैं।

### तिब्बत की आज़ादी के लिए राष्ट्रीय स्तर की बैठक

**चंडीगढ़ ।** चंडीगढ़ के निकट जीरकपुर में तिब्बत की आज़ादी के लिए भारत -तिब्बत संवाद मंच की केंद्रीय कोर ग्रुप की बैठक हुई , जिसमे दिल्ली , हिमाचल , अरुणचल , उत्तरप्रदेश समेत अनेक राज्यों के और कुछ देशों से तिब्बत प्रेमी शामिल हुए। 6 और 7 को चलने वाली इस बैठक में स्पष्ट कहा गया कि तिब्बत की आज़ादी का सम्बन्ध भारत के विकास और सुरक्षा से जुड़ा हुआ है , इसलिए मंच अपने 20 राज्यों की इकाईयों के मार्फ़त विभिन्न राज्यों के राज्यपालों को ज्ञापन देकर मांग करेगा कि भारत में तिब्बत को एक देश के रूप में मान्यता दें। बैठक में इस बात को बताया गया कि भारत और तिब्बत की संस्कृति ने ज्यादा फर्क नहीं है और अध्यात्मवाद की भारत में हवा भी तिब्बत से आती है। इस बैठक में अपने सम्बोधन में मुख्य मेहमान के रूप में शामिल हुए हरियाणा साहित्य अकादमी के निर्देशक और हरियाणा उर्दू अकादमी में उप -चेयरमैन डा चंद्र त्रिखा ने कहा कि तिब्बत के मामले को समझने से पहले तिब्बत की संस्कृति को समझना जरूरी होगा। उन्होंने कहा कि तिब्बत की भूमि रहस्यमयी और अध्यात्म की भूमि है। उन्होंने कहा कि तिब्बत की संस्कृति की पुस्तकों की भारत में भी संभाल नहीं हो रही।

# एचपीजीसीएल की कोताही समय पर नहीं उठाया कोयला

### सरकार के खजाने को 27 करोड़ का नुक्सान

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़



**हरियाणा** में विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड की बड़ी लापरवाही सामने आई है। पानीपत थर्मल पावर प्लांट में कोयले की कम डिमांड के बावजूद अधिक का एग्रीमेंट करने से सरकार को 27 करोड़ 29 लाख रुपये की राजस्व हानि हुई है। इस मामले में हरियाणा विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड के अधिकारियों ने घोर लापरवाही बरती।

लेखा नियंत्रक महालेखा परीक्षक (कैग) ने अपनी रिपोर्ट में इस लापरवाही और करोड़ों रुपये के नुकसान का खुलासा किया है। कैग ने सरकार के तर्कों को खारिज करते हुए अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं करने पर भी सवाल उठाए हैं। कैग की रिपोर्ट के अनुसार पानीपत थर्मल पावर स्टेशन में कुल 1360 मैगावाट क्षमता की 8 यूनिट थी। इनमें से चार यूनिट इसलिए बंद कर दी गई क्योंकि ये काफी पुरानी हो चुकी थी। इन यूनिट्स पर लागत अधिक थी और उत्पादन कम हो रहा था।

ये यूनिट पुरानी तकनीक की थी और इन्हें अपग्रेड करने में भी काफी पैसा खर्च होना था। ऐसे में राज्य सरकार ने केंद्रीय विद्युत मंत्रालय से इसके बारे में मंजूरी मांगी। मंत्रालय ने दिसंबर-2015 में ही इसकी मंजूरी दे दी और इसके बाद चरणबद्ध तरीके से सरकार ने चार यूनिटों को एक-एक करके बंद कर दिया। कैग ने जब सवाल उठाए तो जून-2019 में सरकार ने जवाब दिया कि अभी विद्युत मंत्रालय के अनुमोदन का इंतजार है।

इसी दौरान विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड ने प्लांट पर कोयले की आपूर्ति के लिए कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) की तीन सहायक कंपनियों के साथ 66 लाख टन कोयले के लिए एग्रीमेंट कर लिया। दीर्घकालिक कोयला आपूर्ति अनुबंध (सीएसए) के नियम एवं शर्तों में यह तय किया गया, अगर किसी वर्ष कोयले का उठान 90 प्रतिशत से नीचे रहता है तो इसके लिए प्लांट को मुआवजा देना होगा।सरकार चार यूनिट बंद करने का फैसला ले चुकी थी। ऐसे में कोयले की डिमांड कम हो गई। इस स्थिति में निगम को एग्रीमेंट करने वाली कंपनियों को इस बारे में सूचित करना था।

# बिजली बिल नहीं भरने वाले विभागों पर होगी कार्रवाई

## निगमों ने चार विभागों को जारी किए नोटिस

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**हरियाणा** सरकार ने बिजली का बिल नहीं भरने वाले विभागों के कार्रवाई की तैयारी कर ली है। सर्वाधिक बकाया बिलों वाले चार विभागों को नोटिस जारी करते हुए 31 मार्च तक बिलों की अदायगी करने के आदेश जारी कर दिए गए हैं। इस बीच अगर बिलों का भुगतान नहीं होता है तो उनके कनैक्शन भी काटे जा सकते हैं। जिन विभागों को नोटिस जारी किए गए हैं उनमें दो विभाग मुख्यमंत्री के पास तो एक गृहमंत्री अनिल विज के अधीन है।बिजली कंपनियों के सीएमडी और विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव पीके दास ने चारों विभागों को उनके बिलों सहित चिट्ठी भेज दी है। इस मामले में मुख्यमंत्री की भी स्वीकृति ली गई है। हरियाणा में घरेलू व औद्योगिक उपभोक्ताओं द्वारा बिजली बिलों की अदायगी न किया जाना बड़ी समस्या रही है। सामान्य उपभोक्ताओं के अलावा सरकारी विभागों द्वारा भी बिजली का इस्तेमाल तो किया जाता है लेकिन बिलों की अदायगी नहीं की जाती है। हरियाणा के सरकारी विभागों की तरफ वर्तमान में 654 करोड़ रुपये के बिजली बिल बकाया है।अब इन विभागों से वूसली का अभियान शुरू कर दिया गया है। इन विभागों में पब्लिक हेल्थ (जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी), शहरी स्थानीय निकाय, सिंचाई तथा विकास एवं पंचायत शामिल हैं। सबसे अधिक 250 करोड़ रुपये से भी अधिक की रिकवरी पब्लिक हेल्थ डिपार्टमेंट से होनी है।

पब्लिक हेल्थ तथा सिंचाई विभाग मुख्यमंत्री मनोहर लाल के पास हैं। सिंचाई विभाग पर 100 करोड़ रुपये से अधिक का बकाया है। इसी तरह से अनिल विज के अधीन आने वाले शहरी स्थानीय निकाय विभाग पर 200 करोड़ रुपये से अधिक की देनदारी है। इसमें अधिकांश स्ट्रीट लाइट के बिल हैं। नगर निगम फरीदाबाद व गुरुग्राम पर सबसे अधिक बकाया है।



प्रदेश के जिन चार विभागों पर बिजली बिलों के बकाया हैं, उनसे रिकवरी की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पब्लिक हेल्थ, शहरी स्थानीय निकाय, सिंचाई तथा पंचायत विभाग के सेक्रेटरी को बकाया के बिल भेज दिए हैं। मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर को अवगत करवाने और उनकी मंजूरी के बाद यह कार्रवाई की गई है।

**पीके दास, बिजली विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव।**

### सीडीएलयू में महिला दिवस पर कार्यक्रम 8 को

**सिरसा।** चौ. देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा के युवा कल्याण निदेशालय द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में 8 मार्च को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

इस अवसर पर गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे और चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर अजमेर सिंह मलिक कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे।

# नौकरियों में 75 प्रतिशत आरक्षण निर्धारित करना सरकार की अच्छी पहल : गुरप्रीत

**गुरजोत दुग्गल।** कुरुक्षेत्र



गुरप्रीत सिंह

**प्रदेश** में गठबंधन की हरियाणा सरकार द्वारा बेरोजगारी से युवाओं को बचाने के लिए निजी क्षेत्र की नौकरियों में 75 प्रतिशत आरक्षण निर्धारित करना सरकार की अच्छी पहल है।

श्रीगुरु रविदास मंदिर एवं धर्मशाला सभा कुरुक्षेत्र के कार्यकारिणी सदस्य गुरप्रीत सिंह एडवोकेट ने हरियाणा सरकार के इस फैसले की प्रशंसा व्यक्त करते हुए कहा कि एक दशक से प्रदेश सहित समस्त देश में बेरोजगारी का ग्राफ लगातार अपने शिखर की ओर तेजी से अग्रसर होते जाता समान्य देखा जा सकता है। नौकरियां खत्म होती जा रही है। ऐसे में प्रदेश के युवाओं को निजी क्षेत्र के 75 प्रतिशत आरक्षण में संविधान के निर्देशानुसार सभी वर्गों की भागीदारी निर्धारित हो। इस पर अमल करना और करवाना भी हरियाणा सरकार को पहल शीघ्र अतिशीघ्र करनी चाहिए ताकि पढ़े लिखे युवा रोजगार पाकर अपना व अपने परिवार का सहारा बन कर देश निर्माण में सहयोगी बन सके। समाजसेवी गुरप्रीत सिंह ने कहा कि नौकरियां न मिलने से युवा हताश और परेशान हो चुका है जिससे युवाओं का मानसिक संतुलन पर भी असर साफ देखा जा सकता है।

# युवाओं को आरक्षण देना सरकार का सराहनीय कदम : डॉ. हवा सिंह

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र

**प्राइवेट** सेक्टर की नौकरियों में प्रदेश के युवाओं को 75 प्रतिशत आरक्षण देने पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के पूर्व रजिस्ट्रार व कॉमर्स एंड मैनेजमेंट के प्रधान डॉ. हवा सिंह ने स्वागत करते हुए कहा कि इससे हरियाणा में बेरोजगारी कम होगी व युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगें। 2020 के आंकड़े के अनुसार देश में जहां 6.9 प्रतिशत बेरोजगारी है वहीं हरियाणा प्रदेश में 26.4 प्रतिशत बेरोजगारी है। वहीं अमेरिका व कनाडा जैसे देश में भी यह कानून है। ऐसे में प्रदेश के युवाओं को रोजगार देने के लिए यह कानून काबिलेतारीफ है। वहीं यह कानून बनने के बाद प्रधानमंत्री के लोकल फार वोकल नारे को भी बल मिलेगा।



डा. हवा सिंह।

डॉ. हवा सिंह ने कहा है कि उद्योगपति यह तर्क देकर कानून का विरोध कर रहे हैं कि इससे इंस्पेक्टरी राज बढ़ेगा व हरियाणा में निवेश नहीं होगा। डॉ. सिंह ने कहा कि उद्योगपतियों के यह आरोप बेबुनियाद हैं क्योंकि हरियाणा में तकनीकी शिक्षा अन्य प्रदेशों से काफी अच्छे स्तर पर है। यहां तकनीकी लोगों की कमी नही है। इंस्पेक्टरी राज की जो बात की जा रही है, यदि उद्योगपति कर्मियों का रिकार्ड ठीक रखते हैं तो उद्योगपतियों को कोई दिक्कत आने वाली नही है। डॉ. हवा सिंह ने कहा कि संविधान निर्माता डा. भीमराव अंबेडकर व कमेटी के सदस्य महावीर त्यागी ने भी इस पर बल दिया कि प्रदेश इस प्रकार का कानून बनाकर बेरोजगारी को कम कर सकते हैं। संविधान का आर्टिकल 16(4) भी प्रदेश सरकार को इजाजत देता है कि इस प्रकार का कानून बनाकर प्रदेश के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा कर सकते हैं

# पहले ही दिन अविश्वास प्रस्ताव लाने के इरादे पर नरम दिखे हुड्डा

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़



**हरियाणा** में सत्तारूढ़ भाजपा और जेजेपी गठबन्धन के लिए विधानसभा कें बजट सत्र की शुरुआत आसान रही। शुक्रवार को राज्यपाल सत्यदेव नारायण के अभिभाषण से शुरुआत होने के बाद नेता प्रतिपक्ष भूपेन्द्र सिंह हुड्डा पहले ही दिन मौजूदा गठबन्धन सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने के अपने ऐलान पर नरम दिखाई दिए। हालांकि समझा ये जा रहा था की पहले ही दिन अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा कराने की मांग को लेकर हुड्डा विरोध करेंगे, लेकिन हुड्डा अपने अविश्वास प्रस्ताव को सत्र की पहले दिन की कार्यवाही के लिए सूचीबद्ध कराने पर जोर देने के लिए सदन की कार्य सलाहकार समिति की बैठक में ही नहीं पहुंचे। उन्होंने अपनी जगह उप नेता प्रतिपक्ष आफताब अहमद को बैठक में भेजा। बैठक में हुड्डा का अविश्वास प्रस्ताव दस मार्च की बैठक में प्रस्तुत करने कें लिए सूचीबद्ध किया। इसके बाद स्पीकर ने हुड्डा को बताया कि अविश्वास प्रस्ताव पर दस मार्च को चर्चा कराना तय किया है तो हुड्डा ने बगैर प्रतिरोध के इसे स्वीकार कर लिया।

सदन में राज्यपाल के अभिभाषण के बाद अल्प विराम हुआ। फिर शुरू हुई सदन की कार्यवाही में मुख्यमंत्री ने शोक प्रस्ताव पढे और दिवंगतों को मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। स्पीकर ने कार्य सलाहकार समिति की बैठक में सूचीबद्ध किए गए कामकाज के बारे में सदन को अवगत कराया।

# सरकार छीन रही है महिलाओं का रोजगार : दिलबाग जांगड़ा

**पायनियर समाचार सेवा।** भिवानी

एक तरफ तो सरकार व प्रशासन वूमन सप्ताह मनाकर महिला सशक्तिरण का ढिंढोरा पीट रही है, वही दूसरी तरफ महिलाओं का उनसे रोजगार छीनकर उनके सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा कर रही है। इसके साथ ही दिवंगत पीटीआई की विधवाओं को मिलने वाली पेंशन के हक से भी महरूम किया जा रहा हैं।

यह बात हरियाण शारीरिक शिक्षक संघर्ष समिति के जिला प्रधान दिलबाग जांगड़ा ने लघु सचिवालय के बाहर पिछले 264 दिनों से लगातार बहाली की मांग को लेकर चल रहे पीटीआई के धरने को संबोधित करते हुए कही। पूर्व राज्य प्रधान राजेश ढांड़ा, ज्ञान-विज्ञान समिति से कुलभूषण आर्य, हरियाणा शारीरिक शिक्षा अध्यापक संघ से विनोद पिंकू, प्रवक्ता सुदामा तंवर, वरिष्ठ उपप्रधान विरेंद्र घणघस ने संयुक्त रूप से कहा कि पीटीआई अपनी बहाली की मांग को लेकर पिछले लगभग एक साल से लगातार दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर है। चाहे सत्ता पक्ष हो या विपक्ष तथा प्रशासनिक अधिकारियों के चक्कर लगा-लगाकर थक चुके है। उन्होंने कहा कि धरने के 264 दिनों के दौरान प्रदेश सरकार 11 पीटीआई की जान ले चुकी हैं। इसके साथ ही कई बर्खास्त पीटीआई के परिजन भी अपना मानसिक संतुलन खो चुके है।


### रक्तदान शिविर आठ को

**कुरुक्षेत्र।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर 8 मार्च को जिला न्यायालय कुरुक्षेत्र में स्थित एडीआर सेंटर में प्रात 10 बजे से 1 बजे के मध्य स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर संयोजक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने कहा कि कोई भी स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान कर सकता है।

### व्यक्ति ने फंदा लगाकर दी जान

**सिरसा।** निकटवर्ती गांव रंगड़ीखेड़ा में एक व्यक्ति ने मानसिक परेशानी के चलते फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। कुछ देर बाद परिजनों को घटना बारे पता चला, जिसके बाद पुलिस को सूचित किया गया।जानकारी अनुसार गांव रंगड़ीखेड़ा निवासी 40 वर्षीय डालचंद कुछ दिनों से मानसिक रूप से परेशान था। इसी परेशानी के चलते उसने अपने ही घर में फंदा लगा लिया। कुछ देर बाद परिजनों को इस बारे में पता चला, जिसके बाद पुलिस को सूचित किया गया।

### सुकवि-संवाद



सुकवि डॉ.एस.एन.भारद्वाज 'अश्क'
कवि, लेखक एंव वरिष्ठ शिक्षा सलाहकार
विश्व भारती शिक्षण संस्थान समूह,
बल्लभगढ़, फरीदाबाद M: 9871666627

#### मुजाहिर

न अपना है कोई न कोई बिराना
जहाँ प्यार पाना वही आशियाना

ख़ुशी से दीवाने न ग़म से परेशाँ
न खोने का दुख है न चाहत है पाना

जिन्हें मिल गई है फ़कीरी की दौलत
उन्हें फ़िर मिले ना मिले ये ज़माना

हवाओं में बहना ही फितरत हो जिनकी
उन्हें तो महल भी लगे क़ैदख़ाना

उसे और क्या चाहिएगा ख़ुदा से
जिसे रूह-ए-रौशन मिला है ख़जाना

सफ़र में उजाला सफ़र में अँधेरा
मुजाहिर परिंदों का क्या है ठिकाना

# 19 करोड़ से निर्मित बूस्टिंग स्टेशनों से सुधरेगी शहर की समस्या : लीलाराम

**पीएल वर्मा।** कैथल



बुस्टिंग स्टेशन का उद्घाटन करते हुए कैथल विधायक लीला राम

### विधायक लीला राम ने सैक्टर 21 में निर्मित बूस्टिंग स्टेशन का किया उद्घाटन

**विधायक** लीलाराम ने शहर में बन रहे बूस्टिंग स्टेशनों में से पटियाला रोड 21 सेक्टर के बूस्टिंग स्टेशन का उद्घाटन किया। विधायक ने कहा कि इस बूस्टिंग स्टेशन के बनने के बाद बाल सेठ कॉलोनी ,आरके पुरम कॉलोनी, राधास्वामी कॉलोनी, सेक्टर 21, राजेंद्र सेठ कॉलोनी व चिरंजीव कॉलोनी इन सभी कॉलोनियों को फायदा होगा। विधायक ने कहा कि इन बूस्टिंग स्टेशनों से शहर में सीवरेज और ऑवर फ्लो की समस्या बंद हो जाएगी। यह बूस्टिंग स्टेशन शहर के गंदे पानी को पंपिंग करके एसटीपी तक पानी पहुंचाएंगे। ये शब्द विधायक लीला राम ने 19 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे बूस्टिंग स्टेशनों में से सेक्टर 21 स्थित बूस्टिंग स्टेशन का उद्घाटन करने उपरांत मौजूद शहर वासियों को संबोधित करते हुए कहे। उन्होंने कहा कि इन स्टेशनों के बनने से शहर में जगह-जगह सीवरेज साफ करने के लिए जो इंजन रखे थे उन सभी से निजात मिल जाएगी। इन बूस्टिंग स्टेशनों के बनने से इन सभी कॉलोनियों को सीवरेज ओवरफ्लो की समस्या से छुटकारा मिलेगा। विधायक ने कहा कि कैथल शहर में करोड़ों रुपये के विकास कार्य चल रहे हैं।

हरियाणा के ईमानदार मुख्यमंत्री जनता के लिए दिन रात काम कर रहे हैं। यह पहले मुख्यमंत्री है जो भ्रष्टाचार मुक्त शासन देने में कामयाब हुए हैं। पूर्व की सरकारों में ऊपर से जो पैसा आता था अंतिम व्यक्ति तक आते-आते कुछ ही शेष बचता था जो विकास कार्यों के लिए पर्याप्त नहीं था। उन्होंने कहा कि जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार आई है तभी से विकास कार्यों को गति मिली है। जनता का पैसा विकास कार्यों पर खर्च किया जाता है। आने वाले दिनों में कैथल शहर में करोड़ों रुपए के विकास कार्य करवाए जाएंगे। इस मौके पर नगरपालिका एक्सईएन हिमांशु लाटका, जेई सागर, नरेश मित्तल, भाग सिंह खनोदा, सुभाष शर्मा, प्रदीप यादव, कुशल पाल सेन, राम सिंह, विक्रम, नंबरदार मिंटू, सुनील, जग्गा सैनी, राजेंद्र सेन, साहिल, रामेश्वर मानस ,राजेंद्र नौच, ओमपाल आदि मौजूद रहे।

**किसान आंदोलन को विमर्श से गायब करने के लिए**

# तरह-तरह के हथकंडे अपना रही सरकार : कांग्रेस

एजेंसी। नई दिल्ली



**कांग्रेस** ने तीन नए कृषि कानूनों के खिलाफ किसानों के आंदोलन के 100 दिन पूरा होने की पृष्ठभूमि में शनिवार को सरकार पर अन्नदाताओं के साथ अत्याचार करने का आरोप लगाया और दावा किया कि सरकार इस आंदोलन को सार्वजनिक विमर्श से गायब करने के लिए तरह-तरह के हथकंड़ों एवं षडयंत्र का सहारा ले रही है। मुख्य विपक्षी पार्टी ने देश के मध्यम वर्ग सहित समाज के विभिन्न तबकों से किसानों का समर्थन करने की अपील भी की और यह मांग फिर उठाई कि तीनों कानूनों को वापस लिया जाना चाहिए तथा इसके बाद किसान संगठनों से बातचीत कर नए कानूनों की पहल की जानी चाहिए।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने ट्वीट किया, देश की सीमा पर जान बिछाते हैं जिनके बेटे, उनके लिए कीलें बिछाई हैं दिल्ली की सीमा पर। अन्नदाता मांगे अधिकार, सरकार करे अत्याचार। पार्टी प्रवक्ता पवन खेड़ा ने संवाददाताओं से कहा, किसानों के आंदोलन के 100 दिन हो गए। इन 100 दिनों में 250 से अधिक लोगों की मौत हुई। इस दौरान किसानों को अपमानित किया गया, लेकिन बड़ी संख्या में किसान अब भी बैठे हुए हैं। वे सरकार के उस फोन कॉल की प्रतीक्षा कर रहे हैं जिसका वादा प्रधानमंत्री ने किया था। उन्होंने दावा किया, आंदोलन दिन प्रतिदिन बढ़ रहा है, लेकिन खबरों से गायब है। विमर्श के इस आंदोलन को गायब करने के लिए सरकार कई हथकंडे अपना रही है और षडयंत्र कर रही है। खेड़ा ने कहा, किसानों का समर्थन हमें इसलिए भी करना चाहिए क्योंकि वे उस काम को कर रहे हैं जो हम अपनी जिंदगी की आपा-धापी में नहीं कर पा रहे हैं। किसानों ने मध्यम वर्ग और सभी वर्गों के संघर्ष को सड़कों पर ला दिया है। उन्होंने कहा, किसानों को सरकार से उम्मीद नहीं है, लेकिन देश से उम्मीद है। अगर लोग मौन समर्थन भी देंगे तो देश का बहुत भला होगा।

## अन्नदाता मांगे अधिकार सरकार करे अत्याचारः राहुल

### 100 दिनों से धरने पर बैठे है किसान

उल्लेखनीय है कि पिछले 100 दिनों से दिल्ली की विभिन्न सीमाओं पर कई किसान संगठन प्रदर्शन कर रहे हैं। उनकी मांग तीनों नए कृषि कानूनों को वापस लेने और न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी वाला कानून बनाने की है। दूसरी तरफ, सरकार ने तीनों कानूनों को कृषि सुधारों की दिशा में बड़ा कदम करार देते हुए कहा है कि इससे किसानों को लाभ होगा और अपनी उपज बेचने के लिए उनके पास कई विकल्प होंगे।

### नए कृषि कानून किसानों की आय दोगुनी करने के उद्देश्य से लागू किए गएः योगी



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किसानों के हितों की रक्षा का भरोसा दिलाते हुए शनिवार को दावा किया कि नए कृषि कानून उनकी आय दोगुनी करने के उद्देश्य से लागू किए गए हैं और इससे कृषकों की आय में निरंतर वृद्धि होगी। मुख्यमंत्री ने यहां पांच कालिदास मार्ग स्थित अपने सरकारी आवास पर पश्चिमी उत्तर प्रदेश के किसानों के एक प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमेशा किसानों को ध्यान में रखकर नीतियां बनाई है। शनिवार को जारी एक सरकारी बयान में मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान राज्य सरकार की प्राथमिकता हैं और प्रदेश सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में किसानों की खुशहाली के लिए गंभीरता से प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों के हितों से जुड़े कार्यक्रमों और योजनाओं को पूरी गंभीरता से लागू कर रही है और इसी का नतीजा है कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत देश में सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उत्तर प्रदेश को प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया है। वहीं, भाजपा विधायक उमेश मलिक के नेतृत्व में आए प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने नए कृषि कानूनों का समर्थन करते हुए कहा, केंद्र सरकार द्वारा लागू किए गए कृषि कानून किसान हितैषी हैं और यह कानून किसानों को सशक्त करने का प्रयास हैं। इन कानूनों का सबसे ज्यादा लाभ छोटे और सीमांत किसानों को मिलेगा।

## मनसुख की मौत की सच्चाई का पर्दाफाश करना एमवीए के लिए आवश्यक है: राउत

एजेंसी। मुंबई



**शिवसेना** के नेता संजय राउत ने शनिवार को कहा कि महाराष्ट्र सरकार की छवि और प्रतिष्ठा के लिए जरूरी है कि हिरेन मनसुख की रहस्यमय मौत से पर्दा उठे। मनसुख को उद्योगपति मुकेश अंबानी के आवास के पास मिले विस्फोटकों से लदे वाहन का मालिक बताया जाता है। पुलिस ने बताया था कि करीब 45 वर्षीय मनसुख ठाणे में मुंबई-रेती बंदर रोड पर एक नदी के किनारे शुक्रवार की सुबह मृत पाए गए थे।

राउत ने संवाददाताओं से कहा कि मनसुख की रहस्यमय मौत निराशाजनक और दुर्भाग्यपूर्ण है। उनके स्कॉर्पियो वाहन का इस्तेमाल अंबानी के आवास के पास विस्फोटक रखने में किया गया था। उन्होंने कहा, उनकी मौत का राजनीतिकरण करना और सरकार को घेरना गलत है। इस बात पर संदेह है कि मनसुख की मौत आत्महत्या थी या हत्या। मामले में वह महत्वपूर्ण गवाह थे। उन्होंने कहा, गृह विभाग को जल्द से जल्द सच्चाई का पता लगाना चाहिए। यह महा विकास आघाडी (एमवीए) सरकार की प्रतिष्ठा और छवि के लिए महत्वपूर्ण है। राज्य के गृहमंत्री अनिल देशमुख ने शुक्रवार को घोषणा की थी कि मामले की जांच मुंबई पुलिस की अपराध शाखा से लेकर राज्य के आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) को सौंप दी गई है।

राउत ने कहा कि विपक्षी दल भाजपा मामले की जांच राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) को सौंपने की मांग कर रही है। उन्होंने कहा, गृहमंत्री ने मामले को एटीएस को सौंप दिया है, जो इसे सुलझाने में सक्षम है। हमें विश्वास करना चाहिए। इस बीच, भाजपा नेता आशीष शेल्लार ने शिवसेना नीत सरकार पर निशाना साधा और मनसुख के पोस्टमॉर्टम के समय मुठभेड़ विशेषज्ञ सहायक पुलिस निरीक्षक की मौजूदगी पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा, मनसुख के पोस्टमॉर्टम के वक्त मुठभेड़ विशेषज्ञ की मौजूदगी संदिग्ध है क्योंकि वह न तो ठाणे पुलिस में हैं, न ही एटीएस में, जो मामले की जांच कर रही है।

इससे यह पता चलता है कि यह सरकार कुछ छिपाना चाहती है। शेल्लार ने मामले की जांच में यू-टर्न लेने के लिए गृह मंत्री की भी आलोचना की। उन्होंने पूछा, गृहमंत्री ठाणे और मुंबई पुलिस और उनकी उपलब्धियों की प्रशंसा कर रहे थे, लेकिन आधे घंटे के अंदर ही उन्होंने जांच एटीएस को सौंप देने की घोषणा की।

## संक्षिप्त समाचार

### म्यांमार में प्रदर्शनकारियों पर फिर बल प्रयोग किया गया

**यांगून।** म्यांमार में शनिवार को सुरक्षाबलों ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए फिर से बल प्रयोग किया। देश में इस सप्ताह शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर रहे लोगों पर हुई हिंसा में 50 लोगों की मौत और बड़ी संख्या में लोगों के घायल होने के बाद संयुक्त राष्ट्र के विशेष राजदूत ने सैन्य सरकार की हिंसक कार्रवाई को रोकने के लिए सुरक्षा परिषद से कदम उठाने का आग्रह किया था। यांगून में शनिवार को ताजा विरोध प्रदर्शन हुआ जहां प्रदर्शनकारियों पर काबू पाने के लिए हथगोलों और आंसू गैस का प्रयोग किया गया। बीते बुधवार को यहां 18 लोगों की मौत की खबर सामने आई थी।

### गडकरी ने कोविड-19 टीके की पहली खुराक ली

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को शनिवार को नागपुर में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में कोविड-19 का टीका लगाया गया। सड़क परिवहन, राजमार्ग मंत्री और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग (एमएसएमई) मंत्री को टीके की पहली खुराक दी गई। उनके साथ उनकी पत्नी कंचन गडकरी ने भी टीका लगवाया। इसके बाद भाजपा के वरिष्ठ नेता गडकरी ने कहा, अपनी पत्नी के साथ आज मैंने एम्स, नागपुर में कोविड-19 के टीके की पहली खुराक ली। यह सुरक्षित है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि देश को कोविड-19 मुक्त बनाने के लिए टीका लगवाएं।

### सोमालिया में बम हमले में मृतकों की संख्या बढ़कर 20 हुई

**नैरोबी।** सोमालिया की राजधानी मोगादिशू में शुक्रवार को एक लोकप्रिय रेस्तरां पर किए गए बम हमले में जान गंवाने वालों की संख्या बढ़कर कम से कम 20 हो गई जबकि 30 अन्य घायल हुए हैं। सोमाली नेशनल न्यूज एजेंसी ने आमिन एंबुलेंस सर्विस के हवाले से मृतकों की संख्या बताई। पुलिस प्रवक्ता सादिक अली अदान ने इस हमले के लिए स्थानीय अल-शबद चरमपंथी संगठन को जिम्मेदार ठहराया जिसका संबंध अलकायदा है। अल -शबद अक्सर बमबारी करके मोगादिशू को निशाना बनाता रहता है। शुक्रवार दोपहर को विस्फोटकों से भरा एक वाहन लुल यमनी रेस्तरां में घुस गया था। धमाके से आसपास के मकान भी ध्वस्त हो गए थे। पिछले साल भी इस रेस्तरां पर हमला किया गया था। वैसे चुनाव में देरी को लेकर विपक्षी नेताओं द्वारा शनिवार को किया जाने वाला प्रदर्शन स्थगित कर दिया गया।

### विधायक के जम्म दिन समारोह में विवाद, दो की मौत

**दमोह।** जिले में भाजपा के एक विधायक के जन्मदिन पर आयोजित सार्वजनिक समारोह में कथित तौर विवाद होने से दो लोगों की मौत हो गई। दमोह जिले के पुलिस अधीक्षक (एसपी) हेमंत चौहान ने शनिवार को बताया कि मृतकों की पहचान अरविंद जैन (30) और जोगेन्द्र सिंह (30) के तौर पर हुई है। उन्होंने बताया कि प्राथमिक जांच के मुताबिक सिंह की मौत गोली लगने से हुई, जबकि जैन को कुछ लोगों ने पत्थर और डंडे से पीटकर मार डाला। उन्होंने बताया कि जिला मुख्यालय से 40 किमी दूर नोहटा थाना क्षेत्र के बनवार गांव में शुक्रवार रात विधायक धर्मेंद्र लोधी के जन्म दिन के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में जैन और सिंह के बीच कथित तौर पर एक विवाद हुआ था। बताया जाता है कि जैन विधायक प्रतिनिध थे, जबकि सिंह अतिथि शिक्षक थे। एसपी ने कहा कि पुलिस घटना की जांच कर रही है और अभी तक किसी भी आरोपी की पहचान नहीं हुई है। पुलिस के अनुसार घटना के वक्त जबेरा से विधायक लोधी मौके पर मौजूद नहीं थे।

### हिंदूवादी नेता मिलिंद एकबोटे पर मामला दर्ज

**पुणे।** भीमा कोरेगांव मामले में मुख्य आरोपी और हिंदूवादी नेता मिलिंद एकबोटे द्वारा हाल ही में दिए गए बयान से कथित तौर पर दो समुदायों के बीच वैमनस्यता को प्रोत्साहन देने के आरोप में उन पर एक मामला दर्ज किया गया है। पुणे पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। मराठा सेवा संघ, संभाजी ब्रिगेड के नेता सतीश काले ने पुणे के कोंढवा पुलिस थाने में एकबोटे के विरुद्ध शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में कहा गया कि समस्त हिंदू आघाडी संगठन के कार्यकारी अध्यक्ष एकबोटे ने कोंढवा में अल्पसंख्यक समुदाय के लिए एक धार्मिक स्थल के निर्माण का विरोध किया और दो समुदायों के बीच वैमनस्यता बढ़ाने वाले आपत्तिजनक बयान दिए। पुलिस अधिकारी ने कहा कि शिकायत के आधार पर एकबोटे के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया।

### भारत में कोरोना संक्रमण के 18,327 नए मामले सामने आए

**नई दिल्ली।** भारत में एक दिन में कोरोना वायरस संक्रमण के 18,327 नए मामले सामने आने के बाद संक्रमितों की कुल संख्या बढ़कर 1,11,92,088 हो गई। देश में 36 दिनों के बाद संक्रमण के ये सर्वाधिक मामले हैं और इसी के साथ लगातार चौथे दिन उपाचाराधीन मरीजों की संख्या में वृद्धि दर्ज की गई। यह संख्या अब 1,80,304 पर पहुंच गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से शनिवार को जारी अद्यतन आकडों के अनुसार संक्रमण से 108 और लोगों की मौत होने से महामारी से मरने वालों की संख्या बढ़कर 1,57,656 हो गई। इससे पहले 29 जनवरी को 24 घंटे में संक्रमण के 18,855 मामले सामने आए थे। लेकिन उसके बाद प्रतिदिन नए मामलों की संख्या 18 हजार से नीचे ही रही थी।

### बोइंग मैक्स ने की तकनीकी खामी के चलते आपात लैंडिंग

**नेवार्क।** अमेरिका के एक एयरलाइंस के बोइंग 737 मैक्स में तकनीकी खामी के कारण इसे शुक्रवार दोपहर को यहां आपात स्थितियों में उतारा गया। विमान के इंजन ऑयल दबाव संकेतक में खामी के संकेत मिले थे। एयरलाइन की प्रवक्ता ने बताया कि मियामी से आ रहा विमान सुरक्षित तरीके से उतर गया। उन्होंने बताया कि विमान में सवार 95 यात्री और चालक दल के छह सदस्य पूरी तरह से सुरक्षित हैं। गौरतलब है कि दो बड़े विमान हादसों और इसमें 346 लोगों के मारे जाने के बाद दुनिया भर में बोइंग मैक्स के सभी विमानों का करीब दो वर्षों के लिए परिचालन बंद कर दिया गया था। जांचकर्ताओं ने विमान नियंत्रण प्रणाली की जांच पर ध्यान केंद्रित किया था।

### मिस्र ट्रक और मिनी बस की टक्कर, 18 की मौत

**काहिरा।** मिस्र की राजधानी काहिरा से 100 किमी दक्षिण में स्थित अतफिह शहर के पास एक ट्रक के मिनी बस से टकरा जाने के कारण करीब 18 लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि यह दुर्घटना नील नदी के पूर्वी तट पर स्थित एक राजमार्ग के पास शुक्रवार को हुई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि ट्रक का टायर फट गया, जिसके चलते वह पलट गया और मिनी बस से जा टकराया। घायलों को पास के अस्पतालों में ले जाया गया।

## उच्चतम न्यायालय में 15 मार्च से हाइब्रिग भौतिक सुनवाई शुरू होगी

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय में 15 मार्च से हाइब्रिड भौतिक सुनवाई शुरू होगी। कोविड-19 महामारी के कारण न्यायालय में पिछले वर्ष मार्च से वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए सुनवाई हो रही है। उच्चतम न्यायालय ने हाइब्रिड भौतिक सुनवाई के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी की है। शीर्ष अदालत में पिछले वर्ष मार्च से वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए सुनवाई होने के बीच कई बार निकायों तथा वकीलों की मांग रही है कि भौतिक सुनवाई तुरंत फिर से शुरू होनी चाहिए। उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी एसओपी में कहा गया है, प्रायोगिक आधार पर, और एक पायलट योजना के रूप में, मंगलवार, बुधवार और बृहस्पतिवार को सूचीबद्ध अंतिम सुनवाई व नियमित मामलों को हाइब्रिड तरीके से सुना जा सकता है।

## जम्मू में 1.92 करोड़ में घर बेचने के नाम पर ठगी, मामला दर्ज

एजेंसी। जम्मू

**जम्मू**-कश्मीर पुलिस की अपराध शाखा ने एक व्यक्ति को 1.92 करोड़ रुपये का घर बेचने का झांसा देकर चूना लगाने के आरोप में एक महिला समेत तीन लोगों पर मामला दर्ज किया है। अधिकारियों ने बताया कि अपराध शाखा ने राकेश कुमार गुप्ता, रविंद्र गुप्ता और चम्पा देवी के विरुद्ध आपराधिक मामला दर्ज किया है।

पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने यहां के गांधी नगर क्षेत्र में एक कनाल भूमि पर बने एक मकान को 1.92 करोड़ रुपये में बेचने का झांसा एक व्यक्ति को दिया और उसके साथ झूठा करार किया। सरदारी लाल गुप्ता ने अपनी शिकायत में कहा कि राकेश और रविंद्र ने उनकी मुलाकात चम्पा देवी से कराई, जो घर बेचना चाहती थी। अधिकारियों ने बताया कि शिकायतकर्ता ने 1.92 करोड़ रुपये में घर खरीदने की इच्छा जताई और आरोपियों ने सरदारी लाल से कहा कि पूरे पैसे मिलने के बाद दस्तावेज दिए जाएंगे। अधिकारियों ने कहा कि आरोपियों ने शिकायतकर्ता से पैसे ले लिए।

उन्होंने कहा कि इस बीच सरदारी लाल लंबे समय के लिए बीमार पड़ गया और ठीक होने के बाद उसने घर के कागजात मांगे और खरीद की प्रकिया पूरी करने को कहा, इस पर आरोपियों ने बहाना बनाना शुरू कर दिया। इसके बाद शिकायतकर्ता को पता चला कि आरोपियों ने उक्त संपत्ति किसी और के नाम कर दी है।

## बिडेन के राष्ट्रपति बनने के बाद व्हाइट हाउस सूचनाओं के प्रसार में बरत रहा अनुशासन

एजेंसी। वाशिंगटन



**पिछले** चार दशकों में अमेरिका में जो बिडेन ऐसे पहले राष्ट्रपति हैं जिन्होंने कार्यकाल के शुरुआती दिनों में औपचारिक तौर पर कोई संवाददाता सम्मेलन नहीं किया, न ही ओवल ऑफिस से संबोधित किया। उन्होंने अब तक संसद के संयुक्त सत्र को भी संबोधित नहीं किया है।

पूर्ववर्ती डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन की तुलना में संदेश जारी करने को लेकर व्हाइट हाउस काफी अनुशासित रूख अपना रहा है और अधिकारियों को भी सावधानी से बोलने को कहा गया है। टोसोन विवि में प्रोफेसर मार्था कुमार के एक अध्ययन के मुताबिक पूर्व में राष्ट्रपति अपने कार्यकाल के शुरुआती दिनों में ज्यादा संवाददाता सम्मेलन करते थे। कार्यकाल के इतने दिनों में ट्रंप और जॉर्ज एच डब्ल्यू बुश ने पांच-पांच बार संवाददाता सम्मेलन किए थे जबकि बराक ओबामा ने दो बार और रोनाल्ड रीगन ने एक बार संवाददाताओं के सवालों के जवाब दिए थे। इस दौरान बिडेन ने पांच साक्षात्कार दिए हैं जबकि रीगन ने नौ और ओबामा ने 23 साक्षात्कार दिए थे। कुमार ने कहा, बिडेन पूरी योजना के साथ आए हैं कि कितनी सूचनाएं वे जारी करना चाहते हैं।

### अधिकारियों को भी सावधानी से बोलने को कहा गया है



## मंगल पर नासा के रोवर ने पहली बार 21 फुट की दूरी तय की

**एजेंसी/केप कैनावेरल।** हाल में मंगल की सतह पर उतरे नासा के रोवर ने इस सप्ताह लाल ग्रह पर अपने पहले प्रायोगिक मुहिम में 21 फुट की दूरी तय की। मंगल ग्रह पर जीवन की संभावना तलाशने की मुहिम के तहत पर्सेवियरेंस रोवर ग्रह की सतह पर उतरने के दो सप्ताह बाद अपने स्थान से कुछ दूर चला। रोवर शुक्रवार को आगे और पीछे चला। यह प्रक्रिया करीब 33 मिनट बेहद सुगमता से चली। कैलिफोर्निया के पासाडेना में नासा के जेट प्रणोदक प्रयोगशाला ने एक संवाददाता सम्मेलन में इस घटना की तस्वीरें साझा कीं। इंजीनियर अनास जराफियान ने कहा, रोवर के चलने और उसके पहियों के निशान देखकर मैं बहुत खुश हूं।

## तृणमूल कांग्रेस के शिवपुर से विधायक लाहिड़ी ने पार्टी से इस्तीफा दिया

**हावड़ा।** पश्चिम बंगाल के आगामी विधानसभा चुनाव के लिए टिकट नहीं मिलने से नाराज हावड़ा में शिवपुर विधानसभा क्षेत्र से तृणमूल कांग्रेस के विधायक जटू लाहिड़ी ने शनिवार को घोषणा की कि उन्होंने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। लाहिड़ी ने संवाददाताओं से कहा कि तृणमूल कांग्रेस का वफादार सिपाही होने के बावजूद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उनकी अनदेखी की। उन्होंने कहा, टिकट नहीं मिलने से ज्यादा मुझे इस बात का दुख है कि एक बाहरी व्यक्ति जिसका मतदाताओं के साथ कोई संपर्क नहीं है, और उन्हें पार्टी में शामिल किए जाने के कुछ ही दिन बाद टिकट दे दिया गया। ऐसा लगता है कि तृणमूल कांग्रेस को अब हमारी जरूरत नहीं है। मैं पार्टी छोड़ रहा हूं। तृणमूल कांग्रेस ने हावड़ा की शिवपुर सीट से पूर्व क्रिकेटर मनोज तिवारी को चुनाव मैदान में उतारा है। लाहिड़ी ने यह भी संकेत दिया कि वह भाजपा में शामिल हो सकते हैं।

## दिनेश त्रिवेदी ने पार्टी के साथ विश्वासघात किया: तृणमूल कांग्रेस

एजेंसी। कोलकाता




**त्रिवेदी भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा की मौजूदगी में भगवा दल में शामिल हो गए।**

**तृणमूल** कांग्रेस ने शनिवार को अपने पूर्व राज्यसभा सदस्य दिनेश त्रिवेदी के भाजपा में शामिल होने पर निशाना साधा और कहा कि वह कृतघ्न हैं। तृणमूल कांग्रेस ने आरोप लगाया कि त्रिवेदी ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी के साथ विश्वासघात किया। त्रिवेदी ने पिछले महीने राज्यसभा से इस्तीफा देते हुए कहा था कि वह तृणमूल कांग्रेस में घुटन महसूस कर रहे हैं। इससे पहले दिन में त्रिवेदी भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा की मौजूदगी में भगवा दल में शामिल हो गए।

इस पर प्रतिक्रिया देते हुए तृणमूल कांग्रेस के प्रवक्ता कुणाल घोष ने कहा, पिछले कई वर्षों में उन्होंने कुछ नहीं कहा। अब विधानसभा चुनाव से ठीक पहले उन्हें पार्टी से शिकायत हो गई। वह कृतघ्न हैं और उन्होंने राज्य की जनता के साथ विश्वासघात किया है। घोष ने आरोप लगाया कि त्रिवेदी पार्टी में कई पदों पर रहे और उन्हें कई जिम्मेदारियां दी गईं। इस समय जब पार्टी के लिए कुछ करने का समय आया तो उन्होंने विश्वासघात किया। वहीं, तृणमूल कांग्रेस सांसद सौगत राय ने कहा, त्रिवेदी जैसे लोगों ने अपने कार्यकाल में सत्ता का आनंद लिया और चुनाव के समय पार्टी छोड़ दी।

## कई परत वाले मास्क सर्वाधिक प्रभावी: अध्ययन

एजेंसी। बेंगलुरु



**एक** अध्ययन में पता चला है कि कई परतों वाले मास्क व्यक्ति को हवा में अथवा किसी गैस में घुले सूक्ष्म ठोस कण या द्रव्य की बूंदों (एअरोसॉल) के संपर्क में आने से रोकने के लिए सर्वाधिक प्रभावी होते हैं। बेंगलुरु के भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी) के शोधकर्ताओं की अगुवाई वाले एक दल ने यह अध्ययन किया था। आईआईएससी के अनुसार जब किसी व्यक्ति को खांसी आती है तब मुंह या नाक से निकली द्रव्य की बड़ी बूंदें (200 माइक्रोन से बड़ी) तेज गति से मास्क की अंदरूनी परत से टकराती हैं और मास्क में अंदर घुस जाती हैं तथा आगे जा कर छोटी बूंदों में टूट जाती है और इनके हवा में या किसी गैस में घुलने की अधिक आशंका है। इस प्रकार इनमें सार्स-सीओवी-2 जैसे वायरस हो सकते हैं। संस्थान ने शनिवार को एक बयान में कहा कि दल ने उच्च गुणवत्ता वाले कैमरे के जरिए एक परत, दो परत और कई परतों वाले मास्क पर खांसने के दौरान निकले द्रव्य कणों के मास्क से टकराने और कपड़े में घुसने के बाद इनके आकार का अध्ययन किया। अध्ययन में कहा गया कि एक और दो परत वाले मास्क में इन छोटी बूंदों का आकार सौ माइक्रोन से कम पाया गया और इस प्रकार इनमें एयरोसॉल बनने की क्षमता थी जो लंबे समय तक हवा में मौजूद रह कर संक्रमण फैला सकते हैं।

## पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान ने नेशनल असेंबली में विश्वासमत जीता

सज्जाद हुसैन। इस्लामाबाद


**पाकिस्तान** के प्रधानमंत्री इमरान खान ने शनिवार को विपक्षी दलों के बहिष्कार के आह्वान के बीच नेशनल असेंबली (संसद) में विश्वासमत जीत लिया, जिससे देश में राजनीतिक अस्थिरता खत्म हो गई। हाल में करीबी मुकाबले वाले सीनेट चुनाव में वित्त मंत्री की हार के बाद उनकी सरकार पर संकट आ गया था। प्रधानमंत्री इमरान खान को संसद के 342 सदस्यीय निचले सदन में 178 वोट मिले और सामान्य बहुमत के लिए 172 वोट की जरूरत थी। राष्ट्रपति आरिफ अल्वी के निर्देश पर संसद का विशेष सत्र बुलाया गया था।

विपक्ष ने इसमें हिस्सा नहीं लिया क्योंकि 11 दलों के गठबंधन पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट (पीडीएम) ने मतविभाजन का बहिष्कार किया था, जिससे खान को विश्वासमत जीतने के लिए जरूरी संख्या जुटाने में आसानी हुई। विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी ने सदन में एक-सूत्री प्रस्ताव रखा। प्रस्ताव में कहा गया, यह सदन इस्लामी पाकिस्तान गणराज्य के संविधान के अनुच्छेद 91 के खंड (7) के तहत प्रधानमंत्री में विश्वास जताता है। स्पीकर असद कैसर ने नतीजे घोषित किए और कहा, खान को दो साल पहले 176 वोटों से प्रधानमंत्री पद के लिए चुना गया था। आज उन्होंने 178 वोट हासिल किए हैं।

पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट के उम्मीदवार और पूर्व प्रधानमंत्री यूसुफ रजा गिलानी ने बुधवार को सत्तारूढ़ पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के उम्मीदवार अब्दुल हाफिज शेख को करीबी मुकाबले में सीनेट चुनाव में हरा दिया था। खान के लिए यह बड़ा झटका था जिन्होंने वित्त मंत्री अब्दुल हाफिज शेख के लिए निजी तौर पर प्रचार किया था। क्रिकेटर से नेता बने 68 वर्षीय खान ने अब्दुल हाफिज शेख की हार के बाद निचले सदन में विश्वासमत कराने का फैसला किया था। वित्तमंत्री की हार के बाद विपक्षी दलों ने खान के इस्तीफे की मांग की थी।

### वोड़ा के इस्तीफे के बाद है 156 सदस्य

नेशनल असेंबली में सत्तारूढ़ पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के 157 सदस्य थे लेकिन पार्टी के सांसद फैसल वोड़ा के इस्तीफे के बाद उसके 156 सदस्य हैं। सत्तारूढ़ पार्टी ने कहा कि विश्वासमत के दौरान वोड़ा वोट कर सकते हैं क्योंकि उनका इस्तीफा अभी स्वीकार नहीं किया गया है। हालांकि विपक्ष ने जोर देकर कहा कि वोड़ा वोट नहीं कर सकते हैं क्योंकि उन्होंने अपना इस्तीफा भेज दिया है। सत्तारूढ़ पार्टी के गठबंधन सहयोगियों में सात सांसद मुत्ताहितदा कौमी मूवमेंट (एमक्यूएम) से, पांच-पांच सांसद पाकिस्तान मुस्लिम लीग-क्यू (पीएमएल-क्यू) और बलूचिस्तान अवामी पार्टी (बीएपी) से, तीन सांसद ग्रैंड डेमोक्रेटिक अलायंस (जीडीए) से और एक-एक सांसद एएमएल तथा जेडब्ल्यूपी से थे।



### पीटीआई के अली जदर ने किया विश्वासमत कराने का बड़ा फैसला

पीटीआई के बैरिस्टर अली जदर ने कहा कि खान ने विश्वासमत कराने का बहुत बड़ा फैसला किया और इसने विपक्ष को चुप करा दिया जो उन पर दबाव बनाने की कोशिश कर रहे थे। जिओ टीवी के अनुसार पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के बाद खान ऐसे दूसरे प्रधानमंत्री हैं, जिन्होंने नेशनल असेंबली में विश्वासमत कराने का फैसला किया। वर्ष 1993 में पाकिस्तान के उच्चतम न्यायालय द्वारा उन्हें बहाल करने के आदेश के बाद शरीफ ने नेशनल असेंबली में विश्वास मत कराया था। प्रधानमंत्री ने शुक्रवार को अपने आवास पर सत्तारूढ़ गठबंधन के नेताओं से मुलाकात की थी और उनसे सरकार के पक्ष में मतदान करने की अपील की थी।

# जजपा का चुनावी वायदा पलायन की बन सकता है वजह



सुभाष शर्मा
( लेखक राजनीतिक विश्लेषक हैं )

**निजी क्षेत्र में 75 प्रतिशत आरक्षण वाली घोषणा के अमल में आने का प्रदेश के तमाम औद्योगिक संगठनों ने विरोध किया है। सबसे ज्यादा परेशानी आईटी सेक्टर और बीपीओ कंपनियों को है। राज्य सरकार का यह फैसला दोनों सेक्टरों की कंपनियों को प्रदेश से पलायन करने पर मजबूर कर सकता है।**




हरियाणा में निजी क्षेत्र में 75 प्रतिशत नौकरियों में आरक्षण का कानून बनने के बाद अब उसका नोटिफिकेशन जारी होना बाकि है। इस कानून का राज्य की इंडस्ट्री पर क्या असर होगा? इसको लेकर औद्योगिक संगठनों में बेचैनी शुरू हो गई है। कंफेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री ने राज्य सरकार से इस फैसले पर फिर से विचार करने का आग्रह किया है। गौरतलब है कि जननायक जनता दल पार्टी (जजपा) ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में कहा था कि प्रदेश में सत्ता में आने पर वो निजी क्षेत्रों की नौकरियों में हरियाणावासियों को 75 प्रतिशत आरक्षण देगी। चुनावी नतीजों के बाद मात्र 10 विधायकों वाली जजपा ने भाजपा से गठबंधन कर सरकार बना ली और अब अपने चुनावी घोषणा पत्र को अमलीजामा पहनाने में जुट गई है।

निजी क्षेत्र में 75 प्रतिशत आरक्षण वाली घोषणा के अमल में आने का प्रदेश के तमाम औद्योगिक संगठनों ने विरोध किया है। सबसे ज्यादा परेशानी आईटी सेक्टर और बीपीओ कंपनियों को है। राज्य सरकार का यह फैसला दोनों सेक्टरों की कंपनियों को प्रदेश से पलायन करने पर मजबूर कर सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि हरियाणा सरकार का यह कानून केंद्र सरकार और आईटी सेक्टर के वर्क फ्रॉम एनीवेयर फ्यूचर मॉडल से मेल नहीं खाता। हरियाणा की गठबंधन सरकार ने इस कानून में यह प्रावधान रखा है कि 50 हजार रुपये महीने तक की सैलरी वाली नौकरियों पर ही यह आरक्षण पॉलिसी लागू रहेगी, लेकिन इस फैसले से सबसे ज्यादा मल्टीनेशनल और आईटी इंडस्ट्री प्रभावित होगी क्योंकि इन इंडस्ट्रियों में करीब 50 प्रतिशत स्टाफ 50 हजार से कम सैलरी वाला ही होता है। हरियाणा का गुरुग्राम जिला इस मामले में सबसे ज्यादा प्रभावी हो सकता है, क्योंकि यहां एक दर्जन से ज्यादा मल्टी नेशनल कंपनियां आईटी इंडस्ट्री चला रही है, जहां मेरिट के आधार पर नियुक्तियां की जाती है न कि उनके राज्य के आधार पर नियुक्तियां की जाती है, लेकिन अब 75 प्रतिशत हरियाणावासियों को नौकरियां देने का कानून आ गया है, लिहाजा कोई भी मल्टीनेशनल कंपनी ऐसी पाबंदी में काम नहीं कर सकती और संभव है वो हरियाणा से पलायन कर ऐसे प्रदेशों में अपने कार्यालय खोल ले, जहां इस प्रकार कानून लागू नहीं है।

फरीदाबाद, सोनीपत, पानीपत और अंबाला जैसे औद्योगिक शहरों में जहां मैन्युफैक्चरिंग, ऑटो इंडस्ट्री, हैंडलूम ओर कपड़ा इंडस्ट्री बिजली के उपकरण बनाने वाली इंडस्ट्री वगैरहा ज्यादा है, वहां के उद्योगपति भी इस कानून से निराश है। उनका कहना है कि लोकल लोग इंडस्ट्री के वर्क कल्चर को प्रभावित करते है। छोटी-मोटी बातों पर यूनियनें बनाने, हड़ताल करने, झगड़ा झंझट करने पर उतारू रहते है, जैसे बाहरी राज्यों के लोगों को तरजीह देते है, लेकिन अब सरकार के नए कानून से उन्हें प्रदेशवासियों को ही नौकरियों पर रखना होगा, जो उनके लिए संभव नहीं होगा, क्योंकि ऐसे में उन्हें मेरिट को दरकिनार करना होगा। राजनैतिक पंडितों का कहना है कि यह कानून अपना वोट बैंक बढ़ाने के लिए लाया गया है। जजपा के लिए यह कानून ज्यादा मुफीद है क्योंकि उसका वोटबैंक ग्रामीण और जाट बाहुल्य क्षेत्रों में ज्यादा है, जबकि भाजपा का वोट बैंक शहरी क्षेत्रों में ज्यादा है। भाजपा का यह फैसला भविष्य में उसके शहरी मतदाताओं में उसकी लोकप्रिय घटा सकता है। हालांकि उपरोक्त कानून गठबंधन सरकार को चलाने के लिए लाया गया है, जिसके दूरगामी दुष्परिणाम भाजपा को भुगतने पड़ सकते है।

## फरीदाबाद में खनन कार्य शुरू होने की उम्मीद जगी

लंबे अंतराल के बाद गत 4 मार्च को सुप्रीम कोर्ट में फरीदाबाद क्षेत्र में खनन कार्यों की अनुमति वाला केस लगा। हरियाणा सरकार द्वारा पहली बार इसकी पैरवी करने का निर्णय लिया गया है। ऐसा पुख्ता सूत्रों से पता चला है, फिलहाल सुप्रीम कोर्ट में सरकारी वकील के आग्रह पर इस मामले में एक छोटी तारीख देने का निर्णय लिया गया है। अगली तारीख को सरकार पूरी तैयारी से इस केस में पैरवी करने का मन बना चुकी है, ताकि इस क्षेत्र से भारी राजस्व जुटाया जा सके और हजारों लोगों को रोजगार भी मिल सके। गौरतलब है कि फरीदाबाद के पहाड़ों में कुछ क्षेत्र चिह्नित कर लिए गए है, जहां नियमों के तहत खनन कार्यों की अनुमति दी जा सकती है, जबकि इससे पूर्व खनन विभाग के अधिकारी हर बार कोई न कोई अडंगा लगा कर तारीख आगे बढ़ा दिया करते थे, यह पहली बार नजर आ रहा है कि सरकार का रूख नरम पड़ा है और यहां खनन कार्यों की अनुमति मिल सकती है।

सूत्रों का कहना है कि खनन मंत्री मूलचंद शर्मा व केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर संयुक्त रूप से इस कार्य को अमलीजामा पहनाने के लिए कमर कस चुके है। दोनों नेता सरकार और सरकारी अधिकारियों से तालमेल कर सुप्रीम कोर्ट से इस केस को बहाल करवाने के लिए प्रयासरत है ताकि फरीदाबाद के लोगों को रोजगार मिल सके, बिल्डिंग मैटीरियल की कमी दूर हो सके, लोगों का सस्ता माल उपलब्ध हो सके। 164 क्रेशर मालिक भी इन नेताओं और सरकार की और टकटकी लगाए बैठे है क्योंकि वर्ष 2002 से ही फरीदाबाद के पहाड़ों में खनन कार्यों पर रोक है, बीच में कुछ समय के लिए कोट गांव के पहाड़ों व खोरी-सिरोही में खनन कार्यों की अनुमति मिली थी।

## स्वच्छ भारत अभियान के तहत मिले पैसों की होगी जांच शुरू

फरीदाबाद की महापौर सुमन बाला ने जब से स्वच्छ भारत अभियान के तहत केंद्र सरकार से मिलने वाली राशि के इस्तेमाल को लेकर प्रश्न उठाए है। पीएमओ कार्यालय में भी इस सिलसिले में शिकायतें पहुंचने लगी है। स्वच्छ भारत अभियान के प्रदेश अध्यक्ष कमल दीक्षित ने नगर निगम अधिकारियों द्वारा इस पैसे की हुई बंदरबाट को लेकर अधिकारियों से सवाल पूछे है। उन्होंने पूछा है कि वर्ष 2015 से 2021 तक इस मद में कितनी राशि नगर निगम को किस कार्य के लिए मिली थी और वो कहां-कहां खर्च की गई। इतना ही नहीं हर माह जगह-जगह सड़क के साथ रखे शौचालयों को जिस ठेकेदार ने उपलब्ध करवाया, उसको रनिंग कंडीशन में रहने की जिम्मेदारी किस अधिकारी की थी और अब जबकि शहर के तमाम शौचालय गंदगी और सुविधाओं के अभाव में पड़े-पड़े मोदी जी के स्वच्छ भारत अभियान को मुंह चिढ़ा रहे है, उसको लेकर अधिकारी क्या कर रहे है। मिली जानकारी के अनुसार निगम में इस वक्त उपरोक्त सभी कार्यों जिसमें ईकोग्रीन कंपनी की मॉनिटरिंग भी शामिल है एक्सइएन श्याम सिंह देख रहे है। प्रदेश अध्यक्ष कमल दीक्षित ने उनसे सोमवार 8 मार्च को बैठक कर सभी जानकारियां मांगी है क्योंकि लंबे समय से जगह-जगह कूड़े के ढेर पड़े है, पतझड़ के मौसम में ग्रीन वेस्ट की समस्या भी बढ़ गई है। निगम का हार्टीकल्चर विभाग कभी कभार ग्रीन वेस्ट उठवाने को ट्रैक्टर भेजता है, लेकिन पूरा वेस्ट कभी साफ नहीं करता। स्वच्छ भारत के प्रदेश अध्यक्ष कमल दीक्षित ने कहा है कि महापौर द्वारा उठाए गए मुद्दों को वो गंभीरता से ले रहे है और इसकी पूरी जानकारी पीएमओ कार्यालय, मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर व स्थानीय निकाय मंत्री अनिल विज को वो देने जा रहे है कि आखिर जब शौचालय बंद पड़े है तो फिर किस कंपनी को निगम अधिकारी साढ़े छह लाख प्रति माह मैंटीनेस के नाम पर दे रहे है।

## बदलते सियसी समीकरणों के चलते भाजपा ने भी नियम बदले

**भाजपा** ने पांच राज्यों में चुनावों को लेकर कमर कस ली है और मौजूदा हालातों को देखते हुए 75 साल की उम्र वाले नेताओं को सक्रिय राजनीति में न रखने के फैसले को केरल में बदलने का निर्णय लिया है। पार्टी ने पहली बार 88 वर्ष के मेट्रोमैन श्रीधरन को भाजपा में शामिल कर उन्हें वहां मुख्यमंत्री के चेहरे के तौर पर आगे लाने का निर्णय लिया है। भाजपा हाईकमान के इस निर्णय से पूर्व विदेश व वित्तमंत्री यशवंत सिन्हा ने सवाल उठाए है कि आखिर ये नियम क्या हम जैसे वरिष्ठ नेताओं को साइड लाइन करने के उद्देश्य से बनाए गए थे। गौरतलब है कि भाजपा 75 साल की उम्र पार करने वाले नेताओं को कोई भी पद देने से बचती रही है ताकि नए युवाओं को पार्टी में आगे लाने के अवसर मिल सके।

दरअसल, केरल में भाजपा का कोई जनाधार नहीं है इसलिए पार्टी ने 75 की उम्र वाले नियम को साइड लाइन कर वयोवृद्ध मैट्रोमैन श्रीधरन को पार्टी का चेहरा बनाने के चलते उन्हें पार्टी में शामिल कराया है। इसी बात को लेकर अनेक नेता जिनमें मुरली मनोहर जोशी, लाल कृष्ण आडवाणी जैसे नेता भी शामिल है, अंदरखाने नाराज है क्योंकि जब वो खुद सक्रिय थे तो भाजपा ने उन्हें 75 पार आयु का हवाला देकर मार्ग दर्शक मंडल में डाल दिया था। भाजपा हाईकमान के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार राजनीति में कई बार समय, मौका और काल के मुताबिक निर्णय लेने पड़ते है क्योंकि केरल साउथ में ऐसा प्रदेश है, जहां भाजपा आज तक उभर नहीं पाई है, लिहाजा केरल के मूल निवासी श्रीधरन को इस उम्र में प्रदेश में पार्टी को खड़ा करने के लिए लाया गया है। पार्टी को उम्मीद है कि उनके आने से भाजपा का जनाधार बढ़ेगा।

देश में अप्रैल महीने में पांच राज्यों में चुनाव होने जा रहे है, जिनमें पश्चिम बंगाल, असम, पादुचेरी, केरल और तमिलनाडु शामिल है। दक्षिण भारत में भाजपा केवल कर्नाटक में काबिज है, जबकि इस बार पार्टी को पदुचेरी में भी सफलता मिलने की उम्मीद है। ऐसे में अगर पदुचेरी में भाजपा की सरकार बन गई तो दक्षिण भारत में यह दूसरा राज्य भाजपा शासित बन जाएगा। उधर पश्चिम बंगाल, असम में भी पार्टी जोरशोर से चुनाव लड़ रही है और उसे वहां जीत की पूरी उम्मीद है। अब देखना यह होगा कि दक्षिण भारत में जीत दर्ज करने के लिए भाजपा उम्र के साथ-साथ क्या परिवारदवाद वाला नियम भी बदलती है या नहीं।

# ध्यान का सोपान



जीवन चक्र
भारत भूषण पद्मदेव

हमने अभी तक ऋषि पतंजलि द्वारा प्रस्तावित आठ सूत्रीय मार्ग के पहले चार चरणों का जानकारी हासिल की है। जो ध्यान प्रक्रिया शुरू करने का आधार निर्मित करता है। अनुपालन योग्य चरणों को सिलसिलेवार ढंग से देखने की जरूरत है, जो कि धीरे-धीरे एकल प्रक्रिया के आगामी चरण हैं। क्योंकि पहला चरण प्रत्याहार, जो मन के भीतरीकरण को दर्शाता है, वो अवस्था है जिसमें समूची ध्यान प्रक्रिया काम करती है। धारणा, ध्यान और समाधि धीरे-धीरे ध्यान के तीन अनुवर्ती चरण हैं। इनमें से किसी एक के प्रति समर्पित कोई अन्य विशिष्ट प्रक्रिया नहीं है। व्यक्ति एक चरण से दूसरे चरण में प्रवेश करता जाता है। एक चरण से दूसरे चरण में अत्यंत बारीक अंतर है।

**प्रत्याहारः** प्रत्याहार का व्यवहारिक अर्थ में अर्थ है बाह्य वस्तुओं से अपना ध्यान वापस खींचना, और उसे मन के भीतर केंद्रित करना। हमारा ध्यान इससे अंदर की ओर मुड़ता है। ऐसा सोद्देश्यपूर्ण ढंग से, क्योंकि अंतिम गंतव्य तक पहुंचना है और चेतना के तत्व के साथ लयबद्ध होना है, जो कि हम सबके भीतर मौजूद जीवन का मूल है। जिसके बाद, समूची मन की शक्ति उपलब्ध हो जाती है।


**यह ध्यान देना आवश्यक है कि सभी घटनाएं मूलतः** मन के आंतरिक दायरों में घटती हैं। आप पहले सोचते समझते और आंकलन करते हैं और फिर उन्हें कार्यरूप में परिणित करते हैं। और किसी भी कार्य की प्रकृति, चाहे वो ताजा उठाया गया कदम हो या बाहय प्रेरणा की प्रतिक्रिया में, इस बात से प्रभावित होती है कि किस तरह प्रत्येक मन अनुवांशिक रूप से बना होता है। जो इस बात की मांग करता है कि हम पता लगाएं कि हमारे मन के आंतरिक दायरों में क्या लिखा है। इसलिए, हमें अपना ध्यान अंतर्मन की ओर ले जाने की जरूरत है। लेकिन इससे पहले कि अंतिम गंतव्य सामने आ जाए, व्यक्ति को मन विभिन्न परतों से होकर गुजरना पड़ता है। उनके भीतर तत्काल एवं सुदूर अतीत में ग्रहण की गयी विभिन्न स्मृतिगत छवियां अंकित होती हैं।

जैसे ही ध्यान अंदर की ओर मुड़ता है, तो सबसे पहले तत्काल बीते समय में एकत्रित विभिन्न विचार नजर आते हैं। ये छवियां, हालांकि अतीत से संबंधित होती है, मगर अंदर ही अंदर लगातार पीछा करती रहती हैं, तत्कालिक अर्थों में हमारा ध्यानाकर्षित करती हैं। जो छवियां हमें सर्वाधिक प्रभावित करती हैं, वो हैं अनवरत इच्छाएं तथा वे जो नकारात्मक रूझान लिए होती हैं। वे चाहत, आहत व दुखद भावनाओं के साथ साथ, अंतर्निहित भय और असुरक्षा की भाव के रूप में मन में जीवित रहती हैं। वे हमें लगातार परेशान करती हैं। लेकिन तब, उनकी जानकारी हासिल किए बिना, उनसे किसी भी तरह से अलग हटने तथा उन्हें हल करना संभव नहीं होगा। नकारना मदद नहीं करता है। अंतर्निहित विचारों की भीड़ से खुद को तटस्थ करने के बाद, जो कि अंदर ही अंदर हमें डराती रहते हैं, व्यक्ति सहज और मुक्त महसूस करता है। इसके उपरांत, मन के गहन दायरों तक में प्रवेश करने के द्वार खुल जाते हैं।

इसके बाद, व्यक्ति का सच्चा स्वभाव सामने आता है अनुवांशिक कमजोरियां और व्यक्ति की अंतर्निहित क्षमताओं का कामकाजी हिस्सा, जो कि पूर्वजन्म से चले आ रही कार्मिक छवियों का प्रतिबिंबन हो सकता है। इस प्रकार, हम अपनी अनुवांशिक प्रवृत्तियों इच्छा प्रवृत्तियां, आदतों व नजरियों, रूचियों और अरूचियों, पूर्वाग्रहों व आवेगों, गुणों और विशेषताओं, साथ ही साथ अंतर्निहित क्षमता के जानकार होते हैं। तदनुसार, व्यक्ति आवश्यक सुधारवादी कदम उठा सकता है ताकि ताजा जानकारियों के जरिए व्यक्ति अपने मन की कमजोरियों पर काबू पा सके। साथ ही, अपनी अंतर्निहित क्षमता के कामकाजी हिस्से को पहचानता है और उन्हें समकालीन अर्थों में उपयोग होने लायक बनाता है। व्यक्ति सजग प्रयासों तथा अपनी रचनात्मक योग्यताओं को बेहतर बनाकर अपनी क्षमताओं का विस्तार भी कर सकता है।

जैसे ही व्यक्ति प्रक्रिया में स्थापित होता है, धीरे धीरे व्यक्ति गहन से गहन तह में जा सकता है और अवचेतन स्तर पर मौजूद स्मृतिगत छवियों का पता लगा सकता है। धीरे-धीरे, व्यक्ति अपने अस्तित्व के मूल तक पहुंच सकता है। व्यक्ति को सच्चा आत्म का फिर पता चलता है, जिसके बाद, व्यक्ति अंतर्निहित समस्त विविध जीवनों की एकजुटता को महसूस करता है। जो व्यक्ति को दोहरेपन की भावना तथा उससे जुड़ी अवधारणा से ऊपर उठाता है। व्यक्ति के मन की पूर्ण क्षमता इससे उद्घाटित होती है।

**धारणा/ ध्यानः** ध्यान प्रक्रिया धारणा से उचित आरंभ होती है। इस प्रक्रिया की मांग है कि मन को इस तरह से साधा जाए कि वह जहां भी ध्यान दिया जाए वहां केंद्रित हो जाए। प्रस्तावित प्रक्रिया निरंतर समयावधि के लिए किसी मूर्ति या अवधारणा पर ध्यान केंद्रित करना है और उसके प्रति अडिग रहना है। आदर्श का चयन उल्लेखनीय स्तर पर गुरू द्वारा आदेशित होना चाहिए। यह कोई ज्ञात मूर्ति, अवधारणा, या कोई अमूर्त आकृति, मसलन कोई बिन्दू हो सकता है। भारतीय परंपरा में, सामान्यतया प्रतीकात्मकता को प्राथमिकता प्राप्त है जो प्राचीन भारतीय ऋषियों द्वारा परिकल्पित सहजबोध है और प्रत्येक मूल्यवान शैक्षणिक जानकारी प्रदान करती है। उन पर विचार करना व्यक्ति की चिंतन प्रक्रिया में गुणवत्ता व मूल्य का बढ़ाता है। इस प्रक्रिया में साथ ही साथ एकाग्र छवि के प्रति समर्पित मंत्र का उच्चारण करना शामिल होता है।



# विटामिन की अपनी खुराक बढ़ाएं

**रितु खनेजा का कहना है कि प्रतिरक्षण बढ़ाने से लेकर मसल स्वास्थ्य को प्रोत्साहत करने तक, अनेक ऐसे कारण हैं कि इंसान को क्यों अपनी खुराक में विटामिन ई को शामिल करना चाहिए**



**विटामिन** ई एक वसा घुलनशील विटामिन है। भोजन में विटामिन वेजिटेबल ऑयल, नकली मक्खन, बादाम, बीजों, दलहन, तथा पत्तीदार सब्जियों में पाया जाता है। लोग आम तौर पर उस भोजन से पर्याप्त विटामिन ई लेते हैं जो वे खाते हैं। खास समस्याओं वाले लोगों को सप्लीमेंट्स से अतिरिक्त विटामिन ई लेने की आवश्यकता पड़ सकती है। विटामिन ई एक विषाक्तरोधक है, यह प्रतिरक्षण तंत्र निर्माण तथा मेटाबोलिक प्रक्रियाएं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

**अपनी रोजमर्रा खुराक में विटामिन ई को शामिल करने के सात कारण यहां प्रस्तुत हैं**

### प्रतिरक्षण तंत्र बेहतर होता है

विटामिन ई एक शक्तिशाली विषाक्तरोधक है जो आक्सीडेटिव क्षति से कोशिकाओं की रक्षा करता है जब कोशिकाएं विपरीत तत्वों के संपर्क में आती हैं। यह आपकी कोशिकाओं के जीर्णप्रक्रिया को धीमा करता है। यह प्रतिरक्षण तंत्र को बढ़ावा देते हुए संक्रमण से लड़ने के लिए उच्च पर्यावरणीय जीवनशैलीगत जोखिमपूर्ण कारकों से लोगों की सहायता करता है।

### मांसपेशीगत स्वास्थ्य बेहतर बनाता है

विटामिन ई मांसपेशी ऊतक को तैयार करने व उन्हें विकसित करने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। व्यायाम करने के बाद, कोशिकाएं व ऊतक फट जाते हैं और यह उन्हें तत्काल बेहतर होने में सहायता करता है और उन्हें और ज्यादा मजबूत बनाता है।

### हृदय को स्वस्थ रखता है

पौष्टिक खाद्यों से खुराक में विटामिन ई ज्यादा लेना हृदय मांसपेशियों की सुरक्षा में सहायता करता है इससे खून के थक्के बनने तथा खिंचाव से राहत मिलती है। जिन लोगों को हृदयधमनी संबंधी समस्याएं हैं उन्हें आम तौर पर सप्लामेंट के साथ विटामिन ई समृद्ध खुराक लेने की ज्यादा सलाह दी जाती है।

### नेत्र स्वास्थ्य में सहायता

यदि आप आंखों की समस्याओं से परेशान हैं तो रोज विटामिन ई लेने से और ज्यादा नुकसान की रोकथाम में सहायता मिल सकती है। इससे रेटिना के आसपास की छोटी नसों के स्वास्थ्य बेहतर होता है और उच्च ब्लडशूग से होने वाली क्षति से सुरक्षा होती है, साथ ही आम तौर पर होने वाली आंखों की क्षति से सुरक्षा मिलती है।

### बालों की बढ़त बनी रहती है

जैसा कि विटामिन ई एक प्राकृतिक विषाक्तरोधक है, यह बालों को स्वास्थ्य बनाए रखने में सहायता करता है। इससे बालों के पतले होने का खतरा कम हो सकता है क्योंकि जैसे जैसे आयु बढ़ती जाती है बालों के कूपो की क्षति तथा आक्सीडेटिव तनाव घटाव घटाने में भी सहायता मिल सकती है।

> **विटामिन ई मांसपेशी ऊतक को तैयार करने व उन्हें विकसित करने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। व्यायाम करने के बाद, कोशिकाएं व ऊतक फट जाते हैं और यह उन्हें तत्काल बेहतर होने में सहायता करता है और उन्हें और ज्यादा मजबूत बनाता है।**

### स्नायु स्वास्थ्य एवं हार्मोनल स्वास्थ्य की सुरक्षा होती है

विटामिन ई वसाघुलनशील पौष्टिक तत्व है, यह माइलिए शीएथ नामक शरीर के स्नायु-छोरों के आवरण को बचाने में सहायता करता है। शरीर में हार्मोन्स वसा व कोलोस्ट्रेट के जरिए बनते हैं क्योंकि वे उनके लिए कच्चा माल होते हैं। विषाक्तरोधक एवं वसा घुलनशील पौष्टिक तत्व होने से, यह क्रमशः होने वाले क्षरण से बचने से बचाता भी है खासतौर पर मेनोपॉज, पीएम्स तथा तनावपूर्ण क्षणों में।

### स्वस्थ त्वचा को बनाए रखता है।

विटामिन ई एक शक्तिशाली विषाक्तरोधक है जो आपको स्वस्थ त्वचार प्रदान करने में सहायता करता है क्योंकि यह वायुप्रदूषण के संपर्क में आने तथा सूर्य की पराबैंगनी किरणों से त्वचा को होने वाली क्षति का उपचार करता है।

अंत में, विटामिन ई गर्मी के प्रति संवेदनशील है, इसलिए इसे कच्चा या बिना पका के खाया जाना चाहिए इससे इसके पौष्टिक तत्व बचे रहते हैं। विटामिन ई के स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करने के लिए इसे अपने दैनिक आहार का हिस्सा बनाएं।

- लेखक आहार विशेषज्ञ एवं उपचारात्मक पौष्टाहार विशेषज्ञ तथा राइट कैलोरी के संस्थापक हैं।

## अक्षर-अश्विन की फिरकी में फंसी इंग्लैंड टीम

# भारत का सीरीज पर कब्जा

## भारतीय टीम ने 3-1 से श्रृंखला जीतकर विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में बनाई जगह

एजेंसी। अहमदाबाद

**रविचंद्रन** अश्विन और अक्षर पटेल के बुने फिरकी के जाल में एक बार फिर इंग्लैंड के बल्लेबाजों को फांसकर भारत ने चौथा और आखिरी टेस्ट तीसरे ही दिन एक पारी और 25 रन से अपने नाम करके श्रृंखला 3-1 से जीत ली और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में जगह बना ली। जून में लॉर्डस पर होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में भारत का सामना न्यूजीलैंड से होगा। भारत को फाइनल में पहुंचने के लिए इस मैच में ड्रॉ की जरूरत थी, लेकिन अक्षर और अश्विन ने दूसरी पारी में पांच-पांच विकेट लेकर तीसरे ही दिन भारत को धमाकेदार जीत दिलाई। भारत की जीत के साथ आस्ट्रेलिया का विश्व चैंपियनशिप फाइनल में पहुंचने का सपना टूट गया।

भारत ने पहली पारी में ऋषभ पंत के शतक और वाशिंगटन सुंदर के नाबाद 96 रन की मदद से 365 रन बनाकर 160 रन की बढ़त ली थी। दूसरी पारी में इंग्लैंड की टीम 135 रन पर आउट हो गई। नरेंद्र मोदी स्टेडियम की अनुकूल पिच पर अक्षर ने 24 ओवर में 48 रन देकर पांच और मैच में नौ विकेट लिए जबकि अश्विन ने 22.5 ओवर में 47 रन देकर पांच और मैच में कुल आठ विकेट लिए। अश्विन ने इस श्रृंखला में 30 विकेट लिए और एक शतक समेत 180 रन भी बनाए। वहीं अक्षर ने इस श्रृंखला में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करके अपने प्रदर्शन की छाप छोड़ी। इंग्लैंड के कप्तान जो रूट (30) को छोड़कर कोई भी बल्लेबाज भारतीय गेंदबाजों का सामना नहीं कर सका। डोम सिबली (तीन), जाक क्रॉली (5) और जॉनी बेयरस्टॉ (0) सहज नहीं दिखे जबकि बेन स्टोक्स (0) गेंद की उछाल का अनुमान नहीं लगा सके और गलत स्वीप शॉट खेलकर आउट हुए। इंग्लैंड का आखिरी विकेट डैन लॉरेंस के रूप में गिरा जो 96 गेंद में छह चौकों की मदद से सर्वाधिक 50 रन बनाकर अश्विन की गेंद पर बोल्ड हुए। इससे पहले आठवें नंबर पर उतरकर परिपक्व बल्लेबाजी का प्रदर्शन करने वाले वाशिंगटन सुंदर पहले टेस्ट शतक से चार रन से चूक गए, लेकिन भारत ने पहली पारी में 365 रन बनाकर 160 रन की बढ़त ले ली।

21 वर्ष के खब्बू बल्लेबाज सुंदर ने 174 गेंद में 96 रन बनाए, लेकिन आखिरी तीन विकेट जल्दी गिरने से वह दूसरे छोर पर अकेले रह गए। भारत ने आखिरी तीन विकेट पांच गेंद के भीतर गंवा दिए। बेन स्टोक्स ने 27.4 ओवर में 89 रन देकर चार विकेट लिए। अपने पूर्व अंडर 19 साथी ऋषभ पंत की तरह शतक की ओर बढ रहे सुंदर ने अक्षर पटेल के साथ आठवें विकेट के लिए 106 रन जोड़कर भारत को विशाल बढ़त लेने से रोकने के इंग्लैंड के मंसूबों पर पानी फेर दिया। अक्षर ने 97 गेंद में 43 रन बनाए जिसमें जैक लीच को जड़ा एक छक्का शामिल है। दोनों बल्लेबाजों ने जोखिम भरे शॉट लगाने की बजाय इक्के दुक्के रन लेकर रनगति को बढ़ाना जारी रखा। दोनों ने बखूबी स्ट्राइक रोटेट की और इंग्लैंड के गेंदबाजों को दबाव नहीं बनाने दिया। जेम्स एंडरसन ने 25 ओवर में 44 रन देकर तीन विकेट लिए। सुंदर ने अपनी पारी में दस चौके और एक छक्का लगाया जबकि अक्षर ने पांच चौके और एक छक्का जड़ा।




### स्कोर बोर्ड

इंग्लैंड पहली पारी : 205 रन
भारत पहली पारी : 365
इंग्लैंड दूसरी पारी:

| | |
|---|---|
| जाक क्रॉली का रहाणे बो अश्विन | 05 |
| डोम सिबली का पंत बो पटेल | 03 |
| जॉनी बेयरस्टॉ का रोहित बो अश्विन | 00 |
| जो रूट पगबाधा बो अश्विन | 30 |
| बेन स्टोक्स का कोहली बो पटेल | 02 |
| ओली पोप स्टंप पंत बो पटेल | 15 |
| डैन लॉरेंस बो अश्विन | 50 |
| बेन फोक्स का रहाणे बो पटेल | 13 |
| डोम बेस का पंत बो पटेल | 03 |
| जैक लीच का रहाणे बो अश्विन | 02 |
| जेम्स एंडरसन नाबाद | 01 |
| अतिरिक्त | 12 |

**कुल योग :** 54.4 ओवर में 135 रन

**गेंदबाजी :**

| | |
|---|---|
| सिराज | 4-0-12-0 |
| पटेल | 24-6-48-5 |
| अश्विन | 22.5-4-47-5 |
| सुंदर | 4-0-16-0 |

**विकेट पतन :** 1-10, 2-10, 3-20, 4-30, 5-65, 6-65, 7-109, 8-111, 9-134

### सुंदर चार रन से शतक से चूके

**अहमदाबाद।** आठवें नंबर पर उतरकर परिपक्व बल्लेबाजी का प्रदर्शन करने वाले वाशिंगटन सुंदर पहले टेस्ट शतक से चार रन से चूक गए लेकिन भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ चौथे और आखिरी क्रिकेट टेस्ट में पहली पारी में 365 रन बनाकर 160 रन की बढत ले ली। 21 वर्ष के खब्बू बल्लेबाज सुंदर ने 174 गेंद में 96 रन बनाए, लेकिन आखिरी तीन विकेट जल्दी गिरने से वह दूसरे छोर पर अकेले रह गए। भारत ने आखिरी तीन विकेट पांच गेंद के भीतर गंवा दिए। बेन स्टोक्स ने 27-4 ओवर में 89 रन देकर चार विकेट लिए।

### भारत आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप तालिका में शीर्ष पर

**दुबई।** भारतीय टीम इंग्लैंड को चौथे और आखिरी टेस्ट मैच में एक पारी और 25 रन से हराकर श्रृंखला 3-1 से जीतने के बाद आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप तालिका के लीग चरण में शीर्ष पर रही। आईसीसी ने ट्वीट किया, इंग्लैंड के खिलाफ जीत के बाद भारत पहली आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप तालिका में लीग चरण में शीर्ष पर रही। भारत के लीग चरण में 12 जीत, चार हार और एक ड्रॉ के बाद 520 अंक रहे। न्यूजीलैंड दूसरे स्थान पर रहा जिसके सात जीत, चार हार के बाद 420 अंक हैं। वहीं आस्ट्रेलिया 332 अंक लेकर तीसरे, इंग्लैंड चौथे और पाकिस्तान पांचवें स्थान पर रहा। जून में फाइनल में लॉर्डस पर भारत का सामना न्यूजीलैंड से होगा।

## जुझारू प्रदर्शन के बावजूद अर्जेंटीना ओपन में हारे नागल

एजेंसी। ब्यूनस आयर्स

**बेखौफ** टेनिस का प्रदर्शन करते हुए भारत के सुमित नागल दुनिया के 46वें नंबर के खिलाड़ी अलबर्ट रामोस विनोलास से करीबी मुकाबले में हारकर अर्जेंटीना ओपन के पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल से बाहर हो गए। निर्णायक सेट में 2-5 से पिछड़ने के बावजूद नागल ने हार नहीं मानी। कई अहम मौकों पर गलतियों का हालांकि उन्हें खामियाजा भुगतना पड़ा और वह दो घंटे 26 मिनट तक चले मैच में 6-4, 2-6, 5-7 से हार गए।

एटीपी टूर पर क्वालीफायर के तौर पर खेलने के बाद यह उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था। इससे उन्हें 45 मुख्य ड्रॉ रैंकिंग अंक मिले और वह विश्व रैंकिंग में 150 से 132वें स्थान पर पहुंच गए। पिछले दौर में उन्होंने दुनिया के 22वें नंबर के खिलाड़ी क्रिस्टियन गारिन को हराया था। नागल ने कहा, इस प्रदर्शन से मेरा आत्मविश्वास बढ़ा है। हाल ही में मैंने शीर्ष 60 में शामिल कई खिलाड़ियों के साथ करीबी मुकाबले खेले हैं। मुझे खुशी है कि इस स्तर पर अच्छा खेल पा रहा हूं। उन्होंने कहा कि वह खुद पर शीर्ष 100 में शामिल होने का दबाव नहीं बना रहे हैं।उन्होंने कहा, मैं बस अच्छा खेलते रहना चाहता हूं। शीर्ष 100 में जगह बनाने का कोई दबाव नहीं ले रहा। देखते हैं कि आगे क्या होता है। नागल को यहां 9240 डॉलर इनामी राशि मिली।

### राष्ट्रमंडल खेलों के पूर्व रजत पदक विजेता जांगड़ा पेशेवर मुक्केबाज बने

**नई दिल्ली।** ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेलों (2014) के रजत पदक और अर्जुन पुरस्कार विजेता मुक्केबाज मंदीप जांगड़ा ने पेशेवर बनने का फैसला किया है और वह 19 मार्च में फ्लोरिडा में अपने पेशेवर कॅरियर का आगाज करेंगे। यह 27 साल का मुक्केबाज सुपर वाल्टरवेट (69 किग्रा भार वर्ग) में चुनौती पेश करेगा जहां उनके विरोधी खिलाड़ी का अभी फैसला नहीं हुआ है। एशियाई चैंपियनशिप (2013) के इस रजत पदक विजेता ने एजेंसी से कहा, मैं पिछले एक साल से पेशेवर बनने की कोशिश कर रहा था और आखिरकार ऐसा हो पाया। मैं 19 मार्च को होने वाले बाउट से पहले अभ्यास के लिए कल अमेरिका के लिए रवाना हो रहा हूं।

## भारतीय सरजमीं पर छठे नंबर पर पंत का शतक सर्वश्रेष्ठ जवाबी-हमला: शास्त्री

एजेंसी। अहमदाबाद

**भारतीय** कोच रवि शास्त्री ने शनिवार को कहा कि ऋषभ पंत का इंग्लैंड के खिलाफ यहां चौथे और अंतिम टेस्ट में मैच का रूख बदलने वाला शतक घरेलू सरजमीं पर छठे नंबर के बल्लेबाज द्वारा सर्वश्रेष्ठ जवाबी-आक्रमण वाली पारी थी। पंत की पारी एहतियात और आक्रामकता का मिश्रण थी, जिसमें उन्होंने 118 गेंदों का सामना करते हुए 101 रन बनाए और इस पारी ने भारत की शनिवार को पारी और 25 रन की जीत में अहम भूमिका अदा की जिससे टीम ने श्रृंखला 3-1 से अपने नाम की। पंत की प्रशंसा करते हुए शास्त्री ने कहा कि इस विकेटकीपर बल्लेबाज की



कड़ी मेहनत ने अब रंग दिखाना शुरू कर दिया है।

उन्होंने कहा कि उसने पिछले तीन चार महीने कड़ी मेहनत की है जिसके नतीजे सामने हैं। मैंने अभी तक किसी भारतीय द्वारा घरेलू सरजमीं पर, विशेषकर छठे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए जब गेंद टर्न कर रही होती है, जो पारियां देखी हैं, उसमें कल की उसकी पारी सर्वश्रेष्ठ जवाबी हमले वाली थी। उन्होंने कहा, हम उसके लिए सख्त रहे थे। कुछ भी आसानी से नहीं मिलता और उन्हें बताया गया कि उन्हें खेल का और ज्यादा सम्मान करना होगा। उसे थोड़ा वजन कम करना पड़ेगा और अपनी विकेटकीपिंग में कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी। शास्त्री ने कहा, हम जानते थे कि उसमें प्रतिभा है। वह सच्चा मैच विजेता है और उसने कर दिखाया। शास्त्री ने कहा कि रोहित शर्मा के साथ बल्लेबाजी करते हुए उसे अपनी बल्लेबाजी में तालमेल बिठना पड़ा। उन्होंने कहा, यह दो चरण की पारी थी। उसने रोहित साथ अपनी प्रकृति के खिलाफ (जो आसान नहीं है) जाकर साझेदारी बनाई और 50 रन बनाने के बाद ही ऐसा किया। उसकी कीपिंग शानदार रही।

## संक्षिप्त समाचार

### क्वितोवा, मुगुरूजा कतर ओपन के फाइनल में

दोहा। पेत्रा क्वितोवा और गारबाइन मुगुरूजा ने कतर ओपन टेनिस के फाइनल में प्रवेश कर लिया। क्वितोवा ने सीधे सेटों में जीत दर्ज की जबकि मुगुरूजा को सेमीफाइनल खेले बिना ही खिताबी मुकाबले में जगह मिल गई। क्वितोवा ने जेसिका पेगुला को 6-4, 6-4 से हराया। पेगुला पिछले महीने आस्ट्रेलियाई ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंची थी। क्वितोवा पिछले साल कतर ओपन के फाइनल में एरिना सबालेंका से हारी थी। वहीं मुगुरूजा को वाकओवर मिला चूंकि विक्टोरिया अजारेंका ने कमर में तकलीफ के कारण नाम वापिस ले लिया।

### विकास, मनीष समेत छह भारतीय मुक्केबाज फाइनल में

**नई दिल्ली।** विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता मनीष कौशिक (63 किलो) और विकास कृष्णन (69 किलो) स्पेन के कास्टेलोन में चल रहे 35वें बाक्सेज अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंच गए। अमेरिका में पेशेवर मुक्केबाजी खेलकर आए विकास ने कजाखस्तान के अबलाइखान जुसुपोव को हराया जबकि मनीष ने फ्रांस के लूनेस हमराउइ को मात दी। दोनों ने अपने मुकाबले 3-2 से जीते। राष्ट्रमंडल खेलों के कांस्य पदक विजेता मोहम्मद हुसमुद्दीन (57 किलो) भी पनामा के ओरलैंडो मार्तिनेज को 4-1 से हराकर फाइनल में पहुंच गए। सुमित सांगवान (81 किलो) ने फ्रांस के रफेल मोनी को 5-0 से हराकर फाइनल में जगह बनाई, जबकि सतीश कुमार (प्लस 91 किलो) ने लिथुआनिया के जोनास जेजेविसियस को 4-1 से हराया। एशियाई रजत पदक विजेता आशीष कुमार ने 75 किलो में रोमानिया के दुमित्रु विकोल को 4-1 से मात दी। महिला वर्ग में सिमरनजीत कौर (60 किलो), पूजा रानी) 75 किलो) और जास्मीन (57 किलो) फाइनल में पहुंच गई। वहीं छह बार की विश्व चैंपियन एमसी मैरीकॉम (51 किलो) कांस्य पदक ही जीत सकी।

### खाचानोव को हराकर सितसिपास सेमीफाइनल में

रोटरडम। दूसरी वरीयता प्राप्त यूनान के स्टेफानोस सितसिपास ने एबीएन एमरो विश्व टेनिस टूर्नामेंट में कारेन खाचानोव को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। सितसिपास ने यह मुकाबला 4-6, 6-3, 7-5 से जीता। वह फरवरी 2020 के बाद से कोई टूर खिताब नहीं जीत सके हैं। अब उनका सामना चौथी वरीयता प्राप्त आंद्रेइ रूबलेव से होगा जिन्होंने क्वालीफायर जेरेमी चार्डी को 7-6, 6-7, 6-4 से मात दी। दूसरे सेमीफाइनल में बोरना कोरिच का सामना मार्टोन फुक्सोविक्स से होगा। कोरिच ने केइ निशिकोरि को 7-6, 7-6 से हराया, जबकि फुक्सोविक्स ने टॉमी पॉल को 6-4, 6-3 से शिकस्त दी।

### श्रीकांत, सात्विक-चिराग स्विस ओपन के सेमीफाइनल में

**बासेल।** पूर्व चैंपियन किदांबी श्रीकांत स्विस ओपन बैडमिंटन पुरुष एकल सेमीफाइनल में पहुंच गए जबकि सात्विक साइराज रांकिरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने भी युगल वर्ग के अंतिम चार में जगह बनाई। दुनिया की दसवें नंबर की जोड़ी सात्विक साइराज और चिराग ने जनवरी में टोयोटा थाईलैंड ओपन में भी सेमीफाइनल में प्रवेश किया था। चौथी वरीयता प्राप्त श्रीकांत ने थाईलैंड के केंटाफोन वांगचारोन को 44 मिनट में 21-19, 21-15 से हराया। वहीं दूसरी वरीयता प्राप्त चिराग और सात्विक ने पांचवीं वरीयता प्राप्त ओंग यू सिन और टियो ई यि को 12-21, 21-19, 21-12 से मात दी। दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी श्रीकांत इससे पहले नवंबर 2019 में हांगकांग सुपर 500 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचे थे। अब उनका सामना शीर्ष वरीयता प्राप्त और दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी डेनमार्क के विक्टर एक्सेलसेन से होगा। सात्विक और चिराग छठी वरीयता प्राप्त डेनमार्क के किम एस्ट्रूप और एंडर्स स्कार्प से खेलेंगे। ओलंपिक रजत पदक विजेता पी वी सिंधु का सामना चौथी वरीयता प्राप्त डेनमार्क की मिया ब्लिचफेल्ट से होगा।

### सिंधु स्विस ओपन के फाइनल में

बासेल। ओलंपिक रजत पदक विजेता पी वी सिंधु ने शनिवार को यहां शानदार प्रदर्शन करते हुए डेनमार्क की मिया ब्लिचफेल्ट के खिलाफ सीधे गेम में जीत दर्ज की और स्विस ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल फाइनल में जगह बनाई। मौजूदा विश्व चैंपियन सिंधु ने चौथी वरीयता प्राप्त मिया को 43 मिनट में 22-20 21-10 से शिकस्त दी और जनवरी में योनेक्स थाईलैंड ओपन में दुनिया की 12वें नंबर की खिलाड़ी से पहले दौर में मिली हार का बदला चुकता किया। सिंधु 2019 में यहां विश्व चैंपियनशिप के बाद पहले फाइनल में पहुंची हैं। पूर्व चैम्पियन किदाम्बी श्रीकांत शुक्रवार को पुरूष एकल सेमीफाइनल में पहुंच गए जबकि सात्विक साइराज रांकिरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने भी युगल वर्ग के अंतिम चार में जगह बनाई।

## दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू श्रृंखला से विश्वकप की तैयारी शुरू करेगी महिला टीम

एजेंसी। लखनऊ

**पिछले** 12 महीने से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से दूर भारतीय महिला टीम रविवार से यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरू हो रही पांच मैचों की श्रृंखला के जरिए एक दिवसीय विश्वकप की तैयारियों का आगाज करेगी। दक्षिण अफ्रीकी टीम ने पिछले महीने ही पाकिस्तान के खिलाफ घरेलू श्रृंखला खेली है। वहीं भारत ने आखिरी बार आठ मार्च 2020 को खेला था, जब टी-20 विश्वकप के फाइनल में उसे आस्ट्रेलिया ने मात दी थी। कोरोना काल में पृथकवास प्रोटोकॉल के कारण दोनों टीमों दो ही दिन अभ्यास कर सकी हैं।

### टीमें

**मैच का समय : सुबह नौ बजे से।**

**भारत :** मिताली राज (कप्तान), स्मृति मंधाना, जेमिमा रौद्रिगेज, पूनम राउत, प्रिया पूनिया, यस्तिका भाटिया, हरमनप्रीत कौर, डी हेमलता, दीप्ति शर्मा, सुषमा वर्मा, श्वेता वर्मा, राधा यादव, राजेश्वरी गायकवाड़, झूलन गोस्वामी, मानसी जोशी, पूनम यादव, सी प्रत्युषा, मोनिका पटेल।

**दक्षिण अफ्रीका :** सुने लूज (कप्तान), अयाबोंगा खाका, शबनम इस्माइल, लौरा वोल्वार्ट, तृषा शेट्टी, सिनालो जाफ्टा, तसमीन ब्रिज, मारिजेन काप, नोंडुमिसो एस, लिजेले ली, एनेके बॉश, फाए टी, एन एमलाबा, मिगनोन डु प्रीज, एन डे क्लेर्क, लारा गुडॉल, टुमी एस।

कोरोना के बीच भी इंग्लैंड, आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की टीमों ने लगातार क्रिकेट खेला है जबकि भारतीय टीम विश्वकप की तैयारियों में पिछड़ गई। नई चयन समिति ने पांच वनडे और तीन टी-20 मैचों की श्रृंखला के लिए छह नए चेहरों को टीम में जगह दी है। शिखा पांडे, तानिया भाटिया और वेदा कृष्णमूर्ति को टीम में जगह नहीं मिली। वहीं टी-20 स्टार शेफाली वर्मा का वनडे टीम में चयन नहीं होने से भी सवाल खड़े हुए हैं। रविवार को सौवां वनडे खेलने जा रही टी-20 कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा, यह लंबा ब्रेक था, लेकिन कई चीजें आपके हाथ में नहीं होती।

## माटेओ पेलिकोन कुश्ती: सरिता को रजत, कुलदीप को कांस्य

एजेंसी। नई दिल्ली

**भारत** की सरिता मोर ने रोम में चल रही माटेओ पेलिकोन रैंकिंग कुश्ती सीरिज में रजत पदक जीता जबकि कुलदीप मलिक को कांस्य पदक मिला। भारतीय पहलवानों ने शुक्रवार को ग्रीको रोमन वर्ग में तीन पदक जीते जिससे भारत के कुल पदकों की संख्या पांच हो गई। एशियाई चैंपियन सरिता ने क्वार्टर फाइनल में कजाखस्तान की अल्तीने एस को 57 किलो वर्ग में 4-1 से हराया।

इसके बाद सेमीफाइनल में एम्मा तिसिना को मात दी। वह फाइनल में बुल्गारिया की जियुलिया पेनालबेर से 2-4 से हार गई। इसी भारवर्ग में भारत की अंशु मलिक को पेनालबेर ने सेमीफाइनल में 10-7 से हराया। वह कांस्य पदक के मुकाबले में इटली की फ्रांसिस्का इंडेलिकैटो से हार गई। वहीं 68 किलो वर्ग में निशा क्वालीफायर में ही हारकर बाहर हो गई। ओलंपिक 2016 चैंपियन कजाखस्तान की एलमिरा एस ने क्वार्टर फाइनल में भारत की किरण को 10-3 से मात दी। पुरुषों में कुलदीप मलिक ने 2014 के विश्व चैंपियन रूस के चिंगिज लाबाजानोव को 10-9 से हराया। पिछले साल के स्वर्ण पदक विजेता गुरप्रीत सिंह को 82 किलो वर्ग के क्वालीफिकेशन दौर में अमेरिका के रिचर्ड पर्किंस ने 12-11 से हरा दिया।

## वेस्टइंडीज टीम को 43 रन से हराकर श्रीलंका ने श्रृंखला में बराबरी की

एजेंसी। कूलिज (एंटीगा)

**अपने** स्पिनरों के शानदार प्रदर्शन के दम पर श्रीलंका ने दूसरे टी-20 क्रिकेट मैच में वेस्टइंडीज को 43 रन से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में 1-1 से बराबरी कर ली। श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 160 रन बनाए। जवाब में वेस्टइंडीज की टीम 18-4 ओवर में 117 रन पर आउट हो गई। वानिंदुदु हसरंगा, अकिला धनंजय और धनुष्क गुणतिलका ने मिलकर आठ विकेट लिए।

श्रीलंका ने धीमी पिच पर चार स्पिनरों को टीम में जगह दी और उसकी यह रणनीति कारगर साबित



हुई। वेस्टइंडीज के विकेट नियमित अंतराल पर गिरते रहे और उसके बल्लेबाज खुलकर खेल ही नहीं सके। श्रृंखला के पहले मैच में हैट्रिक बनाने के बाद एक ही ओवर में छह छक्के देने वाले धनंजय ने चार ओवर में 13 रन देकर एक विकेट लिए। बाएं हाथ के स्पिनर लक्षण संदाकन ने 3-4 ओवर में 14 रन देकर तीन विकेट लिए जिसमें कैरेबियाई कप्तान कीरोन पोलार्ड (13) का विकेट शामिल था। पोलार्ड ने पिछले मैच में एक ओवर में छह छक्के लगाए थे और यह कारनामा अंतरराष्ट्रीय मैच में करने वाले वह युवराज सिंह और हर्शल गिब्स के बाद तीसरे बल्लेबाज बने। वह हालांकि इस प्रदर्शन को यहां नहीं दोहरा सके। हसरंगा ने 17 रन देकर तीन विकेट लिए और नाबाद 19 रन भी बनाए जो मैन आफ द मैच चुने गए। श्रीलंका के कप्तान एंजेलो मैथ्यूज ने इससे पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी का सही फैसला लिया। गुणतिलका और पाथुम नासिंका ने पहले विकेट के लिए 95 रन जोड़े। निसांका ने 37 रन बनाए और गुणतिलका ने 35 गेंद में अर्धशतक जड़ा।

## यह विश्वकप के लिए तैयारी शुरू करने का समय: मिताली

एजेंसी। लखनऊ

**भारतीय** महिला वनडे टीम की कप्तान मिताली राज ने शनिवार को कहा कि पिछले एक साल से मैच में नहीं खेलना खिलाड़ियों के लिए कोई मुद्दा नहीं होगा और वे दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीमित ओवर की श्रृंखला में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने को तैयार है क्योंकि टीम अपनी विश्वकप की तैयारियां शुरू कर रही है। भारत को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में रविवार से पांच मैचों की वनडे श्रृंखला खेलनी है, जिसके बाद तीन टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले जाएंगे। कोविड-19 महामारी के ब्रेक के बाद यह भारतीय टीम की पहली श्रृखंला होगी।

दक्षिण अफ्रीकी टीम पिछले महीने घरेलू श्रृंखला में पाकिस्तान पर वनडे में 3-0 और टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 2-1 की जीत दर्ज करने के बाद यहां खेलेगी। वहीं भारतीय टीम ने पिछला मैच आठ मार्च 2020 को खेला था, जिसमें उन्हें टी-20 विश्वकप फाइनल में आस्ट्रेलिया से हार मिली थी। मिताली ने यहां पहले वनडे की पूर्व संध्या पर आयोजित वर्चुअल प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, उन्हें गेम टाइम मिल चुका है, लेकिन हम एक अंतराल के बाद खेल रहे हैं। लेकिन ऐसा कहने का मतलब है कि हमने निश्चित रूप से खुद की ट्रेनिंग में काफी प्रयास किए हैं, संक्षिप्त शिविर में भी हिस्सा लिया और यहां चार दिन के सत्र में ट्रेनिंग की। उन्होंने कहा, ऐसा नहीं है कि हमने बिल्कुल अभ्यास नहीं किया है।

## टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण के 50 साल पूरे होने पर गावस्कर का सम्मान

एजेंसी। अहमदाबाद

**भारत** के पूर्व कप्तान और महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर को टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण के 50 साल पूरे होने पर शनिवार को यहां सम्मानित किया गया। 71 वर्ष के पूर्व कप्तान को बीसीसीआई सचिव जय शाह ने भारत और इंग्लैंड के बीच चौथे क्रिकेट टेस्ट के तीसरे दिन लंच ब्रेक में स्मृति स्वरूप कैप प्रदान की। बीसीसीआई ने ट्वीट किया, टीम इंडिया के पूर्व कप्तान और महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर के टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण के 50 साल आज पूरे होने का जश्न।

शाह ने अपने ट्विटर हैंडल पर भी इसकी तस्वीर डाली। उन्होंने लिखा, सुनील गावस्कर जी के भारत के लिए टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण के 50 साल पूरे होने का जश्न। सभी भारतीयों के लिए यह बड़ा पल और हम दुनिया के सबसे बड़े नरेंद्र मोदी स्टेडियम में इसका जश्न मना रहे हैं। गावस्कर ने 1971 से 1987 के बीच भारत के लिए 125 टेस्ट और 108 वनडे खेलकर क्रमशः 10122 और 3092 रन बनाए। वह 1983 की विश्वकप विजेता टीम के भी सदस्य थे। सचिन तेंदुलकर ने 2005 में सर्वाधिक टेस्ट शतक का उनका रिकॉर्ड तोड़ा। गावस्कर ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पदार्पण मैच में पहली पारी में 65 और दूसरी में 67 रन बनाए थे। भारत ने वह मैच और श्रृंखला दोनों जीते।

गांगुली ने ट्वीट किया, यह दिन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सुनील गावस्कर के पदार्पण के 50 साल पूरे होने का और 1971 की टीम के लिए काफी अहम है। उन्होंने जो भारतीय क्रिकेट के लिए किया है, आज उन्हें फिर से बधाई देने का समय है। यह खेल आज इतना मजबूत इसलिए है क्योंकि उन्होंने तब सभी विपरीत परिस्थितियों के खिलाफ इसकी शुरुआत की थी।

मुख्य कोच रवि शास्त्री ने कहा कि विश्व स्तरीय सलामी बल्लेबाज के अलावा गावस्कर खेल के महान दूत भी हैं। उन्होंने कहा, खेल में 50 साल पूरा करने के लिए बधाई, यह सचमुच काफी समय है। कोई भी उन 1971 के दिनों को नहीं भूल सकता जब आपने विश्व पटल पर विश्व स्तरीय सलामी बल्लेबाज के तौर पर पदार्पण किया था। विश्व कप विजेता कप्तान कपिल देव ने कहा कि उन्हें फक्र महसूस होता है कि वह उनके साथ खेले। उन्होंने कहा, मेरे नायक, मुझे गर्व है, भाग्यशाली और खुश हूं कि आपके साथ खेला और काफी कुछ सीखा, सचमुच पेशेवर खिलाड़ी।



### तेंदुलकर बोले, गावस्कर हमेशा मेरे हीरो रहेंगे

**मुंबई।** दुनिया के लाखों करोड़ों क्रिकेटप्रेमियों के नायक सचिन तेंदुलकर के प्रेरणास्रोत भारत के लिटिल मास्टर सुनील गावस्कर रहे हैं और वह हमेशा से उनकी तरह बनना चाहते थे। वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में गावस्कर के पदार्पण के 50 साल पूरे होने पर तेंदुलकर ने ट्विटर पर यह बात लिखी। उन्होंने लिखा, 50 साल पहले आज के दिन क्रिकेट की दुनिया में एक तूफान आया था। उन्होंने अपनी पहली ही श्रृंखला में 774 रन बनाए और हम सभी को एक हीरो मिल गया। उन्होंने कहा, भारत ने वेस्टइंडीज में वह श्रृंखला जीती और फिर इंग्लैंड में जीत दर्ज की। अचानक से भारत में क्रिकेट को नए मायने मिल गए। मैं बचपन से यह जानता था कि मुझे किसके जैसा बनना है। आज भी कुछ नहीं बदला है। वह मेरे हीरो आज भी हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 50 वीं सालगिरह मुबारक हो गावस्कर। अजित वाडेकर की कप्तानी में भारत ने वेस्टइंडीज को 1-0 से और फिर इंग्लैंड को हराया था। तेंदुलकर ने कहा, 1971 टीम के सभी सदस्यों को सालगिरह मुबारक। आप सभी ने हमें रास्ता दिखाया और गौरवान्वित किया।

**दुनिया के मैनचेस्टर पर औद्योगिक नगरी फरीदाबाद की एक अलग ही पहचान है। देश के विकास में अहम योगदान देने वाले एक से बढ़कर एक व्यवसायियों और उद्योगपतियों की शहर में कमी नहीं है। इन्हीं में शामिल स्लैजहेमर ऑयल टूल्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के एमडी प्रदीप मोहंती ने हाल ही में एक एयरक्राफ्ट खरीद कर औद्योगिक नगरी का गौरव बढ़ाने का काम किया है।**

# शहर का पहला हवाई जहाज

# अंगदान के लिए देगा नि:शुल्क सेवाएं





## स्लैजहेमर ग्रुप ने धर्मार्थ और बिजनेस को बढ़ावा देने के लिए खरीदा एयरक्राफ्ट

राजेश दास। फरीदाबाद

**अपनी** मेहनत और लगन के दम पर अथाह धन संपत्ति कमाने वाले व्यवसायी, उद्यमी और बॉलीवुड एक्टर्स की भारत में कोई कमी नहीं है, लेकिन मेहनत से कमाया गया धन पराक्रम और धर्मार्थ के लिए खर्च करने वाला लाखों में कोई एक व्यक्ति होता है। इन्हीं खास लोगों में शामिल हैं स्लैजहेमर ग्रुप के प्रबंधन निदेशक प्रदीप मोहंती। मोहंती समाज के कल्याण के लिए वर्षों काम करते आ रहे हैं। प्रदीप मोहंती अब फरीदाबाद के पहले और हरियाणा के दूसरे ऐसे उद्यमी बन गए हैं, जिनके पास अपना प्राइवेट एयरक्राफ्ट (हवाई जहाज) मौजूद है। यह एयरक्राफ्ट उन्होंने सिर्फ अपने बिजनेस को बढ़ावा के लिए ही नहीं खरीदा है, बल्कि वे इस एयरक्राफ्ट का इस्तेमाल धर्मार्थ के कार्यों में भी नि:शुल्क करेंगे। अंगदान के लिए स्लैजहेमर ऑयल टूल्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के इस एयरक्राफ्ट की नि:शुल्क सेवाएं जरूरतमंद व्यक्ति ले सकते हैं। ***प्रदीप मोहंती ने बताया कि हमें विमान के चयन, खरीदने, कागजी कार्रवाई और अन्य सभी औपचारिकताएं पूरी करने में कंसल्टेंट कंपनी एयर लक्सिस के एमडी मनदीप संधू ने अहम भूमिका निभाई है।***



### औद्योगिक नगरी का बढ़ा गौरव

दुनिया के मैनचेस्टर पर औद्योगिक नगरी फरीदाबाद की एक अलग ही पहचान है। देश के विकास में अहम योगदान देने वाले एक से बढ़कर एक व्यवसायियों और उद्योगपतियों की शहर में कमी नहीं है। इन्हीं में शामिल हैं स्लैजहेमर ऑयल टूल्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के एमडी प्रदीप मोहंती। जिन्होंने हाल ही में एक एयरक्राफ्ट खरीद कर औद्योगिक नगरी का गौरव बढ़ाने का काम किया है। हरियाणा प्रदेश का यह दूसरा प्राइवेट एयरक्राफ्ट है। इससे पहले प्रदेश में एक मात्र प्राइवेट एयरक्राफ्ट था।

### धर्मार्थ कार्यों की लंबी लिस्ट

फरीदाबाद सिर्फ उद्योगों के लिए ही नहीं बल्कि यहां लोगों के पराक्रम की वजह से भी पहचाना जाता है। शहर में पहली बार किसी उद्योगपति प्रदीप मोहंती ने एयरक्राफ्ट खरीदने का पराक्रम दिखा कर औद्योगिक नगरी को नई पहचान देने काम किया है। स्लैजहेमर ग्रुप और प्रदीप मोहंती द्वारा समाज कल्याण के लिए किए जाने वाले कार्यों की लंबी लिस्ट है। लॉकडाउन शुरू होते ही स्लैजहेमर ग्रुप ने जिला प्रशासन को एक एंबुलेंस भेंट कर कल्याणकारी काम किया था। यह एंबुलेंस बीके अस्पताल और पुलिस कंट्रोलरूम के साथ जुड़कर प्रतिदिन बीमार और घायलों को अस्पताल पहुंचाने का काम कर रही है। एंबुलेंस के डीजल और चालक के वेतन का खर्च भी कंपनी द्वारा उठाया जाता है। स्लैजहेमर फाउडेशन द्वारा गरीब बच्चों के लिए निशुल्क स्कूल चलाया जाता रहा है। जहां गरीब बच्चों की शिक्षित करने के साथ युवतियों और महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए सिलाई कढ़ाई, ब्यूटीशियन और अन्य कई तरह के कामों का प्रशिक्षण दिया जाता है। देश को होनहार खिलाड़ी देने के लिए स्लैजहेमर द्वारा ग्रेटर फरीदाबाद में अत्याधुनिक क्रिकेट अकादमी चलाई जा रही है। जहां बेटियों को क्रिकेट का नि:शुल्क प्रशिक्षण दिया जाता है। यह शहर का एक मात्र ऐसे क्रिकेट स्टेडियम है, जहां दिन रात मैच खेला जा सकता है।

### अब धर्मार्थ में एयरक्राफ्ट

स्लैजहेमर ऑयल टूल्स बेशक इस हवाई जहाज का इस्तेमाल अपने बिजनेस को बढ़ावा देने के लिए करेगी, लेकिन यहां भी कंपनी के एमडी प्रदीप मोहंती समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी को नहीं भुलाया है। मोहंती द्वारा इस एयरक्राफ्ट का इस्तेमाल समाज की भलाई के लिए भी करेंगे। ह्दय, किडनी, लिवर और मानव शरीर के कई ऐसे अंग हैं, जो मृत्यु के बाद अथवा मस्तिष्क के मृत हो जाने पर किसी अन्य गंभीर मरीज की जान बचा सकते हैं, लेकिन इन अंगों को जरूरतमंद व्यक्ति तक पहुंचाना का समय काफी कम और निश्चित होता है। समय पर अंग न पहुंच पाने वह ट्रांसप्लांट योग्य नहीं रह जाते। इस बात को ध्यान रखते हुए मोहंती ने एक से दूसरे शहर में अंग पहुंचाने के लिए एयरक्राफ्ट की नि:शुल्क सेवाएं देने का निर्णय लिया है।

### पूरा हुआ सपना



स्लैजहेमर ऑयल टूल्स प्राइवेट लिमिटेड के एमडी प्रदीप मोहंती ने बताया कि मैंने 1994 में जो सपना देखा तो वह अब पूरा हुआ है। मैं देश के युवाओं को कहना चाहूंगा कि यदि लगन और मेहनत के साथ काम किया जाए तो दुनिया में कोई भी ख्वाब पूरा करना मुश्किल नहीं हैं। हम इस विमान की मदद से बिजनेस को बढ़ावा देने के साथ धर्मार्थ का कार्य तो करेंगे ही। साथ अब परिवार और दोस्तों के साथ देश के कोने-कोने की यात्रा करने का लुत्फ भी उठा सकेंगे।

### नई सोच के साथ आगे बढ़ेंगे



स्लैजहेमर ऑयल टूल्स प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक प्रवीण मोहंती का कहना है कि वर्तमान में ऑयल और गैस इंडस्ट्रीज पिछड़ रही है। कोरोना की वजह से भी नुकसान हुआ है, लेकिन हम यही सोच कर बैठे रहे तो और पिछड़ जाएंगे। नई सोच के साथ आगे बढ़ने के लिए ही कंपनी ने एयरक्राफ्ट खरीदा है। इससे बिजनेस भी बढ़ेगा और धर्मार्थ का काम भी किया जाएगा।

### हमेशा से कल्याणकारी सोच



स्लैजहेमर ऑयल टूल्स लिमिटेड के निदेशक अंकुर कौशिक का कहना है कि कंपनी की हमेशा से जरूरतमंदों का कल्याण करने की सोच रही है। इसी पर आगे बढ़ते हुए कंपनी ने एयरक्राफ्ट खरीदा है। अंगदान जैसे कल्याणकारी काम के लिए कंपनी नि:शुल्क हवाई सेवा देगी। साथ ही इसकी मदद से बिजनेस के क्षेत्र में भी आगे बढ़ने का प्रयास जारी रहेगा।

## देश का पहला DA–62 विमान



**स्लैजहेमर** कंपनी द्वारा खरीदा गया एयरक्राफ्ट दुनिया के बेहतरीन विमानों में से एक है। ऑस्ट्रिया और यूके बेस्ड कंपनी द्वारा बनाए गए इस विमान को दुनिया में DA – 62 डायमंड के नाम से जाना जाता है। DA – 62 भारत में लाया गया पहला विमान है। यह डबल इंजन विमान कार्बन फाइवर से बना हुआ है। विमान में दो पायलट और पांच यात्री सफर कर सकते हैं। 21 हजार फुट की ऊंचाई तक उड़ने वाला डबल इंजन विमान एक बार में 2400 किलोमीटर की यात्रा करने में सक्षम है। दुनिया के सबसे रफ-टफ माने जाने वाले इस विमान में कंट्रोल सिस्टम GARMIN 1000 NG (Next generation) लगा हुआ है। ऑटो पायलट विमान पूरी तरह यूजर फ्रेंडली है। अन्य विमानों के मुकाबले इसे उड़ाना काफी आसान है। कंपनी विमान की बॉडी की 75 साल की गारंटी देती है। लेकिन 2000 किलोमीटर की उड़ान के बाद इंजन की ओवरहोलिंग करवानी जरूरी है। 375 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से उड़ने वाले DA – 62 विमान में ऑक्सीजन सिस्टम और जीपीआरएस सिस्टम लगा हुआ है।



### उड़ान का पुराना शौक

स्लैजहेमर ऑयल टूल्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के एमडी प्रदीप मोहंती खुद भी एक बेहतरीन पायलट हैं। उन्होंने वर्ष 1994 में फ्लाइंग करनी शुरू की थी। मोहंती उस दौरान दिल्ली के सफदरजंग एयरपोर्ट से फ्लाइंग करते थे। उनके पास विमान उड़ाने का लाइसेंस भी मौजूद था, लेकिन उसी दौरान पारिवारिक कारणों से उन्हें फ्लाइंग छोड़कर अपने पिता केसी मोहंती के व्यापार में हाथ बंटाना शुरू किया। बिजनेस के क्षेत्र में भी वे अपनी मेहनत के बल पर लगातार ऊंची उड़ान भरते रहे। उन्होंने इस कदर मुकाम हासिल किया वे अपना विमान खरीदने वाले शहर के पहले उद्योगपति बने। अब दोबारा वे पिछले करीब एक साल से हैदराबाद और अलीगढ़ में फ्लाइंग कर रहे थे।

### जटिल कागजी कार्यवाही

स्लैजहेमर ग्रुप के एमडी प्रदीप मोहंती का कहना है कि विमान खरीदने की अनुमति उन्होंने भारत सरकार से ली है, लेकिन अनुमति लेने के लिए कंपनी को लंबी और कष्टदाई प्रक्रिया से गुजरना पड़ा। इस कागजी कार्यवाही को पूरा करने में कंपनी को एक साल का समय लग गया। जबकि प्रधानमंत्री मोदी के उड़ान के सपने को पूरा करने के लिए इस प्रक्रिया को सरल बनाने की जरूरत है। देश और फरीदाबाद में विमान खरीदने की क्षमता अनेक लोगों के पास है, लेकिन लंबी कागजी कार्यवाही की वजह से कोई हिम्मत नहीं जुटा पाता। जबकि अन्य देशों में विमान खरीदने की बेहद सरल प्रक्रिया है। यूएसए जैसे देशों में काफी संख्या में लोग प्राइवेट विमान का इस्तेमाल करते हैं। देश में फिलहाल निजी विमानों की संख्या करीब 75 के आसपास है। इनमें से 20 विमान फिलहाल उड़ने की स्थिति में नहीं है।

